✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 120 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, शुक्रवार, 25 सितम्बर 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



सीएम सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री राहत कोष में अपने एक माह के वेतन का चेक देते पूर्व सीएम एवं सांसद नीतीश कुमार

## बिहार में दवाओं एवं चिकित्सा सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बनी इंडेंट रिव्यू कमिटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय सामग्रियों, कंज्यूमेबल्स और री-एजेंट्स की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति ने बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर इंडेंट रिव्यू एवं कन्फर्मेशन कमेटी का गठन किया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं और अन्य आवश्यक चिकित्सा सामग्रियों की वास्तविक जरूरत का सही आकलन करना है। अब दवाओं की मांग केवल पुराने उपयोग या उपलब्ध स्टॉक के आधार पर तय नहीं की जाएगी। इसके लिए मरीजों की संख्या, ओपीडी, आईपीडी और इमरजेंसी में मरीजों का दबाव, मौसमी बीमारियां, क्षेत्र विशेष में बीमारियों की स्थिति, विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं, उपलब्ध दवाओं का मौजूदा स्टॉक और सप्लाई की स्थिति जैसे पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाएगा। राज्य स्वास्थ्य समिति की नई व्यवस्था पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य दवा आपूर्ति प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जरूरत आधारित और जवाबदेह बनाना है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं और आवश्यक चिकित्सा सामग्रियों की उपलब्धता को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे मरीजों को समय पर आवश्यक दवाएं मिलेंगी, साथ ही मांग, आपूर्ति और स्टॉक प्रबंधन की प्रक्रिया व्यवस्थित होगी।



- अब प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर दवाओं और चिकित्सकीय सामग्रियों की मांग का होगा वास्तविक और पारदर्शी आकलन
- दवाओं की कमी, अनावश्यक ओवरस्टॉक और एक्सपायरी दवा पर लगेगी रोक
- दवा आपूर्ति व्यवस्था होगी अधिक पारदर्शी और जवाबदेह, मरीजों को समय पर मिलेगी जरूरी दवाएं : निशांत

वहीं, इस व्यवस्था से अस्पतालों में जरूरी दवाओं की कमी यानी स्टॉक-आउट की स्थिति को रोकने, आवश्यकता से अधिक दवाओं की खरीद से बचने और दवाओं के एक्सपायर होने के कारण होने वाली बर्बादी को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही सरकारी संसाधान का बेहतर उपयोग करते हुए मरीजों को समय पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित कराया जायेगा। आदेश के अनुसार स्वास्थ्य संस्थानों के लिए दवाओं की मांग सरकार द्वारा स्वीकृत इडीएल के अनुसार तैयार की जाएगी। कमेटी वास्तविक खपत, वर्तमान स्टॉक, एक्सपायरी के करीब पहुंच चुकी दवाओं, सप्लाई में मौजूद दवाओं और खरीद प्रक्रिया में लंबित मात्रा की समीक्षा करेगी। मरीजों की संख्या, मौसमी बदलाव, स्थानीय बीमारी के पैटर्न तथा नई स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जरूरतों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। प्रखंड स्तर पर गठित कमेटी हर महीने एक से 10 तारीख के बीच दवाओं की मांग का सत्यापन करेगी। इस कमेटी की अध्यक्षता संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी करेंगे। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सदस्य सचिव होंगे जबकि प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक तथा फार्मासिस्ट सदस्य होंगे। सत्यापन के बाद दवाओं की मांग डीवीडीएमएस पोर्टल पर दर्ज की जाएगी और चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी द्वारा उसे अनुमोदित किया जाएगा। जिला स्तर पर कमेटी की अध्यक्षता सिविल सर्जन करेंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सदस्य सचिव होंगे तथा जिला स्टोर के चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी और फार्मासिस्ट इसके सदस्य होंगे। जिला स्तरीय कमेटी की बैठक प्रत्येक महीने 11 से 15 तारीख के बीच होगी। यदि पिछली तिमाही की औसत खपत की तुलना में किसी दवा की मांग में करीब 20 से 25 प्रतिशत या उससे अधिक असामान्य वृद्धि पाई जाती है तो कमेटी उसके कारणों की समीक्षा करेगी। राज्य स्तर पर भी इंडेंट रिव्यू कमेटी गठित की गई है जिसमें राज्य स्वास्थ्य समिति और बिहार चिकित्सा (शेष पृष्ठ 10 पर)

मुख्यमंत्री ने की गंगा, गंडक एवं कोसी नदी समेत कई परियोजनाओं की समीक्षा

## कृषि फीडरों के सोलराइजेशन का कार्य तेजी से करें पूरा : सम्राट


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को गंगा, गंडक एवं कोसी नदी परियोजना, बक्सर-भागलपुर ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना, 2400 मेगावाट पीरपैंती प्लांट तथा पीएम कुसुम योजना से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुयी। बैठक में बाढ़ प्रबंधन, सड़क संपर्क तथा सौर ऊर्जा से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कोसी नदी प्रणाली की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कोसी एक गतिशील एवं आपस में जुड़ी हुई नदी प्रणाली है। इसके प्रबंधन के लिए केवल वार्षिक बाढ़



प्रतिक्रिया तक सीमित रहने के बजाय दीर्घकालिक बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण की रणनीति के तहत कार्य किया जाए। उन्होंने कोसी क्षेत्र को लोगों, संपत्तियों और कनेक्टिविटी से जुड़े बहु-जिला नदी गलियारे के रूप में देखते हुए समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने गाद प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा नए बैराज के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। गंडक नदी से संबंधित योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने तटबंधों पर सोलर प्लांट लगाने की दिशा में भी कार्य करने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान बक्सर-भागलपुर सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे की प्रगति पर चर्चा हुई। इस परियोजना की कुल लंबाई 348.196 किलोमीटर है, जिसमें 336.205 किलोमीटर बिहार तथा लगभग 12 किलोमीटर उत्तर प्रदेश में है। मुख्यमंत्री ने इसके अतिरिक्त गंगा-अंबिका पथ (बिदुपुर-दिघवारा), नारायणी पथ (दरिहारा-डुमरिया घाट) और विश्वामित्र पथ (बक्सर-आरा-मनेर) से संबंधित परियोजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान पीरपैंती तापीय विद्युत परियोजना की प्रगति पर चर्चा हुई। इस परियोजना की क्षमता 2400 मेगावाट है। इसके साथ ही बांका तापीय विद्युत (शेष पृष्ठ 10 पर)

## नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में सौंपा अपने एक माह के वेतन का चेक



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 7 सर्कुलर रोड स्थित आवास जाकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री नीतीष कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अपने एक माह का वेतन का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा। विधान पार्षद ललन सर्राफ ने भी मुख्यमंत्री को अपने एक माह के वेतन का चेक सौंपा। मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार को राज्य में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति और किये गये राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी और विचार-विमर्श किया।

## डीटीओ कार्यालय का डाटा एंट्री ऑपरेटर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सुपौल।** जिला मुख्यालय स्थित जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) में गुरुवार को निगरानी विभाग की टीम ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए डाटा एंट्री ऑपरेटर नंदलाल कुमार को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। नंदलाल पर गाड़ी का बिहार नंबर कराने के लिए आवेदन के निष्पादन के बदले रिश्वत मांगने का आरोप था। यह कार्रवाई ललितग्राम थाना क्षेत्र के मधुबनी निवासी मो. अजहर अली की शिकायत पर की गई। निगरानी विभाग के डीएसपी विंध्याचल प्रसाद ने बताया कि मोहम्मद अजहर अली ने अपनी गाड़ी के लिए बिहार का नंबर लेने के लिए डीटीओ कार्यालय में आवेदन दिया था। आरोप है कि आवेदन के निष्पादन के एवज में डाटा एंट्री ऑपरेटर नंदलाल कुमार ने उनसे 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। परिवादी रिश्वत नहीं देना चाहते थे। इसके बाद उन्होंने निगरानी विभाग में शिकायत की। विभागीय स्तर पर शिकायत का सत्यापन कराया गया जिसमें रिश्वत मांगने का आरोप सही पाया गया। रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद निगरानी विभाग ने ट्रैप की योजना बनाई। इसके लिए टीम का गठन किया गया। गुरुवार को टीम डीटीओ कार्यालय पहुंची और तय योजना के तहत कार्रवाई शुरू की। टीम ने परिवादी से 15 हजार रुपए रिश्वत लेते नंदलाल कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी विंध्याचल प्रसाद ने बताया कि तत्काल कार्रवाई में कोई अन्य व्यक्ति शामिल नहीं पाया गया है। निगरानी एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पटना के पुलिस उपाधीक्षक विंध्याचल प्रसाद समेत टीम के अधिकारी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी है।

## बरगद का पेड़ गिरने से तीन स्कूली बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के चकबेदौलिया गांव में गुरुवार को बारिश के बीच एक पुराना बरगद का पेड़ अचानक भरभराकर गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पेड़ के नीचे दबे बच्चों को निकालने के लिए बचाव कार्य शुरू किया। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। तीन बच्चों की मौत की जानकारी मिलते ही उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। गांव में चीख-पुकार के बीच मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार लगातार बारिश के दौरान गांव में स्थित पुराना बरगद का पेड़ अचानक गिर गया। जिस समय पेड़ गिरा, उसकी चपेट में तीन बच्चे आ गए। देखते ही देखते बच्चे पेड़ और उसकी भारी शाखाओं के नीचे दब गए। हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने तक का मौका नहीं मिला। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे।

## अखबार बिहार के विकास में निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका : श्रवण कुमार

बिहार समाचार पत्र प्रकाशक-संपादक संघ ने सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री का किया अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के विभिन्न भागों से प्रकाशित होने वाले अखबार राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और जनता तथा सरकार के बीच संवाद के सेतु के रूप में काम कर रहे हैं। ये बातें ग्रामीण विकास सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार समाचार पत्र प्रकाशक-संपादक संघ के प्रतिनिधिमंडल से विभागीय कार्यालय कक्ष में मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय अखबार चाहे बड़े स्तर के हों, छोटे स्तर के या मझोले स्तर के,



सभी बिहार के विकास में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। सरकार की नीति बिहार में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों को प्रोत्साहित करने की है। साथ ही सरकार चाहती है कि राज्य में खुले संवाद का वातावरण कायम हो जिससे जनता की समस्याओं को समझकर अधिक पारदर्शी तरीके से सेवा की जा सके। श्री कुमार ने कहा कि बिहार सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में समाचार पत्रों, विशेषकर राज्य के विभिन्न भागों से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न भागों से प्रकाशित होने वाले अखबार बिहार की सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय सरोकारों को सामने लाते हैं। साथ ही उन्हें जमीनी समस्याओं की बेहतर समझ होती है। सरकार समाचार पत्रों के इस महत्व को समझती है और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर बिहार समाचार पत्र प्रकाशक-संपादक संघ के संयोजक कमल किशोर ने संघ की ओर से मंत्री श्रवण कुमार का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री श्रवण कुमार के कार्यकाल में समाचार पत्रों और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। इससे समाचार पत्र (शेष पृष्ठ 10 पर)

## मुख्यमंत्री आज करेंगे पितृपक्ष मेले का उद्घाटन

**गया जी(नबिटा ब्यूरो)।** गया जी और पुनपुन में 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध 17 दिवसीय पितृपक्ष मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल गया जी में इस ऐतिहासिक मेले का उद्घाटन करेंगे। देश-विदेश से आने वाले लाखों पिंडदानियों की सुविधा को देखते हुए इस बार पारंपरिक इंतजामों के साथ आधुनिक डिजिटल सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को पिंडदान से लेकर आवासन, यातायात, सुरक्षा और अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराना है।

## विधान परिषद् की तीन सीटों के लिए जन सुराज के प्रत्याशी घोषित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जन सुराज ने आगामी बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए तीन और समर्थित प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. अनुज सिंह, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. विमोहन कुमार और तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भूषण झा को प्रत्याशी बनाया गया है। जन सुराज के अनुसार पांच अन्य क्षेत्रों के लिए समर्थित प्रत्याशियों की सूची 20 सितंबर को ही जारी की जा चुकी है। शेष क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत की जाएगी।

## करंट की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** सारण जिले के परसा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-8 स्थित खोजौली गांव में बैंगन के खेत में पटवन के दौरान करंट की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान डेरनी थाना क्षेत्र के खजौली निवासी जयप्रकाश सिंह उर्फ साधु की 45 वर्षीय पत्नी रिंकू देवी और उनके 14 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। राहुल उत्क्रमित मध्य विद्यालय खजौली में पढ़ता था।






CMYK

# पितृपक्ष मेले में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए एसबीपीडीसीएल की तैयारी पूरी : सौरभ जोरवाल

## पहली बार चार मोबाइल ट्रांसफार्मर और वॉकी-टॉकी संचार की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होगा। गया जी और पुनपुन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने व्यापक तैयारियां की हैं। प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल ने कहा कि पितृपक्ष मेला आस्था, श्रद्धा, परंपरा और सेवा का महापर्व है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने के साथ आपात स्थिति में त्वरित बहाली के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। गया में प्रमुख पिंडदान और तर्पण स्थलों, आवागमन मार्गों तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों की विशेष निगरानी के लिए अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों की तैनाती की गई है। विष्णुपद मंदिर के समीप अस्थायी नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जबकि मेला क्षेत्र में 20 छोटे नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय रहेंगे। पहली बार मेला क्षेत्र में वॉकी-टॉकी संचार व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति में त्वरित विद्युत बहाली के लिए चार मोबाइल वैन पर ट्रांसफार्मर चार्ज अवस्था में तैयार रखे जाएंगे। विद्युत सुरक्षा के लिए पोलों पर डाइइलेक्ट्रिक पेंट कराया गया है। निर्बाध आपूर्ति के लिए मानपुर और चंदौती के दो 33 केवी स्रोतों से डंडीबाग विद्युत उपकेंद्र के दो पावर ट्रांसफार्मरों तथा टाउन-2 ओल्ड और टाउन-2 न्यू 11 केवी फीडरों को अलग-अलग जोड़कर वैकल्पिक व्यवस्था तैयार की गई है। पुनपुन में कूड़ा नवादा पावर सब-स्टेशन को 33 केवी परसा बाजार और 33 केवी कूड़ा नवादा स्रोतों से जोड़ा गया है। 11 केवी पुनपुन टाउन फीडर को परसा बाजार स्थित विद्युत शक्ति उपकेंद्र के डेडिकेटेड पांच एमवीए पावर ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया है। अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर लोड बैलेंसिंग की व्यवस्था की गई है। नंगे तारों को कवर्ड कंडक्टर, एबी केबल और भूमिगत केबल से बदला गया है। मेला क्षेत्र में अस्थायी नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। सौरभ जोरवाल ने कहा कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को 24 घंटे निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित बिजली उपलब्ध कराने के लिए अभियंता, अधिकारी और कर्मी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने विद्युत सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करने और समस्या होने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचना देने की अपील की।

# बीडी कॉलेज में रेड एफएम के ऑडिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना में 24 सितंबर को रेड एफएम 93.5 के लोकप्रिय कार्यक्रम 'कॉलेज के तशानबाज-गेम तेरा, फेम तेरा' के ऑडिशन का आयोजन किया गया। हॉल संख्या-3 में आयोजित ऑडिशन में विद्यार्थियों ने गायन, एकल एवं समूह नृत्य, संगीत, वाद्य वादन, रैप, कविता, स्टैंड-अप, मिमिक्री, कहानी वाचन और ओपन माइक सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ ऑडिशन में भाग लिया। उनकी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह और रचनात्मकता का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड एफएम की टीम का विशेष योगदान रहा। टीम में विश्वजीत कुणाल, सोनल सिंह, रेडियो जॉकी शरस श्रीवास्तव, आदित्य दुबे एवं प्रवीण ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं।

कार्यक्रम की सफलता में मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. सीमा कुमारी तथा महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑडिशन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनकी प्रस्तुतियों का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज प्रशासन ने रेड एफएम की टीम, डॉ. अमित कुमार, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. सीमा कुमारी, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर बना।

# जहां लगते हैं साप्ताहिक बाजार, वहां बनेंगे हाट : मंत्री

**मंत्री श्रवण कुमार ने जहानाबाद जिले के हुलासगंज, मुरगांव और भगवानपुर में किया योजनाओं का शुभारंभ**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जहां-जहां साप्ताहिक बाजार लगाए जाते हैं, वहां हाट बनाए जाएंगे। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समुचित बाजार मुहैया हो सके और ग्रामीण अंचलों में लगने वाले हाटों को सभी सुविधा युक्त उचित माहौल मिल सके। इसकी समुचित कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया विभागीय स्तर पर शुरू हो गई है। मंत्री गुरुवार को जहानाबाद जिला के हुलासगंज, मुरगांव और भगवानपुर में एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार हुई कई विकासात्मक योजनाओं का शुभारंभ कर रहे थे। इसके अंतर्गत हुलासगंज बाजार में सामुदायिक शौचालय, मुरगांव में सामुदायिक भवन और भगवानपुर गांव में स्थित मंदिर तक मुख्य सड़क से पक्की सड़क के अलावा गांव में नवनिर्मित नाला का उद्घाटन शामिल है। इस मौके पर मंत्री ने हुलासगंज बाजार में सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि यहां एक हाट का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य को शीघ्र कराने को लेकर उन्होंने डीआरडीओ के निदेशक को खासतौर से निर्देश दिया। मुरगांव में जीविका दीदियों के लिए एक विशेष हाट बनाने की भी घोषणा की। इसके लिए वीबी जी रामजी के निदेशक को आदेश देते हुए कहा कि यहां सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त हाट बाजार का निर्माण कराया जाए, ताकि जीविका दीदियां अपने उत्पादों को सीधे बाजार तक पहुंचा सकें। मंत्री ने कहा कि सामुदायिक शौचालय का निर्माण बाजारों में बेहद जरूरी है। जीवन में स्वच्छता को अपनाना बेहद आवश्यक है। बड़ी बीमारियों को भगाना है तो स्वच्छता से नाता जोड़ना होगा।

# सहकारिता नीति के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, तय समय सीमा में पूरा करें कार्य : मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने आज बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नीति के तहत गठित कार्य समूहों के कार्यों, नीति के अंतर्गत तत्काल किए जाने वाले कार्यों तथा सहकारिता क्षेत्र के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 के क्रियान्वयन से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं तथा कार्यों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता नीति लागू करने वाले राज्यों में बिहार अग्रणी है। राज्य में सहकारिता क्षेत्र को और सशक्त, आधुनिक एवं व्यवसायोन्मुख बनाने के लिए नीति के प्रावधानों को निर्धारित समय-सीमा में धरातल पर उतारना आवश्यक है।

# बीडी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर 24 सितंबर को सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 एवं इकाई-2 की ओर से कार्यक्रम और सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का केंद्रीय संदेश 'नॉट मी बट यू' (मैं नहीं, आप) रहा, जो राष्ट्रीय सेवा योजना की सेवा एवं समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करता है। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशील बनने तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों, सामाजिक सेवा के महत्व और युवा शक्ति की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद, हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रोफेसर शत्रुधन शरण सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लाडली कुमारी, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी एवं डॉ. विजय शंकर विक्रम ने किया। स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना-1 की कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी ने किया जबकि विषय प्रवेश राष्ट्रीय सेवा योजना-2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय शंकर विक्रम ने कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से बेहतर एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा निःस्वार्थ सेवा को जीवन-मूल्य के रूप में अपनाने का आह्वान किया।

# डॉ. आनंद रंजन झा ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर को कविता के माध्यम से किया नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की साहित्यिक चेतना, राष्ट्रप्रेम और ओजस्वी लेखनी को नमन करते हुए शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कौशल विशेषज्ञ डॉ. आनंद रंजन झा ने उन्हें समर्पित एक भावपूर्ण कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि दिनकर जी की रचनाएं केवल साहित्य नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान, संघर्ष और सामाजिक चेतना की प्रेरणादायी आवाज हैं। उनकी लेखनी ने युवाओं में आत्मविश्वास और देश के प्रति समर्पण की भावना जगाने का कार्य किया। उन्होंने दिनकर जी को समर्पित अपनी कविता के माध्यम से उनकी साहित्यिक विरासत और विचारों को याद करते हुए कहा कि आज भी उनकी पंक्तियां समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर की विचारधारा और साहित्य आने वाली पीढ़ियों को भी सत्य, साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत चलाया जा रहा व्यापक स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2026 तक अपने चारों मंडलों में स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत रेलवे परिसरों की स्वच्छता एवं दृश्य स्वरूप में सुधार के साथ-साथ जनजागरूकता, जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत आद्रा मंडल द्वारा रेलवे परिसरों एवं विद्यालयों में स्वच्छता, जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। 22.09.2026 को अनारा रेलवे कॉलोनी, जयचंडी पहाड़ जंक्शन, एसएसई वर्क्स नॉर्थ आद्रा कार्यालय, पुरुलिया एवं गौरिनाथधाम स्टेशनों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही स्वच्छ डेस्क पहल और जल गुणवत्ता की निगरानी भी की गई। 23.09.2026 को बीएनआर स्कूल, आद्रा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, एकल-उपयोग प्लास्टिक में कमी तथा कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने रोड मार्च और शून्य-अपशिष्ट खेल गतिविधि में भाग लिया जबकि पुरुलिया में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। खड़गपुर मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत स्वच्छता, निरीक्षण एवं जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। 22.09.2026 को खड़गपुर, हावड़ा, मिदनापुर, मेचेदा और हल्दिया स्टेशनों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाए गए तथा ट्रेनों के अंदर और बाहर की सफाई की गई।

# भीम पेमेंट्स ऐप ने माई यूपीआई पेश किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने भीम पेमेंट्स ऐप पर संवादात्मक एआई - संचालित सहायक माई यूपीआई लॉन्च की। माई यूपीआई, भीम उपयोगकर्ताओं को उनकी यूपीआई से जुड़ी जरूरतों के लिए सरल और 24 घंटे 7 दिन बहुभाषी सहायता प्रदान करता है जिससे भुगतान को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और आसानी से प्रबंधित करने में मदद मिलती है। ललिथा नटराज, एमडी एवं सीईओ, एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने कहा कि जैसे-जैसे डिजिटल भुगतान रोजमर्रा की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है।

# एमएसएमई ग्राहकों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया संपर्क कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा के पटना क्षेत्र की ओर से 23 सितंबर को स्थानीय होटल कौटिल्य पनाश में एमएसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक सह अंचल प्रमुख, पटना सुब्रत कुमार स्वाईं ने की। इसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों ग्राहकों ने भाग लिया। उप महाप्रबंधक सह क्षेत्रीय प्रमुख, पटना नलिन कुमार ने अपने संबोधन में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की स्थापना से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम के दौरान बैंक के एमएसएमई विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न बैंकिंग उत्पादों और योजनाओं की जानकारी प्रस्तुति के माध्यम से दी। इनमें बड़ौदा प्रॉपर्टी प्राइड, सीवी, सीएमई, बड़ौदा कॉन्ट्रैक्टर स्कीम, टीआरईडीएस, डीजी उद्यम, विद्यास्थली और डॉक्टर प्लस जैसी योजनाएं शामिल थीं। अधिकारियों ने महिला उद्यमियों के लिए विशेष रूप से लागू बड़ौदा महिला स्वावलंबन योजना की विशेषताओं और इसके माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी दी।

# मुकेश सहनी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर दिया विवादित बयान, चर्चा तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर विवादित बयान दे दिया है। मुकेश सहनी ने कहा कि अगर एक खून माफ होता तो वो ज्ञानेश कुमार को गोली मार देते। पटना में मीडिया से बात करते हुए मुकेश सहनी पहले तो बिहार सरकार से लेकर केंद्र सरकार पर बरसे और फिर चुनाव में ज्ञानेश कुमार पर धांधली का आरोप लगाते हुए गोली मारने की बात कही। ज्ञानेश कुमार पर लग रहे मनमानी के आरोपों को लेकर जब मुकेश सहनी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा ये चुनाव आयोग जो है, बीजेपी का आयोग बन चुका है और ज्ञानेश कुमार को मैं कहना चाहता हूं, सब दिन समय एक जैसा नहीं रहता है। थोड़ा शर्म करो तुम, देश के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हो। अभी अगर हमको एक खून माफ होता तो सबसे पहले ज्ञानेश को गोली मार देते। लेकिन क्या करें, आने वाले समय में ये छुटेंगे नहीं, 2029 में राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और पहला आदमी यही होंगे जो जेल जाएंगे जो इनके साथ हैं, वो भी जेल जाएंगे। कोई बचने वाला नहीं है। मुकेश सहनी चुनाव आयोग पर लग रहे गंभीर आरोपों पर भड़के दिखे। उन्होंने वर्तमान सरकार को इसके लिए दोषी ठहराते हुए कहा हमारे देश के जो कर्ता-धर्ता हैं, देश के प्रधानमंत्री। यही सब चीज करवा रहे हैं। लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, संविधान को कुचला जा रहा है। चुनाव नेता के लिए नहीं होता है, ये गलतफहमी है, ये देश की जनता के लिए है। जनता के पास पावर है कि अगर नेता सही से काम नहीं करे तो लात मारकर कुर्सी से उतार दो। जब लात मारकर कुर्सी से उतारने का समय आता है तो ऐसे-ऐसे चुनाव आयोग को कॉम्प्रोमाइज करके और बहुमत अपने पक्ष में करा लिया जाता है। बंगाल में सेना को खड़ा करके, 27 लाख वोट काटकर सरकार बनाया। बिहार में आचार संहिता के बीच 10-10 हजार रुपया भेजकर सरकार वो अपने पक्ष में करा लिए।

**ज्ञानेश कुमार पर क्या हैं आरोप**

देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान विभिन्न राज्यों में नाम हटाए जाने समेत कई मुद्दों को लेकर चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने आपत्तियां जताई थीं।

# एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन कार्यक्रम का बिहार में 73 लाख लोगों पर असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भारत के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएफआर विंग परिवर्तन के जरिए अब तक बिहार में लगभग 73 लाख लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। एचडीएफसी बैंक 2016 से राज्य में सक्रिय है और बिहार के 38 में से 34 जिलों में काम कर रहा है जिसमें 13 आकांक्षी जिले और 6 आकांक्षी ब्लॉक शामिल हैं। परिवर्तन के तहत बैंक ने छह मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है जिनमें ग्रामीण विकास, शिक्षा को बढ़ावा देना, कौशल प्रशिक्षण और आजीविका में सुधार, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता, वित्तीय साक्षरता और समावेशन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन शामिल है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड नुसरत पठान ने कहा कि एचडीएफसी बैंक में हमारा मानना है कि सीएसआर के लिए कोई एक ही तरीका सब पर लागू नहीं होता। परिवर्तन के जरिए, हम जरूरतों के हिसाब से ऐसे प्रोग्राम बनाते और लागू करते हैं जो हर इलाके की खास चुनौतियों का समाधान करते हैं। बिहार में हमारा काम इसी सोच को दिखाता है - किसानों को टिकाऊ खेती में मदद करने से लेकर शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तक। हम जमीनी स्तर पर सबके साथ मिलकर विकास को बढ़ावा देने और लंबे समय तक असर डालने में अपना छोटा सा योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स मां अन्नपूर्णा ट्रांसपोर्ट एजेंसी प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत व्यक्ति स्व मिथिलेश कुमार जो सिवान, बिहार में केशियर के पद पर कार्यरत थे उनकी पिता सीता राम राय, माता-गीता देवी को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व मिथिलेश कुमार की मृत्यु 27-09-2022 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई.एस.आई.सी. द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया।

पेंशन के रूप में 129.30 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.38,70/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 1,85,760/- रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई. एस. आई. योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया समस्तीपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा समस्तीपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा वाल्मिकीनगर-बेतिया-सगौली-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए रेलवे ट्रैक, रेल पुलों, प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं आदि का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चल रहे दोहरीकरण परियोजनाओं का भी जायजा लिया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान नरकटियागंज, बेतिया, रक्सौल एवं सीतामढ़ी स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का विस्तृत जायजा लिया। महाप्रबंधक द्वारा संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने कुमारबाग स्थित लोडिंग प्वाइंट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राइस मिलरों से सिर्फ उसना चावल ही लिया जाएगा : अशोक चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार में अब राइस मिलरों से सिर्फ उसना चावल ही लिया जाएगा। राइस मिल एसोसिएशन की विभिन्न मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। किसान और राइस मिलरों की समस्याओं को देखते हुए वे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से चर्चा कर समाधान का प्रयास करेंगे। मंत्री डॉ. अशोक चौधरी गुरुवार को होटल चाणक्य में आयोजित बिहार राज्य राइस मिल एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में पीडीएस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में राइस मिलरों का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि राइस मिलरों के मिलिंग चार्ज को सीधे उनके खातों में भेजने के मुद्दे पर जल्द ही मुख्यमंत्री से बातचीत की जाएगी। इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर बिहार राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के महाप्रबंधक ने भी मिलरों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि किसान और राइस मिलर एक-दूसरे पर निर्भर हैं तथा दोनों के बीच अन्योन्याश्रित संबंध है। सरकार राइस मिलरों की समस्याओं के प्रति गंभीर है और आपसी समन्वय से इनका जल्द समाधान निकाला जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार राज्य राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ राजू गुप्ता ने खाद्य आपूर्ति मंत्री के समक्ष मिलरों की विभिन्न मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि मिलिंग के बाद मिलिंग चार्ज सीधे मिलर के खाते में विभाग द्वारा भेजा जाए। विद्युत बिल में वर्ष 2011 की औद्योगिक नीति के अनुसार अनुदान देकर फिक्स चार्ज समाप्त किया जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार के नीतिगत निर्देश के अनुसार स्थापित उसना मिलों से ही शत-प्रतिशत उसना चावल की मिलिंग कराने की मांग की। साथ ही बिहार के किसानों से कम से कम 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद सुनिश्चित करने की बात कही। एसोसिएशन ने किसानों के उत्पादित धान का शत-प्रतिशत क्रय सुनिश्चित करने के लिए पैक्स के अलावा एफपीओ, बिस्कोमान, नाफेड, एनसीसीएफ और राइस मिलरों के माध्यम से भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद कराने की मांग रखी।

# डीडीयू मंडल में स्वच्छ पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा स्पेशल ड्राइव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** स्टेशनों, कार्य स्थलों और रेलवे कॉलोनियों में सुरक्षित, साफ और हाइजीनिक पीने के पानी की सुविधा को बेहतर बनाने हेतु रेलवे बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में पानी की क्वालिटी सुधारने के लिए एक स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है जिसके तहत पानी के स्टोरेज टैंकों की सफाई, क्लोरीनेशन/डिसइंफेक्शन, पानी की क्वालिटी की मॉनिटरिंग और सोर्स से लेकर नल तक ट्रीटमेंट की जरूरतों का रिव्यू किया जा रहा है। पानी के सोर्स से नल तक पानी की क्वालिटी का असेसमेंट किया जा रहा है ताकि उन जगहों की पहचान की जा सके जहां फिल्ट्रेशन या ट्रीटमेंट की आवश्यकता है। इस स्पेशल ड्राइव में स्टेशनों के अलावा रेलवे कॉलोनियों और कार्य स्थलों को भी कवर किया गया है जिसमें कमियों की पहचान करते हुए जरूरी सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षित और साफ पीने के पानी की सुविधाओं की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस पूरी प्रक्रिया पर पहले से बने रिव्यू सिस्टम के जरिए नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में वाटर टैंकों के सफाई हेतु डीडीयू मंडल में 20.08.2026 से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ओवरहेड, अंडरग्राउंड और पीवीसी सहित सभी 4072 पानी के टैंकों की सफाई की जानी है। इनमें से 16.09.2026 तक 52 पानी के टैंकों को साफ और डिसइंफेक्ट किया जा चुका है।

### डीएम ने राजस्व कार्यों के लंबित मामलों के त्वरित समाधान हेतु मीक्षा

# अभियान बसेरा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, रोहतास ललित भूषण रंजन, राजस्व प्रभारी मोहम्मद जफर हसन, सभी अंचलाधिकारी (सीओ) एवं सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिले में चल रहे विभिन्न राजस्व कार्यों की अंचलवार समीक्षा की गई। मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, परिमार्जन, अभियान बसेरा, ई-मापी तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति एवं लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं समय-सीमा का अक्षरशः पालन करते हुए सभी राजस्व मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बिहार सरकार के राजस्व पोर्टल पर दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, ई-मापी सहित विभिन्न राजस्व सेवाएं उपलब्ध हैं। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अभियान बसेरा को उच्च प्राथमिकता देते हुए सभी अंचलाधिकारियों को विशेष निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान बसेरा से संबंधित पात्र लाभुकों के आवेदन प्राप्त करने एवं उनके मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक अंचलाधिकारी अपने-अपने अंचल कार्यालय में अभियान बसेरा से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे तथा प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच एवं अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए क्षेत्र स्तर पर भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। परिमार्जन एवं परिमार्जन प्लस से संबंधित मामलों की भी समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऑनलाइन जमाबंदी में पाई जाने वाली त्रुटियों तथा अन्य संबंधित मामलों का विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप शीघ्र निष्पादन किया जाए। विभाग के अनुसार परिमार्जन प्लस का उपयोग डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों के सुधार तथा ऑनलाइन उपलब्ध नहीं जमाबंदियों के डिजिटाइजेशन के लिए किया जाता है। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन करते हुए लंबित मामलों को कम किया जाए। इसके अतिरिक्त जमाबंदी, राजस्व अभिलेखों के संधारण, ऑनलाइन राजस्व सेवाओं तथा अन्य राजस्व कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के राजस्व कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाए। जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## कैमूर की पहाड़ी तलहटी में शिक्षा की नई रोशनी, 16 निःशुल्क पाठशालाओं के जरिए बच्चों तक पहुंच रही शिक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू।** कभी जिस इलाके की पहचान भय और पिछड़ेपन से होती थी, आज उसी क्षेत्र में बच्चों की किलकारियां और पढ़ाई की आवाज बदलाव की नई कहानी लिख रही हैं। कैमूर पहाड़ी की तलहटी में बसे सुदूर गांवों में शिक्षा की अलख जगाने का काम समाजसेवी सत्यानंद कुमार और उनके सहयोगियों द्वारा किया जा रहा है। तिलौथू प्रखंड में संचालित 16 निःशुल्क पाठशालाओं में से एक पाठशाला सैना (भदोखरा) जैसे दूरस्थ गांव में चल रही है। प्रखंड मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर इस गांव तक पहुंचने में वाहन से लगभग 30 मिनट का समय लगता है। क्षेत्र को लंबे समय से शैक्षणिक सुविधाओं की कमी और पिछड़ेपन की समस्या का सामना करना पड़ा है। इसी परिस्थिति में सत्यानंद कुमार ने गांव के करीब 30 जरूरतमंद बच्चों को नियमित रूप से निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की पहल की है। यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ संस्कार और अनुशासन की शिक्षा भी दी जाती है। बच्चों को समय-समय पर पाठ्य सामग्री के अलावा कपड़े, बिस्कुट, चॉकलेट और खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। सत्यानंद कुमार का कहना है कि निःशुल्क पाठशाला का उद्देश्य केवल एक गांव तक सीमित नहीं है। योजना के तहत तिलौथू प्रखंड में 50 निःशुल्क पाठशाला केंद्र संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। उनका लक्ष्य करीब 1500 गरीब एवं वंचित परिवारों के बच्चों को इस पहल से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि यह कार्य किसी सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं है, बल्कि मित्रों और स्थानीय समाजसेवियों के सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। निःशुल्क पाठशालाओं के संचालन में सत्येंद्र राम, मंजू देवी, आशा देवी, उर्मिला देवी, हरे कृष्ण, प्रिंस कुमार, सुनील गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, कृष्ण मोहन जी महाराज, राकेश कुमार, नंद कुमार, मिथलेश विश्वकर्मा, हंसराज कुमार, सूरज मिश्रा, रुद्र प्रताप बादल, हरिमोहन, रूबी कुमारी, प्रीति कुमारी, साक्षी कुमारी और रिमझिम प्रवीण सहित अनेक समाजसेवियों का सहयोग बताया गया है।

## जन सुराज का आमरण अनशन डीएम के आश्वासन पर टूटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड के रामडीहरा निवासी अमरजीत यादव की पुलिस एवं जेल अभिरक्षा में हुई संदिग्ध मौत के न्याय की मांग को लेकर जिला समाहरणालय के समक्ष पिछले 35 घंटों से आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बलजीत सिंह यादव का अनशन आज समाप्त हो गया। जन सुराज के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी 5 सूत्री मांगों को रखा जिसमें एफआईआर दर्ज करने, दोषी पुलिस व जेल अधिकारियों को निलंबित करने, न्यायिक जांच कराने, 25 लाख मुआवजा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग शामिल थी। जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाएगी और सभी मांगों पर नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद जन सुराज के प्रदेश उपाध्यक्ष तुराब नियाजी ने अनशनकारी बलजीत यादव को जूस पिलाकर आमरण अनशन का समापन कराया। वहीं जन सुराज नेता तुराब नियाजी ने कहा कि न्याय मिलने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। इस मामले में संलिप्त उत्पाद विभाग, जेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत सभी विभाग एवं पदाधिकारी की निष्पक्ष जांच एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## होटल-रेस्टोरेंट और मिठाई फैक्ट्री का निरीक्षण, दिनारा में अतिक्रमण का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा बुधवार को पूरे अनुमंडल क्षेत्र में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया जिसमें सबसे पहले मलियाबाग स्थित आकाश फैमिली रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया और वहां साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, ग्राहकों को दी जा रही सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और मिली कमियों को जल्द सुधारने का निर्देश प्रबंधन को दिया गया। इसके बाद उसी क्षेत्र के हरि स्वीट्स प्रतिष्ठान का भी निरीक्षण किया गया जहां मिठाइयों और खाद्य सामग्री के रख-रखाव, गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की गई तथा संचालक को स्वच्छता बनाए रखने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और सुरक्षित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इसी क्रम में एसडीएम ने मलियाबाग के अंबेडकर नगर में स्थित श्री रसबिहारी यादव की मिठाई फैक्ट्री का भी निरीक्षण किया और वहां मिठाई निर्माण की पूरी प्रक्रिया, कच्चे माल के भंडारण, साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को देखा और फैक्ट्री संचालक को निर्धारित मानकों का पालन करने, परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण व सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण अभियान के बाद एसडीएम दिनारा बाजार पहुंचे जहां प्रशासन द्वारा सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान का विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से जायजा लिया गया और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को देखा तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क को अतिक्रमणमुक्त रखा जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए। इस दौरान विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य रही और प्रशासन ने आमजनों व दुकानदारों से अतिक्रमण हटाओ अभियान में सहयोग करने तथा दोबारा सड़क किनारे अतिक्रमण न करने की अपील की है।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक, मरीजों को बेहतर सुविधा देने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज की अध्यक्षता में बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज के सभागार में रोगी कल्याण समिति शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें रोगी कल्याण समिति के सभी सदस्यों, अस्पताल के चिकित्सकों, पदाधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया। अस्पताल में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा की उपलब्धता, संसाधनों की स्थिति और मरीजों के हित से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अस्पताल की वर्तमान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, मरीजों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, आवश्यक दवाओं और संसाधनों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अस्पताल की समग्र व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी और मरीज हितैषी बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेहतर इलाज मिलना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और इसके लिए सभी डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी आपसी समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## रूफटॉप सोलर पर मिल रहा 98 हजार तक अनुदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जिले भर में विशेष जन-जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है और इसी क्रम में गुरुवार को भी प्रखंड स्तर पर सोलर सेवा सेतु कैंप का आयोजन कर उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। कैंप में उपभोक्ताओं को ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान, ऋण सुविधा, अधिकृत विक्रेता की सूची, सोलर पैनल की स्थापना और पूरी आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया तथा मोबाइल ऐप और ऑनलाइन आवेदन का लाइव प्रदर्शन भी कराया गया। योजना के तहत 1 किलोवाट रूफटॉप सोलर सिस्टम पर केंद्र एवं बिहार सरकार की ओर से कुल 40 हजार रुपये तक, 2 किलोवाट पर 80 हजार रुपये तक तथा 3 किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता पर 98 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत बिक्रमगंज, कोचस, सासाराम शहरी एवं सासाराम ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सोलर सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने नजदीकी कैंप में पहुंचकर योजना की जानकारी लें और रूफटॉप सोलर अपनाएं क्योंकि कैंप के माध्यम से एक ही स्थान पर सारी जानकारी, आवेदन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना के तहत नगर निकाय और ग्राम पंचायत स्तर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया गया है जिसमें नगर निगम में न्यूनतम 30 सत्यापित अधिष्ठापन प्रतिमाह पर सर्वाधिक प्रदर्शन करने वाले वार्ड को 1 लाख, नगर परिषद में 20 अधिष्ठापन पर 75 हजार, नगर पंचायत में 15 अधिष्ठापन पर 50 हजार और जिले में सर्वाधिक प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायत को न्यूनतम 20 अधिष्ठापन पर 1 लाख रुपये प्रति माह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जिले में अब तक 472 रूफटॉप सोलर पैनल अधिष्ठापित किए जा चुके हैं।

## मीना दिवस पर बालिका सशक्तिकरण का संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विभागीय निर्देश के आलोक में स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में गुरुवार को प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन श्रीवास्तव की उपस्थिति में मीना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 24 सितंबर को मीना दिवस मनाया जाता है। यूनिसेफ की पहल के तहत मीना मंच बालिकाओं को सशक्त, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है। मीना एक काल्पनिक बहादुर एवं विचारशील बालिका का चरित्र है जिसका साथी मिट्ठू तोता है। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन श्रीवास्तव ने मीना मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना, लैंगिक समानता की समझ विकसित करना, सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा और अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना है। समारोह के दौरान छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। शिक्षिका विभा रानी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने पेंटिंग एवं रंगोली बनाकर बालिका सशक्तिकरण का संदेश दिया। मीना मंच की सदस्य लक्ष्मी कुमारी, चंदनी कुमारी, शिवानी कुमारी, रिया कुमारी, सनाया कुमारी, नंदिनी कुमारी, ऋतु कुमारी, सृष्टि कुमारी, अंशिका कुमारी, दुर्गा कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दहेज को लेकर महिला को लाठी-डंडे से पीटा, गला दबाकर हत्या का प्रयास, पति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के चन्दा बिगहा गांव में एक विवाहिता के साथ ससुराल वालों द्वारा बेरहमी से मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रभावती कुमारी (26 वर्ष) पति- शत्रुघ्न सिंह ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में पति शत्रुघ्न सिंह की गिरफ्तारी हुई है जिसकी पुष्टि प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने की है। पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार उसके पति शत्रुघ्न सिंह (30 वर्ष) पिता- लाल मोहर सिंह ने जान मारने की नियत से लाठी से पूरे शरीर पर लगातार वार किया। पीड़िता का आरोप है कि इस मारपीट में उसके पति के अलावा केशनाथ सिंह, गुड्डू कुमार पिता- लाल मोहर सिंह, इन्दु देवी पति- भरत सिंह, कुमकुम कुमारी पिता- केशनाथ सिंह, टीटू कुमार पिता- दिनेश सिंह और सास लालमुनी देवी पति- लाल मोहर सिंह सभी एकमत होकर गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। मारपीट में वह बुरी तरह जख्मी हो गई और पूरे शरीर पर काले निशान बन गए। आवेदन में प्रभावती ने बताया कि उसकी सास लालमुनी देवी ने उसकी बेटी को गोद से छीन कर नीचे पटक दिया जिससे बच्ची को भी चोट आई। वहीं कुमकुम कुमारी और इन्दु देवी ने उसे झोटा पकड़ कर पटक दिया तथा केशनाथ सिंह, गुड्डू कुमार, टीटू कुमार और उसके पति शत्रुघ्न सिंह ने मिलकर उसका गला दबा दिया। गला दबाने से उसकी आवाज बैठ गई और मुंह से शब्द नहीं निकल रहे थे जब उसकी आंखें बाहर आने लगीं तो सभी घबराकर छोड़ दिए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सभी लोग उस पर गलत आचरण का आरोप लगाते हैं और उसका मोबाइल भी छीन लिया गया है। किसी तरह जान बचाकर वह सरकारी अस्पताल पहुंची और इलाज कराया। पीड़िता ने बताया कि पूर्व में भी उसका केस बिक्रमगंज कोर्ट में चल रहा है और सभी उसकी जान लेना चाहते हैं। इधर प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि पीड़िता के आवेदन पर इस मामले में कांड संख्या 340/26 दर्ज कर लिया गया और आरोपी पति शत्रुघ्न सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## भारी मशीनरी के लिए बदलेगा एनएच-19 का रास्ता, हटेंगे फुट ओवरब्रिज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनिया।** ओडिशा से उत्तर प्रदेश जा रही चीनी प्लांट की भारी मशीनरी लदी करीब 308 पहियों वाली ओवरहाइट गाड़ी को कैमूर से पार कराने के लिए एनएच-19 पर कई स्थानों पर बदलाव किया जा रहा है। मशीनरी की अधिक ऊंचाई को देखते हुए कुदरा के चिलबिली और पुसौली बाजार से लेकर मोहनिया तक रास्ते में आने वाली संरचनाओं को हटाने और रास्ता तैयार करने का काम चल रहा है। भारी मशीनरी लदे वाहन को चिलबिली आरओबी के समीप से पार कराने के लिए सड़क के आसपास आवश्यक बदलाव कर रास्ता तैयार किया जा रहा है। वाहन की ऊंचाई को देखते हुए संबंधित एजेंसियां यह सुनिश्चित करने में जुटी हैं कि रास्ते में कोई बाधा न आये। चिलबिली के बाद पुसौली बाजार स्थित आरओबी के समीप भी भारी वाहन को सुरक्षित तरीके से निकालने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। यहां भी वाहन के आकार और ऊंचाई को ध्यान में रखते हुए सड़क एवं आसपास की संरचनाओं में बदलाव किया जा रहा है। मोहनिया में स्टेशन मोड़ के समीप स्थित फुट ओवरब्रिज को हटाने की कवायद चल रही है। भारी मशीनरी लदे वाहन की अधिक ऊंचाई के कारण यह संरचना रास्ते में बाधा बन रही है। वाहन को सुरक्षित तरीके से पार कराने के लिए फुट ओवरब्रिज हटाने की तैयारी की जा रही है। भारी मशीनरी के आकार और ऊंचाई को देखते हुए रास्ते में आने वाली ऊंची संरचनाएं बड़ी चुनौती बनी हुई है। ऐसे में एनएचएआई और संबंधित एजेंसियों की ओर से कई स्थानों पर सड़क और अन्य संरचनाओं में आवश्यक बदलाव किये जा रहे हैं। भारी वाहन के गुजरने के दौरान एनएच-19 पर यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं हो, इसके लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। संबंधित एजेंसियां वाहन के सुरक्षित आवागमन के साथ सड़क पर यातायात को सामान्य रखने की तैयारी में जुटी है। गौरतलब है कि सोमवार को कुदरा के लालापुर आरओबी के समीप इसी भारी मशीनरी लदे ओवरहाइट ट्रक के फंस जाने से एनएच-19 पर करीब तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा था। ट्रक फंसने के बाद खुर्माबाद तक वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। वाहन को निकालने के लिए एनएचएआई की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। सर्विस रोड को नीचे तक गहरा करने के साथ बिजली के तार हटाये गये। कुछ स्थानों पर डिवाइडर तोड़कर रास्ता बनाने की कोशिश की गयी। इसके बाद भारी मशीनरी लदे वाहन को वहां से निकाला जा सका।

## सोन नदी किनारे से बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** दरिहट थाना क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी हो गयी। इस संबंध में पीड़ित ने थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दरिहट निवासी रंजीत कुमार, पिता स्वर्गीय कामेश्वर चौधरी ने आवेदन में बताया है कि प्रतिदिन की तरह मंगलवार की रात्रि में वे अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जिसका नंबर बीआर 24 एक्स 2364 है, को दरिहट सोन नदी श्मशान घाट के किनारे खड़ा कर मछली पकड़ने के लिए नदी में चले गए थे जब वापस लौटकर आए तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब है। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन और पूछताछ की, लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चल पाया जिसके बाद उन्होंने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर कांड संख्या 97/26 दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## महुआ शराब के मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र में बीते 9 सितंबर को थाना क्षेत्र अंतर्गत गोही टोला पर 40 लीटर महुआ शराब बरामद हुई थी वहीं मौके से 2000 लीटर महुआ के पॉस को पुलिस ने विनष्ट किया था। इस मामले में उक्त स्थल से एक शराब धंधेबाज मुन्ना कुमार को गिरफ्तार किया था उसी मामले के एक नामजद शराब धंधेबाज मनु सिंह पिता बलजीत सिंह को गोही टोला से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आयर कोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि पुराने शराब के मामले में कांड संख्या 92/26 के नामजद शराब धंधेबाज मनु सिंह को गोही टोला से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य नामजद शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई की जा रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना सं.–टीआरडी –ओ.टी.–16-Xओवर–ईओसी–26–27**

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नाम और स्थान : ईओसी/डीडीयू पर X–ओवर लगाकर डाइवर्सन लाइन/डीडीयू में बाई–डायरेक्शनल लाईन की व्यवस्था करना। अनुमानित रकम : ₹1,56,39,347.38, बयाना राशि : ₹3,12,800, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 15.10.2026 को 15:00 बजे तक। वेबसाईट का विवरण जहां ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि./
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0986/डीडीयू/टीआरडी/टी/26–27/24

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं. एस.जी.–डी.एस.ई.–ओ.टी.– 15–26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।
कार्य का नाम एवं स्थान : प्रोविजन ऑफ एस्पिरेशन टाईप ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन एंड अलार्म सिस्टम (एएफडीएएस) फॉर द सेक्सन ऑफ डीसटीई/डीडीयू, एएसटीई/डीओएस एंड एएसटीई/गया ईन डीडीयू डीविजन। कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹1,82,85,841.00/– (एक करोड़ बयासी लाख पचासी हजार आठ सौ इकतालीस रूपये मात्र)। धरोहर राशि : ₹3,65,700/– (तीन लाख पैंसठ हजार सात सौ रूपये मात्र)। ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक : 15.10.2026 को 12.30 तक। बेव साईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in

मं. सं. एवं दू. सं. अभि. /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0990/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/26–27/28

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभागीय राज्यादेश संख्या–25 रा0 (वि0) दिनांक 11.08.2026 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में ''मत्स्य प्रसार–प्रचार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना'' अन्तर्गत निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणी के अनुरुप कार्यक्रम का क्रियान्वयन हेतु भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है।

| क्र0 | कार्यक्रम | लघु शीर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य | अनुमान्य इकाई लागत | अनुदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | निजी क्षेत्र के तालाबों में महाझींगा पालन | 101 | एकड में | 2.00 | मो0 160000/– मात्र प्रति एकड़ | अ0ज0जा0/अ0जा0/महिला कोटि के लिए 80% (मो0 128000/–मात्र अधिकतम) एवं अन्य कोटि के लिए 70% (112000/– अधिकतम) | आवेदक सक्रिय मत्स्य पालक हो जिनके पास मछली पालन हेतु कम से कम 1.00 एकड़ जलक्षेत्र का तालाब हो। प्रशिक्षण एवं पूर्व से झींगा पालन करने वाले मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 2 | केज मत्स्य पालकों को लाईफ जैकेट | 101 | संख्या में | 50 | मो0 2420/– | केज मत्स्य पालकों के लिए 75 प्रतिशत (अधिकतम 1815 रु0) अनुदान होगा। शेष लाभुक अंशदान होगा। | केज मत्स्य पालकों को इस योजना का लाभ दिया जाना है। अतः इस योजना हेतु सिर्फ केज मत्स्य पालकों के आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। |
| 3 | पुरस्कार/सम्मान (12 Paddle Wheel Aerator एवं ऑक्सीजन सिलिंडर/मोटरसाईकिल) | 101 | संख्या में | 02 | मो0 30,000/– | प्रति लाभुक को 30000 रु0 राशि देय होगा। | आवेदक मत्स्य पालन/मत्स्य बीज उत्पादक/हैचरी संचालन आदि का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र संलग्न अवश्य करें। |
| 4 | मोती पालन | 101<br>789 | युनिट में | 05<br>01 | मो0 20000/– | अ0ज0जा0/अ0जा0/महिला कोटि के लिए 80% (मो0 16000/–मात्र अधिकतम) एवं अन्य कोटि के लिए 70% (14000/– अधिकतम) | जिनके पास निजी तथा बन्दोबस्त तालाब/केज/सेमेन्टेड टैंक को इस योजना का लाभ दिया जाना है। |

एतद् द्वारा उक्त दिये गये विवरणी के आलोक में अहर्ता पूर्ण करने वालों के लिए दिनांक **05.10.2026 अप0 5:00** बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें –
1. सभी आवेदक आधार कार्ड, बैक पासबुक की छाया प्रति संलग्न करें।
2. निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन के आवेदक तालाब का फोटो एवं रसीद संलग्न करें।
3. केज मत्स्य पालकों को लाईफ जैकेट के आवेदक आवेदन के साथ समिति का पंजीयन पत्र एवं सदस्यता सूची संग्लन करें।
4. सभी आवेदक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र संलग्न करें।


**नोट** :– उक्त योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

PR 390347 Fish (26-27)_D

# पति-पत्नी के विवाद सुलझाने आए ससुर ने दामाद को पीट-पीटकर मार डाला

**लाठी-डंडे से पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत, घटना के बाद आरोपित फरार**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव में पति-पत्नी के विवाद को सुलझाने पहुंचे चचेरे ससुर ने दामाद की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मारपीट में गंभीर रूप से घायल दिव्यांग सुरेश बिंद की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी गांव छोड़कर फरार हो गया। मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंची और मामले की जांच शुरू की गई। डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि परिवार वालों ने गुरुवार को पुलिस को घटना की जानकारी दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद को सुलझाने के लिए सुरेश का चचेरा ससुर गांव आया था। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद मामला बढ़ गया और चचेरे ससुर ने लाठी-डंडे से सुरेश की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट में सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल सुरेश का इलाज कराया। इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम विशुनपुर गांव पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक जांच टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ एनसीसी शिविर का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** 38 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन, बियावानी में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। समारोह में जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य, एसपीएम कॉलेज के प्राचार्य तथा महाबोधि महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। समारोह के दौरान अतिथियों ने शिविर में कैडेट्स द्वारा किए गए प्रशिक्षण और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनसीसी के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, एकता, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित होती है। समापन सत्र को संबोधित करते हुए 38 बिहार बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल राजेश बाहरी ने कैडेट्स और प्रशिक्षण में शामिल जवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ उन्हें देश सेवा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दस दिवसीय शिविर के दौरान कैडेट्स को शस्त्र प्रशिक्षण, फायरिंग, सैन्य ड्रिल, मैप रीडिंग और प्राथमिक उपचार समेत विभिन्न सैन्य विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा कैडेट्स ने अनुशासन और टीम भावना के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।कमान अधिकारी ने शिविर के सफल संचालन के लिए सैन्य प्रशिक्षकों, सहयोगी एनसीसी अधिकारियों और सहयोगी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों का आभार जताया। उन्होंने सभी कैडेट्स को प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों को जीवन में अपनाने की सलाह दी। अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का औपचारिक समापन किया गया।

## एक नजर

### संत महोत्सव पर निकली भव्य पैदल शोभायात्रा

**बिहारशरीफ।** नालंदा में संत महोत्सव के अवसर पर अम्बा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष एवं पूर्व मुखिया आदित्य प्रतिभा सिन्हा तथा समाजसेवी जीवेश यादव के नेतृत्व में गुरुवार को भव्य पैदल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत मिल्कीपुर गांव से हुई, जो घोड़े और बैंड-बाजे के साथ राजा कुआं स्थित संत बाबा मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु भक्ति गीतों और संत बाबा के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। घोड़े और बैंड-बाजे शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण रहे। पूरे मार्ग में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। राजा कुआं स्थित संत बाबा मंदिर पहुंचने के बाद आदित्य प्रतिभा सिन्हा और समाजसेवी जीवेश यादव ने संत बाबा की समाधि पर विधिवत पूजा-अर्चना और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सहित पूरे नालंदा जिले में अमन-चैन, आपसी भाईचारा, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### महिला व एससी/एसटी थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ।** पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को महिला थाना एवं अनुसूचित जाति-जनजाति थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने थाना की कार्यप्रणाली, लंबित कांडों तथा विभिन्न अभिलेखों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उनके त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के संधारण, कांडों की जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा पीड़ितों की शिकायतों के निष्पादन की भी समीक्षा की गई। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान कार्य में तेजी लाने और मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने तथा पुलिस कार्यों में पूरी तत्परता बरतने पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिए पुलिस पदाधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें।

### चंदौरा में 48 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न

**हरनौत।** रहुई प्रखंड के सुपासंग पंचायत अंतर्गत चंदौरा गांव स्थित देवी स्थान मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय भक्ति अनुष्ठान गुरुवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हो गया। 48 घंटे तक चले अखंड कीर्तन के दौरान हरे राम-हरे कृष्ण के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. जगदीश प्रसाद और अमित कुमार ने बताया कि चंदौरा व इमली बीघा गांव के ग्रामीणों के सहयोग से देवी स्थान मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। इसके बाद तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन 151 महिलाओं व कन्याओं ने गाजे-बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली। इसके बाद अखंड कीर्तन शुरू हुआ। इस दौरान स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन समिति ने अंगवस्त्र व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ मंडप की परिक्रमा की। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है।

### जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

**बिहारशरीफ।** कामरान अशरफी के जन्मदिन के अवसर पर जीवन ज्योति ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद व गरीब परिवारों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना था। शिविर में युवाओं समेत कई लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज ने कहा कि रक्तदान एक सामाजिक और मानवीय कार्य है। युवाओं को ऐसी मुहिम से जुड़कर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।समाजसेवी आसिफ मल्लिक ने कहा कि रक्तदान कर उन्हें काफी अच्छा लगा।

# म्यूल अकाउंट से रहें सावधान, हो सकती है जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरीसराय।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत बैंक ऑफ इंडिया, मैरा बरीठ शाखा की ओर से गुरुवार को बहादुरगंज बाजार स्थित सरकारी भवन में विजिलेंस जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को भ्रष्टाचार, साइबर अपराध और म्यूल अकाउंट के खतरों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में पटना जोन के मुख्य प्रबंधक-सह-सतर्कता अधिकारी दीपक कुमार गुप्ता एवं क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक विकास कुमार ने बैंकिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि किसी दूसरे व्यक्ति के कहने पर अपने बैंक खाते में रकम मंगाना या किसी अन्य खाते में राशि ट्रांसफर करना जोखिम भरा हो सकता है। साइबर अपराधी ऐसे खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी और अवैध धन के लेन-देन में कर सकते हैं।उन्होंने ग्रामीणों से बैंक खाता, एटीएम या डेबिट कार्ड, पिन, ओटीपी, मोबाइल एवं इंटरनेट बैंकिंग से जुड़ी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की अपील की। साथ ही अज्ञात या संदिग्ध स्रोत से प्राप्त राशि को आगे ट्रांसफर नहीं करने की सलाह दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि म्यूल अकाउंट के जरिए संदिग्ध लेन-देन होने पर खाताधारक भी जांच और कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकता है।ग्रामीणों को अनधिकृत बैंकिंग लेन-देन की तत्काल सूचना देने, बैंक की शिकायत निवारण व्यवस्था का उपयोग करने तथा रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सतर्क रहने की जानकारी दी गई। अंत में ग्रामीणों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया।

# वीरायतन बीएड कॉलेज में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का दीक्षारंभ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** वीरायतन बी.एड. महाविद्यालय, पावापुरी में गुरुवार को बी.एड. सत्र 2026-28 के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. जय किशोर तिवारी के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की चेयरपर्सन साध्वी डॉ. संप्रज्ञा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए शिक्षा में सेवा, आत्मानुशासन और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों के बीच वेलकम किट का वितरण किया गया। साथ ही बी.एड. सत्र 2024-26 के आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शिप्रा वैश्यकियार, द्वितीय स्थान प्राप्त मधुपाल कुमार तथा तृतीय स्थान प्राप्त विशाल कुमार को प्रोत्साहन राशि, स्मृति चिह्न एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कोमल कुमारी ने किया। समन्वय डॉ. प्रवीण कुमार चौबे ने किया। प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार त्रिवेदी ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आवासीय विद्यालय में मेडिकल कैंप, छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिहारशरीफ।** छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 सितंबर को अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय, सब्बैत में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने विद्यालय की छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान छात्राओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ रक्तचाप, वजन सहित आवश्यक जांच की गई। चिकित्सकों ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श देते हुए संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ उनका स्वस्थ रहना भी जरूरी है। समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा किसी समस्या की समय रहते पहचान कर उचित मार्गदर्शन मिल सकता है। मेडिकल कैंप को लेकर छात्राओं और विद्यालय परिवार में उत्साह रहा। जिला कल्याण पदाधिकारी ने चिकित्सकीय टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नवादा

# पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नवादा जिला स्थित बूथ कमेटियों की बैठक

**डॉ. अनुज सिंह ने किया जनसंवाद**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के जनसुराज पार्टी के उम्मीदवार डॉ. अनुज सिंह ने नवादा जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर क्षेत्र की बूथ कमेटियों के सदस्यों के साथ न्यू एरिया स्थित सभागार में बैठक कर व्यापक जनसंवाद किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, स्नातक मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने तथा क्षेत्र की समस्याओं एवं अपेक्षाओं को समझने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। गौरतलब है कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में नवादा के साथ पटना और नालंदा जिले भी शामिल हैं। हालिया रिपोर्टों में डॉ. अनुज सिंह का नाम इस सीट से जन सुराज के संभावित उम्मीदवार के रूप में चर्चा में रहा है। बैठक में नवादा जिले के 14 प्रखंडों की बूथ कमेटियों के साथ-साथ शहर की तीन बूथ कमेटियों के लगभग पाँच सौ सदस्य शामिल हुए। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। संवाद के दौरान क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दे भी सामने आए। इस अवसर पर डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि “यह चुनाव केवल किसी एक व्यक्ति का चुनाव नहीं है, बल्कि स्नातक समाज की आवाज को मजबूती से सामने रखने का अवसर है। हमारा प्रयास रहेगा कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक स्नातक तक पहुंचकर उनकी समस्याओं, स्नातक साथियों के लिए प्रत्येक जिला में फ्री कॉम्पिटिशन की तैयारी के लिए कोचिंग,अपेक्षाओं और सुझावों को समझा जाए। शिक्षा, रोजगार, युवाओं के अवसर और स्नातक समाज से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने की आवश्यकता है।” उन्होंने कहा कि “संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से होती है। प्रत्येक बूथ के प्रत्येक वोटर तक पहुंचकर लोगों से संवाद करना और उनकी बात सुनना हमारी प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधित्व का अर्थ केवल चुनाव के समय लोगों के बीच जाना नहीं, बल्कि लगातार जनता के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाना है।”

डॉ. अनुज सिंह ने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क अभियान को गति देने तथा अधिक से अधिक स्नातक मतदाताओं से संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसंवाद के माध्यम से ही क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को समझा जा सकता है और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की जा सकती है। जनसंवाद में हिसुआ प्रखंड के उपप्रमुख धर्मवीर कुमार, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह,नवादा जिला जनसुराज अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, पटवासराय सरपंच देवराज पासवान, बलराम सिंह धुमड़ा, अनीश खान, धनसुरात पार्टी के जिलाध्यक्षा स्वीटी सिन्हा, पाली पंचायत मुखिया धनंजय कुमार, भदसेनी पूर्व पैक्स अध्यक्ष विक्रम कुमार सिंह, अजय कुमार सरपंच छतिहर, छोटी सिंह मुखिया ओड़ो, गोरेलाल सिंह पंचायत समिति समाय, भगवानपुर पंचायत मुखिया रणजीत चौहान, रामानुज सिंह उप मुखिया बेलर, शंकर सिंह रेवरा मुखिया सहित डॉ. अनुज सिंह के समर्थकों और क्षेत्र के बुद्धिजीवी नागरिकों की भी सक्रिय भूमिका रही।

# आत्मनिर्भरता दलहन मिशन से रजौली प्रखंड के किसान हो रहे लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहार सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित आत्मनिर्भरता इन पल्सेस मिशन (प्रत्यक्षण–अरहर) के तहत रजौली प्रखंड के किसानों के खेतों में लगे अरहर फसल का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान कीट-व्याधि प्रबंधन का भी निरीक्षण किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार एवं कृषि समन्वयक शंभू कुमार ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किसानों के खेतों का भ्रमण कर अरहर फसल की स्थिति, आच्छादन, पौधों की वृद्धि तथा सरकार द्वारा वितरित किए गए इनपुट्स के उपयोग की जानकारी ली। अधिकारियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप उत्पादन गतिविधियों का भौतिक सत्यापन किया और फसल की वर्तमान स्थिति पर संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान रजौली के प्रगतिशील किसान कामेश्वर प्रसाद, राकेश कुमार एवं रामावतार प्रसाद समेत अन्य किसानों से संवाद कर उन्हें अरहर की वैज्ञानिक खेती के गुर सिखाए गए। किसानों को संतुलित बीज एवं उर्वरक प्रबंधन, समय पर निकाई-गुड़ाई, जल निकासी तथा कीट-व्याधि नियंत्रण के लिए जैविक एवं रासायनिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती से हटाकर आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ना है। इससे दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता आएगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि अरहर दलहन की प्रमुख फसल है, जो न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है बल्कि बाजार में अच्छा मूल्य भी देती है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत बीज, जैव उर्वरक और कीटनाशक उपलब्ध कराए गए हैं। समय-समय पर खेतों का भ्रमण कर किसानों को तकनीकी सलाह दी जा रही है, ताकि फसल को कीट-व्याधि से बचाया जा सके और बेहतर उत्पादन प्राप्त हो। मिशन से जुड़े किसान काफी उत्साहित हैं और आने वाले समय में अधिक क्षेत्र में दलहन की खेती करने की योजना बना रहे हैं।

# गोवर्धन मंदिर में राधा-कृष्ण को अर्पित किया गया हलवा भोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नूतन उन्नति फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को शहर स्थित गोवर्धन मंदिर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ राधा-कृष्ण जी को हलवा का भोग अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम पांच बजे फाउंडेशन के सदस्य एवं कार्यकर्ता गोवर्धन मंदिर परिसर में एकत्र हुए। सर्वप्रथम राधा-कृष्ण जी की पूजा-अर्चना कर विधिवत हलवा का भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी से सुख, शांति, समृद्धि तथा समाज के कल्याण की कामना की। इसके बाद भोग को प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं एवं उपस्थित सदस्यों के बीच वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद पुष्पा देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने राधा-कृष्ण जी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सहयोग और सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों में लोगों की सहभागिता सामाजिक एकता और सेवा भावना को भी बढ़ावा देती है। इस अवसर पर नूतन उन्नति फाउंडेशन के निदेशक नूतन बिहारी ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को सेवा, सहयोग और सद्भाव से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि राधा-कृष्ण के प्रति श्रद्धा हमें प्रेम, समर्पण और मानवता का संदेश देती है।

# कचरे के जमाव की शिकायत पर नगर परिषद ने शुरू की सफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा नगर परिषद क्षेत्र के मेन रोड में लंबे समय से कचरे के जमाव की शिकायत मिलने के बाद नगर परिषद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। बरसात के दौरान भी नगर परिषद की टीम ने मेन रोड और आसपास के क्षेत्रों में फैले कचरे को उठाने का काम शुरू कर दिया। सफाई अभियान शुरू होने से स्थानीय लोगों में राहत देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मेन रोड पर जगह-जगह कचरा जमा होने से आवागमन के साथ-साथ आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई थी। कचरे के कारण गंदगी और दुर्गंध फैलने की शिकायत भी लोगों द्वारा की जा रही थी। लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से तत्काल सफाई कराने की मांग की थी। शिकायत पर नगर परिषद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सफाई कर्मियों और संबंधित टीम को मौके पर भेजा। इसके बाद मेन रोड में जमा कचरे को हटाने का कार्य शुरू किया गया। बारिश के बीच भी सफाई कर्मियों द्वारा कचरा उठाने का काम जारी रखा गया। बताया जाता है कि नवादा नगर परिषद के सिटी मैनेजर के प्रयास से सफाई अभियान को तत्काल गति मिली और संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर परिषद की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने संतोष व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि समय पर कचरा उठाए जाने से सड़क और आसपास का क्षेत्र साफ-सुथरा होगा तथा आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। लोगों ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर परिषद पदाधिकारी एवं सिटी मैनेजर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होती रहे तो शहर की सफाई व्यवस्था में और सुधार आएगा। नगर परिषद प्रशासन की इस पहल से यह संदेश भी गया है कि नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर समय पर कार्रवाई की जा सकती है।

# आयुर्वेद से संवरेगा बच्चों का स्वास्थ्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रजौली(नवादा)।** रजौली स्थित प्राथमिक विद्यालय, डूमरकोल में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत जिला आयुष समिति, नवादा द्वारा ‘आयुर्विद्या’ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य आयुष पद्धतियों के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक करना था, ताकि बच्चे कम उम्र से ही अपनी पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियों के प्रति सजग हो सकें। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 75 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार, डॉ. उदय चंद्र प्रसाद तथा डॉ. माधुरी सीमा ने बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य, सही दिनचर्या और प्राकृतिक औषधियों के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय की शिक्षिका चिंता कुमारी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में मेज पर औषधीय पौधे प्रदर्शित कर बच्चों को प्रकृति एवं स्वास्थ्य के जुड़ाव को व्यावहारिक रूप से समझाया गया।

### बिरहोरटांड़ टोला में रंगोली एवं दीवार लेखन चित्रकारी कार्यक्रम का आयोजन

**कौआकोल।** सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रखण्ड के सोखोदेवरा पंचायत स्थित बिरहोरटांड़ टोला में गुरुवार को रंगोली और दीवार लेखन चित्रकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह और स्थानीय समुदाय के बीच विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सामाजिक विषयों।के प्रति जागरूकता फैलाना है। आयोजन के दौरान स्थानीय निवासियों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आकर्षक रंगोली तथा दीवार लेखन के माध्यम से कलात्मक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेश नाथ चौधरी ने सरकार द्वारा जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं स्थानीय विकासमित्र जितेंद्र मांझी ने भी उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए सामुदायिक सहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां गांव के दारोबीघा बधार से 18 जुलाई को युवक ओंकार कुमार का शव बरामद होने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मृतक की पत्नी मंजू देवी का भाई जगत प्रसाद उर्फ जगत कुमार तथा पिता उदय प्रसाद उर्फ उदय महतो शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को बड़ी गुलनी स्थित उनके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गुरुवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पूर्व पुलिस ने मामले में नामजद मृतक की पत्नी मंजू देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। मामले में मृतक के भाई चितरंजन कुमार के आवेदन पर कौआकोल थाना कांड संख्या 365/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आवेदन में ओंकार कुमार की जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया था। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी कर रही है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कौआकोल।** कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर बुधवार की देर शाम फुलडीह मोड़ से आगे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रूपौ थाना क्षेत्र के पाण्डेयगंगौट गांव निवासी लखन राम के 42 वर्षीय पुत्र शंकर कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना पर स्थानीय मुखिया दीपक कुमार ने गहरा दुःख जताया। उन्होंने कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत मृतक के परिजनों को तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने तथा मृतक की पुत्री की शादी में भी आर्थिक सहयोग करने की बात कही।

### झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित

**अकबरपुर।** प्रखंड में बुधवार की शाम मौसम में अचानक बदलाव के साथ शुरू हुई बारिश गुरुवार की देर सुबह तक जारी रही रात में बारिश ने झमाझम रूप ले लिया, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण अधिकांश लोग घरों में ही रहने को मजबूर रहे बाजार की कई दुकानें सुबह करीब 9 बजे तक बंद रहीं, जिसके चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, बारिश के बाद अकबरपुर, फतेहपुर बरेब नेमदारगंज बाजार के कई प्रमुख इलाकों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से एनएच 20 नाले बनाए गए हैं लेकिन नालों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण बारिश के दौरान जलनिकासी की समस्या बनी रहती है। सड़क पर पानी जमा होने से राहगीरों और मोहल्लेवासियों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने और संक्रामक बीमारियों की आशंका को लेकर भी लोगों में चिंता है।

# मगध विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वां स्थापना दिवस




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** राष्ट्रीय सेवा योजना के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में गुरुवार को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र के उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी, मुख्य अतिथि मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव, विशिष्ट अतिथि के रूप में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया जी के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर उषा तिवारी तथा सह-संरक्षक कुलसचिव प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम तथा मगध विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मगध विश्वविद्यालय की कुलसचिव के द्वारा स्वागत भाषण के साथ शुरू किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मगध जोन के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कि हमारे बिहार का एक गौरवशाली इतिहास रहा है जहां पर चाणक्य, आर्यभट्ट और कई ऐसे महान विभूतियां पैदा हुई। हमें बिहार के गौरव को अगर पुनः वापस लौटना है तो युवाओं को स्वयं तैयार रखना पड़ेगा और ऐसी व्यवस्था स्थापित करनी होगी जिसमें हर व्यक्ति अपना योगदान दे। उन्होंने छोटी कथा के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने आय की असमानता को समझाते हुए कहा कि भारत तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक बिहार विकसित नहीं हो जाता। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी ने अपने विद्यार्थी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री महोदय द्वारा 'कैच द रैन' अभियान के लिए शुभारंभ किया गया। इस अभियान का एक ही उद्देश्य है कि जल का समुचित उपयोग एवं वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन करना। आज मगध विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मना रहा है। 56 साल की यात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना ने न सिर्फ राष्ट्र निर्माण में बल्कि समाज के कमजोर वर्ग से लेकर कई दुर्लभ क्षेत्र के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। कार्यक्रम का आयोजन मगध विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार के द्वारा किया गया और उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए विगत उपलब्धियां का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि टीकाराम महिला कॉलेज, अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के आचार्या पुनिता गुप्ता एवं कुलसचिव प्रोफेसर बी. के. मंगलम थे। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत लगभग 15 कॉलेजों के 16 इकायियों ने एकल नृत्य, एकल गायन, संभाषण, एवं समूह नृत्य पर प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

## गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के साथ बप्पा को दी विदाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण यज्ञ समिति की ओर से आजाद पार्क में आयोजित दस दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन गुरुवार को भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना और हवन के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना डालमिया, पूरी कमेटी के सदस्यों, अनिल स्वामी, विनोद जयपुरिया, अनंत धीश अमन तथा सशक्त स्थायी समिति सदस्य सारिका वर्मा ने हवन-पूजन किया। इसके बाद एक हजार से अधिक लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को भगवान गणेश की प्रतिमा को रथ पर सजाकर नम आंखों से विदाई दी गई। अनंत धीश अमन ने गणेश प्रसाद का दुकानों पर वितरण किया। धामिटोला स्थित डालमिया सिंथेटिक्स दुकान के पास भी भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयघोष के साथ विसर्जन यात्रा आजाद पार्क से निकली जो टेकारी रोड और जीबी रोड होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा में आयोजक अभिषेक डालमिया, गौतम डालमिया, चैंबर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष प्रमोद भदानी, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन, विनोद जयपुरिया, प्राण मित्तल, रूणु डालमिया, बादशाह डालमिया, रितु डालमिया, रवि, विकास शर्मा, राजेश और सशक्त स्थायी समिति सदस्य सारिका वर्मा, सुनील बम्बईया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए।

## काज पंचायत में विशेष ग्राम सभा शांतिपूर्ण संपन्न, आवास योजना में नाम देख ग्रामीणों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड के काज पंचायत में गुरुवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान आवास योजना के बारे में मुखिया द्वारा जानकारी दी गई एवं लाभुक की सूची में अपना-अपना नाम देखकर ग्रामीणों में खुशी देखने को मिला। ग्रामीणों ने पंचायत की पहल के लिए मुखिया को धन्यवाद दिया। विशेष ग्राम सभा की अध्यक्षता काज पंचायत के मुखिया रितेश कुमार सिंह ने की। सभा को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि आवास योजना के सर्वे के दौरान पंचायत में पात्र लोगों का नाम शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि वास्तविक रूप से आवास योजना का लाभ लेने के योग्य लोगों को सूची में शामिल करने का प्रयास किया गया है जिसमें 1441 लाभुकों का नाम जारी किया गया है वही वैसे वास्तविक गरीब लाभुक जिनका नाम किसी कारण से नाम कट गया है और जिन्हें लाभ मिलना अति आवश्यक था वैसे लोगों से उन्होंने ग्रामीणों से अपील की ग्राम सभा में योजनाओं से संबंधित जानकारी को ध्यानपूर्वक देखें और किसी प्रकार की आपत्ति या समस्या होने पर पंचायत स्तर पर जानकारी दें। मौके पर आवास सहायक विनोद कुमार, पंचायत सचिव अभिषेक कुमार, जदयू उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य राणा अश्रुविन आजाद, सरपंच बसंत कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पीएम आवास को लेकर तिनेरी और श्रीगांव में ग्रामसभा, पात्रता सूची पर मंथन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड की तिनेरी और श्रीगांव पंचायत में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। श्रीगांव में मुखिया कलावती कुमारी और तिनेरी में मुखिया शबीला बानो की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामसभा में आवास प्लस ऐप 2.0 (2024) के तहत जोड़े गए परिवारों की प्रतीक्षा सूची में अंकित योग्य-अयोग्य लाभार्थियों के अंतिम अनुमोदन पर चर्चा हुई। ग्रामसभा में मुखिया शबीला बानो ने बताया कि तिनेरी पंचायत में 1375 लोगों का नाम सूची में आया है जिसे दीवार पर चिपका दिया गया है जबकि करीब 200 लोगों का नाम अब तक नहीं आया है। उनकी जांच एआई के माध्यम से चल रही है और जल्द ही नाम जुड़ने की उम्मीद है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहू, रमेश कुमार उर्फ लालू यादव सहित आवास सहायक और ग्रामीण मौजूद रहे।

## अस्थायी पुल से गिरकर गर्भवती महिला और बच्चे की मौत, गांव में पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पइन पार करने के लिए बनाए गए अस्थायी पुल से गिरकर गर्भवती महिला और उसके गोद में मौजूद बच्चे की डूबने से मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में मां-बेटे की एक साथ मौत से इलाके में मातम पसरा है। घटना बुधवार की बताई जा रही है। मृतकों की पहचान मऊ थाना क्षेत्र के गुलजार बाग गांव निवासी झोली मांझी की 22 वर्षीय पुत्री उर्मिल देवी और उसके पुत्र आदित्य कुमार के रूप में हुई है। उर्मिल की शादी मानिकपुर थाना क्षेत्र के केमदारचक गांव निवासी अनिल मांझी के साथ हुई थी। दंपती के दो पुत्र और एक पुत्री थे। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को उर्मिल अपने बच्चों के साथ मायके लौट रही थी। रास्ते में पइन पार करने के लिए बिजली के खंभों को रखकर अस्थायी पुल बनाया गया था। उर्मिल ने पहले अपने एक पुत्र और पुत्री को पुल पार करा दिया। इसके बाद गोद में बच्चे को लेकर खुद पुल पार करने लगी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह बच्चे समेत गहरे पानी में जा गिरी। पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से मां-बेटे के शवों को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। मऊ थानाध्यक्ष पीयूष जायसवाल ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बिजली के खंभों के सहारे बने अस्थायी पुल से हुए इस हादसे ने एक बार फिर ग्रामीणों के सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर डीआरएम ने गया जंक्शन का किया निरीक्षण

### अनुग्रह नारायण रोड घाट स्टेशन पर भी व्यवस्थाओं को देखा, कुम्हऊ स्टेशन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा, सुगम आवागमन तथा संरक्षा-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने गया जंक्शन पर मेला तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सहित संबंधित सभी शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

गया जंक्शन पर मंडल रेल प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, होल्डिंग एरिया एवं प्रतीक्षालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान यात्रियों के प्रवेश-निकास एवं आवागमन की व्यवस्था तथा संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए होल्डिंग एरिया में यात्रियों के सुव्यवस्थित ठहराव एवं प्लेटफॉर्म की ओर आवागमन की व्यवस्था का जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने पूरे स्टेशन परिसर में पितृपक्ष मेला के मद्देनजर की गई यात्री सुविधाओं, सूचना एवं उद्घोषणा व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा संरक्षा-सुरक्षा संबंधी तैयारियों का भी निरीक्षण किया। इससे पहले मंडल रेल प्रबंधक ने अनुग्रह नारायण रोड घाट हाल्ट स्टेशन का निरीक्षण किया। पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन एवं पिंडदान के मद्देनजर यहां की यात्री सुविधा तथा संरक्षा-सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले कुम्हऊ स्टेशन का निरीक्षण किया गया जहां मंडल रेल प्रबंधक ने परिचालन व्यवस्था का जायजा लेने के साथ नए स्टेशन भवन के निर्माण एवं उसमें संबंधित स्थापना कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित है। मेला अवधि में गया जंक्शन एवं संबंधित स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा यात्री सुविधा, भीड़ प्रबंधन एवं संरक्षा-सुरक्षा संबंधी व्यापक व्यवस्था की गई है। मंडल रेल प्रबंधक ने मेला अवधि के दौरान विशेष सतर्कता रखते हुए यात्री सुविधा बनाए रखने तथा सभी स्थानों पर सुगम एवं अवरोध मुक्त आवागमन सुनिश्चित रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## गहने साफ करने का झांसा देकर महिला से तीन लाख के जेवर लेकर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के काज टोला चटकबिघा में गुरुवार को गहने साफ करने का झांसा देकर दो अज्ञात युवक एक महिला से करीब तीन लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित महिला साधना देवी, पति आलोक प्रसाद ने बताया कि दो युवक अपाची मोटरसाइकिल से उनके घर पहुंचे। दोनों ने खुद को आइएमसी कंपनी का सदस्य बताते हुए काज पंचायत सरकार भवन में कंपनी का कैंप लगने और निःशुल्क उत्पाद देने की बात कही। इसके बाद उन्होंने कंपनी के लिक्विड से सोने-चांदी के गहने साफ करने का झांसा दिया। महिला उनके झांसे में आ गई और गहने साफ करने के लिए एक-एक कर अपने आभूषण उन्हें दे दिए। इसी दौरान युवकों ने महिला से गर्म पानी लाने को कहा। महिला जैसे ही गर्म पानी लेने गई, दोनों युवक गहने लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों युवक फरार हो चुके थे। घटना के बाद महिला का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की मांग की है।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन आमंत्रण सूचना**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2026-27**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 896/जि0प0, दिनांक 23.05.2026 एवं ज्ञापांक 1568/जि0प0, दिनांक 27.08.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में पलामू जिला के चयनित विभिन्न पंचायत भवनों का मरम्मति कार्य कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 28.09.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.09.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 08.10.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.10.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | सुआ | पंचायत भवन सुआ का मरम्मति। | 2250000.00 | 45000.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-04/ 2026-27/ Gr-01 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू** (District Engineer, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/– जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 390364 District (26-27)_D


## पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में राजभाषा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में चलने वाले राजभाषा पखवारा-2026 के आयोजन के क्रम में 24.09.2026 को कर्मचारी क्विज प्रतियोगिता तथा 23.09.2026 को अधिकारी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केशव त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। राजभाषा क्विज प्रतियोगिता में कुल 6 पुरस्कार हैं -प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रेरणा के तीन, राजभाषा विभाग पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर की ओर से राजभाषा पखवारा-2026 के क्रम में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न प्रतियगिताओं के आयोजन से रेल कर्मियों के बीच हिंदी में कार्य करने की प्रवृत्ति बढ़ती है। मौके पर प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। कर्मचारी संवर्ग में वाणिज्य विभाग को प्रथम स्थान, सिगनल विभाग को द्वितीय स्थान एवं परिचालन विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं कार्मिक विभाग, भंडार विभाग एवं विद्युत विभाग को प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त हुआ जबकि अधिकारी संवर्ग में भारत भूषण, सहायक संपदा अधिकारी को प्रथम स्थान, विजय कुमार, सहायक सचिव/सामान्य को द्वितीय स्थान एवं स्वाति कुमारी, सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 3 अधिकारियों शशिकांत निराला, निजी सचिव-1, विजय कुमार चौबे, उप निरीक्षक एवं शिमला कुमारी, सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर को प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## निरंतर ऊर्जा के लिए सत्तू पर भरोसा : मुख्य सचिव

### सत्तू वेंडिंग मशीन का पटना में मुख्य सचिव ने किया अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पारंपरिक पोषण को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए ऑरिक मिल्स की ओर से बनाई गई सत्तू वेंडिंग मशीन का अनावरण मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने किया। मौके पर ऑरिक मिल्स के सह संस्थापक सह डायरेक्टर विशाल आनंद भी उपस्थित थे। यहां मुख्य सचिव ने कहा कि सत्तू सिर्फ एक ड्रिंक नहीं है- यह दुनिया भर के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए एक अनमोल उपहार है। पीढ़ियों से हमारे किसान और परिवार किफायती, प्राकृतिक पोषण और निरंतर ऊर्जा के लिए सत्तू पर भरोसा करते आए हैं। यह बेहद गर्व की बात है कि ऑरिक मिल्स ने इस वेंडिंग मशीन के लिए सबसे पहले बिहार को चुना। ऑरिक मिल्स के डायरेक्टर विशाल आनंद ने कहा कि हम भारत के सबसे पौष्टिक पारंपरिक भोजन को वह आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर देना चाहते हैं जिसके वह हकदार है। सत्तू वेंडिंग मशीन के जरिए हमारा लक्ष्य इसे देश के कोने-कोने में पहुंचाना है। हमारे द्वारा बनाए गए तीन प्री मिक्स फ्लेवर्ड सत्तू भी ग्राहकों को एक नया अनुभव प्रदान करेगा। सत्तू के साथ बिहार के गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को देखते हुए ऑरिक मिल्स ने अपने इस नए आविष्कार के देशव्यापी लॉन्च के लिए सबसे पहले बिहार की धरती को चुना है।

# एक क्लिक पर गयाजी की पूरी जानकारी

## पिंडदान से ठहरने और यातायात तक डिजिटल सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गयाजी और पुनपुन में 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले पितृपक्ष मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल गयाजी में मेले का उद्घाटन करेंगे। देश-विदेश से आने वाले पिंडदानियों की सुविधा के लिए इस बार पारंपरिक व्यवस्थाओं के साथ डिजिटल सुविधाओं को भी जोड़ा गया है। 'पिंडदान गया जी' मोबाइल ऐप और वेबसाइट पिंडदानियों के लिए डिजिटल सहारा बनेगी। इसके माध्यम से पिंडदान की वेदियों, धार्मिक अनुष्ठानों, पंडा, आवासन, यातायात, पार्किंग, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। 'पिंडदान गया जी' ऐप और वेबसाइट पर विभिन्न पिंडदान वेदियों, धार्मिक अनुष्ठानों और पंडा से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई है। पिंडदानी मेले में पहुंचने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण कर अपनी यात्रा की योजना बना सकेंगे। टेंट सिटी, सरकारी आवासन, होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं की उपलब्धता, क्षमता और संपर्क की जानकारी भी डिजिटल माध्यम से मिलेगी। इससे श्रद्धालु पहले से आवासन और पिंडदान की व्यवस्था तय कर सकेंगे। इस ऐप पर रेलवे समय-सारणी, हवाई कनेक्टिविटी और स्थानीय परिवहन की जानकारी उपलब्ध रहेगी। प्रमुख मार्ग, पार्किंग स्थल, प्रीपेड ऑटो-टैक्सी, ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा और बसों के निर्धारित किराये की जानकारी भी मिल सकेगी। शौचालय, पेयजल केंद्र, स्वास्थ्य शिविर और पुलिस कैंप की लोकेशन भी देखी जा सकेगी। डिजिटल खोया-पाया सुविधा के जरिए लापता व्यक्ति की सूचना दर्ज कराने और जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। पुलिस, अस्पताल, एंबुलेंस, स्वास्थ्य शिविर और हेल्पलाइन के संपर्क भी उपलब्ध रहेंगे। मेले में वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 150 ई-रिक्शा निशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। चांद चौरा चौक से विष्णुपद और विष्णुपद से बंगाली आश्रम तक पिंडदानी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। वहीं 2500 बेड की टेंट सिटी के साथ सूचना केंद्र और समर्पित हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित पर्यटक गाइड भी पिंडदानीयों की सहायता के लिए तैनात रहेंगे। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी, ड्रोन और वीडियो कैमरों से निगरानी की जाएगी। बेहतर प्रबंधन के लिए पूरे क्षेत्र को पांच जोन और 54 सेक्टरों में बांटा गया है। स्वच्छता के लिए तीन पालियों में व्यवस्था के साथ पेयजल, प्रकाश, पार्किंग, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। 'मे आई हेल्प यू' काउंटरों पर एआई आधारित गूगल ट्रांसलेटर की सुविधा से भाषा की बाधा भी दूर की जाएगी। पुनपुन में भी पिंडदानियों के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुनपुन घाट पर 5 हजार क्षमता वाले पंडाल की व्यवस्था की गई है। यहां पिंडदान, पूजा-अनुष्ठान, पेयजल, शौचालय, प्रकाश, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षा की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सूचना केंद्र, हेल्पलाइन और गाइड की व्यवस्था के साथ यातायात एवं पार्किंग के विशेष इंतजाम किए गए हैं। पिंडदानियों के लिए पिंडदान पैकेज भी उपलब्ध है, जिसमें परिवहन, पूजा सामग्री, पिंडदान, भोजन और आवासन जैसी सुविधाएं शामिल हैं।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 06/2026-27**

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य अनुदान) मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 28.09.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.09.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 08.10.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.10.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पाटन | सेमरी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र सेमरी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-06/ 2026-27/ Gr-01 |
| 2 | पाटन | कांके कला | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कांके कला का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-06/ 2026-27/ Gr-02 |
| 3 | पाटन | सिरमा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र सिरमा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-06/ 2026-27/ Gr-03 |
| 4 | पाँकी | लोहरसी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र लोहरसी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-06/ 2026-27/ Gr-04 |

नोट – 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/– जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 390371 District (26-27)_D

संपादकीय

## अंसारी का बयान, लाभ भाजपा को

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी द्वारा एक कार्यक्रम में हिंदू दक्षिणपंथ को लेकर दिया गया बयान 'आ बैल मुझे मार' किस्म का ज्यादा है। इससे आज की परिस्थिति में कांग्रेस को क्या राजनीतिक लाभ होगा, ये वही जानें। अलबत्ता इसने भाजपा को ताबड़तोड़ हमले का मौका जरूर दे दिया है। दरअसल पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी ने बीते शुक्रवार को दिल्ली के इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित एजी नूरानी मेमोरियल लेक्चर के दौरान स्व. एजी नूरानी की एक किताब 'द आरएसएसः अ मीनेस टू इंडिया' का ज़िक्र करते हुए उसके कुछ अंशों को पढ़ा था। अपने भाषण के दौरान इसी किताब का एक उद्धरण देते हुए अंसारी ने 'हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता' के ख़तरे को लेकर जवाहरलाल नेहरू की चेतावनी का ज़िक्र किया। उन्होंने जो कहा वह वास्तव देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का कथन है। जिसमें उन्होंने हिंदू साम्प्रदायिकता को वामपंथ से भी ज्यादा खतरनाक कहा था। उल्लेखनीय है कि एजी नूरानी संविधान विशेषज्ञ और जाने-माने क़ानूनविद थे। 93 साल की उम्र में साल 2024 में उनकी मृत्यु हो गई थी और उन्होंने भारत के विभाजन, कश्मीर, मानवाधिकार, चीन के साथ युद्ध और दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता समेत कई मुद्दों पर किताबें लिखी थीं। जाहिर है कि नूरानी देश की सेकुलर धड़े के हरकारे थे। जहां तक अंसारी की बात है तो वे पूर्व कूटनीतिज्ञ रहे हैं और उनका परिवार शुरू से कांग्रेसी रहा है, उनके परदादा मुख्तार अहमद अंसार आजादी के पहले कांग्रेस अध्यक्ष भी रह चुके हैं। ऐसे में उनका आरएसएस विरोधी होना सामान्य बात है। लेकिन देश के वर्तमान हालात में उनका एक कथन को उद्धृत करना भी राजनीतिक बवाल का कारण बन गया है। उनके बयान पर भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'ये बयान भारत की छवि को ख़राब करने की कोशिशों के एजेंडे का हिस्सा है। भारत के उपराष्ट्रपति के तौर पर कार्यकाल पूरा कर चुके हामिद अंसारी का यह बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। योगी ने कहा कि अंसारी का बयान डराने वाला तथा भारतीय संस्कृति और भारतीय परंपरा के ख़िलाफ़ था यह भारत की छवि दुनिया भर में ख़राब करने की कुछ कोशिशों के एजेंडे का हिस्सा है, जिन्हें भारत विरोधी ताक़तें लगातार आगे बढ़ा रही हैं। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी हामिद अंसारी के बयान को 'अनुपयुक्त और अस्वीकार्य' बताया। बीजेपी नेता सैयद शाहनवाज़ हुसैन ने हामिद अंसारी से माफ़ी मांगने की मांग की है। कुछ नेताओं ने अंसारी का बचाव भी किया। मसलन एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अंसारी के बचाव में कहा कि अंसारी एक विद्वान व्यक्ति हैं। आप उनसे असहमत हो सकते हैं, लेकिन अगर कोई उनकी विद्वता पर सवाल उठाते हुए यह कहे कि उन्हें देश से प्यार नहीं है, तो मैं इस बात पर बिल्कुल विश्वास नहीं करता। लेकिन यहां बात टाइमिंग की है। अंसारी ने यह बात तब कही है, जब कुछ महीने बाद ही यूपी में विधानसभा चुनाव होने हैं। अंसारी भी यूपी के ही रहने वाले हैं। वो कांग्रेस के बहुत निकट रहे हैं। यही वजह है कि उन्हें तत्कालीन यूपीए सरकार ने दो बार उपराष्ट्रपति् बनने का मौका दिया। लेकिन अगर यूपी की ही बात की जाए तो कांग्रेस की बड़ी समस्या बहुसंख्यक वोटों को अपने खेमे में लौटाने की है। तभी उसे सत्ता मिल सकती है। मुस्लिम वोट तो कांग्रेस को काफी कुछ मिलता ही है। अंसारी के बयान को भाजपा इस बयान को बहुसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ प्रोजेक्ट करने में लगी है। उसे अपना हिंदू वोट बैंक एकजुट रखना है। केवल हिंदुओं को आतंकवादी बताकर अंसारी क्या साबित करना चाहते हैं। उनके एसे बयान से कांग्रेस को क्या लाभ होगा, समझना मुश्किल है।

# फाइबर से भविष्य तकः भारत के वस्त्र विकास में स्थायित्व पर जोर



श्री गिरिराज सिंह

भारत ने 2030 तक 350 बिलियन डॉलर के कपड़ा और परिधान उद्योग का लक्ष्य रखा है। स्थायित्व धीरे-धीरे अब प्रतिस्पर्धात्मकता रणनीति के केंद्र की ओर बढ़ रहा है। फाइबर, यार्न, फैब्रिक, प्रसंस्करण, परिधान, टेक्निकल टेक्सटाइल और मेड-अप तक फैले सेक्टर के लिए, स्थायित्व तेजी से प्रतिस्पर्धात्मकता, बाजार पहुंच और जिम्मेदार विकास का प्रश्न बनती जा रही है।

जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विश्व पर्यावरण और सशक्तिकरण के लिए फैशन के विजन को अपना रहा है। भारत इस संबंध में विश्व को नेतृत्व प्रदान कर सकता है तो उन्होंने भारत के वस्त्र परिदृश्य में लगातार बढ़ते परिवर्तन की ओर इंगित किया।

वस्त्र सेक्टर एक प्रमुख रोजगार इंजन है, जो प्रत्यक्ष रूप से 49 मिलियन से अधिक आजीविका की सहायता करता है। इसके घरेलू बाजार का मूल्य लगभग 196 बिलियन डॉलर है और 2030 तक इसके 250 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत ने वर्ष 2030 तक वस्त्र निर्यात में 100 बिलियन डॉलर का लक्ष्य निर्धारित किया है।

वस्त्र मंत्रालय का स्थायित्व एजेंडा इस दोहरी वास्तविकता को दर्शाता है। यह एक सरल कथन के इर्द-गिर्द निर्मित है कि भारत को विकास और स्थिरता के बीच चयन नहीं करना चाहिए। इसकी जगह, स्वच्छ उत्पादन, संसाधन दक्षता, चक्रीयता और उत्तरदायी विनिर्माण वस्त्र सेक्टर के अगले विकास अध्याय की नींव बनने के लिए तैयार हैं।

स्थायित्व प्रतिस्पर्धात्मकता का मुद्दा क्यों बन गया है

वैश्विक ब्रांड अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए तेजी से महत्वाकांक्षी स्थिरता लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। उपभोक्ता पुनः उपयोग, मरम्मत किए गए और पुनर्नवीनीकृत उत्पादों में अधिक रुचि दिखा रहे हैं, जबकि प्रमुख निर्यात बाजारों में नीति निर्माता पर्यावरणगत प्रदर्शन, पुनर्नवीनीकृत सामग्री, ट्रैसिबिलिटी, रसायन, पानी और ऊर्जा उपयोग जैसी आवश्यकताएं प्रस्तुत कर रहे हैं। भारत की जलवायु प्रतिबद्धताएं- जिसमें 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता, नवीकरणीय ऊर्जा से 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताएं और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन शामिल हैं- भी वस्त्र सेक्टर को निम्न कार्बन विकास पथ की ओर ले जा रही हैं। इसलिए भारतीय निर्यातकों के लिए, स्थिरता एक गौण अनुपालन मुद्दे से आगे बढ़ रही है और औद्योगिक प्रतिस्पर्धा का एक अभिन्न अंग बन रही है।

बड़े विनिर्माण आधार, विविध कच्चे माल, तकनीकी क्षमताओं, एक स्थापित रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग इकोसिस्टम, एक बढ़ते स्टार्ट-अप परिदृश्य और समूहों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग संघों के एक विस्तृत नेटवर्क के साथ भारत की स्थिति मजबूत होती जा रही है। चक्रीयता भारत के लिए पूरी तरह से नई नहीं है। रफुगरी, कांथा, गोधाड़ी, चिंडी की दरियों और खेश बुनाई जैसी परंपराओं ने पीढ़ियों से समुदायों में मरम्मत और पुनः उपयोग को शामिल किया है। भारत द्वारा वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम 2026 की मेजबानी इस बड़े बदलाव को और अधिक दर्शाती है, जो विचारों को साझेदारी और मापनीय समाधानों में बदलने के लिए सरकारों, उद्योग, नवप्रवर्तकों और विशेषज्ञों को एकजुट करती है।

**वस्त्र अपशिष्ट को एक चक्रीय अवसर में बदलना-** चक्रीयता को व्यवहार में लाने के लिए सबसे स्पष्ट क्षेत्रों में से एक वस्त्र अपशिष्ट है। 2026 में मंत्रालय द्वारा किए गए एक अध्ययन, इसमें 15 राज्यों और 250 से अधिक हितधारकों की परस्पर बातचीत को शामिल किया गया है। इसमें 70.73 लाख टन वार्षिक वस्त्र अपशिष्ट उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। 70 प्रतिशत से अधिक को पहले ही पुनर्प्राप्ति हो चुकी है और 95 प्रतिशत से अधिक पूर्व-उपभोक्ता वस्त्र अपशिष्ट की प्राप्ति के साथ इसे रीसाइक्लिंग, डाउनसाइक्लिंग या अपसाइक्लिंग के लिए भेज दिया गया है। एक बड़ा अंतराल उपभोक्ता- पश्चात अपशिष्ट का है, जहां संग्रह, पृथक्करण और आर्थिक रूप से व्यवहार्य प्राप्ति की प्रणाली कम विकसित है। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत का वस्त्र रीसाइक्लिंग बाजार 2030 तक लगभग 3.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। इसमें संग्रह, छंटाई, फाइबर रिकवरी, रीसाइक्लिंग, अपसाइक्लिंग, मरम्मत और टिकाऊ विनिर्माण के अवसर हैं, जिसमें लगभग एक लाख हरित रोजगार पैदा करने की क्षमता है।

मंत्रालय समस्या की मात्रा निर्धारित करने से आगे बढ़कर इस लूप को बंद करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और बाजार तंत्र के निर्माण की ओर बढ़ रहा है। कई शहरों में टेक्सटाइल रिकवरी सुविधाओं का प्रायोगिक संचालन किया जा रहा है, जबकि वस्त्र-अपशिष्ट मानचित्रण मिश्रित और गैर-पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों के लिए मजबूत संग्रह और छंटाई प्रणालियों एवं नीति समाधानों की आवश्यकता की पहचान कर रहा है। नवी मुंबई में वस्त्र समिति द्वारा नवी मुंबई नगर निगम, साहस फाउंडेशन और महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी में लागू किए गए एक वस्त्र-अपशिष्ट प्रबंधन पायलट ने लैंडफिल और कूड़ा जलाने की प्रक्रिया से प्रति माह 3,323 किलोग्राम से अधिक वस्त्र अपशिष्ट को डायवर्ट किया। वे 12,000 से अधिक परिवारों तक पहुंचे और 80 से अधिक संग्रह डिब्बे स्थापित किए। इसने 1,000 से अधिक नमूना और पुनर्चक्रित उत्पादों का भी उत्पादन किया। वस्त्र समिति, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) और स्कोप के बीच साझेदारी के माध्यम से, प्रमाणित अपसाइकल किए गए वस्त्र उत्पादों को सार्वजनिक खरीद में लाया जा रहा है। 31 अपसाइक्लर्स को अपसाइकल्ड टेक्सटाइल मार्क के तहत प्रमाणित किया गया है, जिसमें 27 श्रेणियां और 40 उत्पाद जीईएम पर हैं। इससे सर्कुलर उत्पादों के लिए एक सुनिश्चित बाजार बनाने में मदद मिलती है।

**स्वच्छ उत्पादनः पानी, ऊर्जा और रसायन-** चक्रीयता स्थिरता की कहानी का केवल एक हिस्सा है। वस्त्रों के अधिकांश पर्यावरणीय पदचिह्न विनिर्माण और प्रसंस्करण के दौरान सृजित किए जाते हैं, जिससे पानी, ऊर्जा और रसायन समान रूप से महत्वपूर्ण हो जाते हैं। खतरनाक रसायनों को खत्म करने का एजेंडा यूएनआईडीओ, वैश्विक पर्यावरण सुविधा केंद्र और अन्य भागीदारों के साथ एक प्रमुख कार्यक्रम के माध्यम से उठाया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य ऊर्जा, पानी और ग्रीनहाउस-गैस प्रदर्शन में सुधार करते हुए खतरनाक रसायनों को कम करना है। इसके लक्ष्यों में 10,530 टन विषैले रसायनों को प्रत्यक्ष रूप से और 21,000 टन अप्रत्यक्ष रूप से कम करना शामिल है, इसमें प्रत्यक्ष रूप से 147,000 टन कार्बन डायऑक्साइड ($CO_2$) समतुल्य और अप्रत्यक्ष रूप से 294,000 टन को कम करना शामिल है। इसे सीधे 40,000 लोगों तक पहुंचने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है, जिनमें से 60 प्रतिशत महिलाओं के होने की उम्मीद है। बुनियादी ढांचे के स्तर पर स्थायित्व को इस सेक्टर के भविष्य के औद्योगिक भौगोलिक क्षेत्र में समावेशित किया जा रहा है। लगभग 10 बिलियन डॉलर के अपेक्षित निवेश के साथ सात पीएम मित्र पार्कों की परिकल्पना एकीकृत जल, अपशिष्ट जल और सामान्य प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे के साथ की गई है।

**पायलट से लेकर परिमाण तकःनीति, प्रौद्योगिकी और एमएसएमई-** स्थिरता को मुख्यधारा बनने के लिए, पायलट कार्यक्रमों को कारखानों और क्लस्टरों तक पहुंचना होगा। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि वस्त्र इकोसिस्टम के एक बड़े हिस्से में एमएसएमई शामिल हैं, जिन्हें प्रौद्योगिकी, वित्त, डेटा और तकनीकी विशेषज्ञता तक पहुंचने में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। मंत्रालय ने जुलाई 2023 में एक ईएसजी टास्क फोर्स का गठन किया, जिसमें सरकारी निकायों, उद्योग संघों, चैंबरों, बहुपक्षीय एजेंसियों, नवप्रवर्तकों, ब्रांडों और शिक्षाविदों को एक साथ लाया गया। इसका काम सामंजस्यपूर्ण प्रमाणन, क्लस्टरों को प्राथमिक सहायता, जागरूकता और क्षमता निर्माण, टिकाऊ फैशन प्रौद्योगिकी और डेटा और ट्रेसेबिलिटी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटलीकरण के उपयोग पर केंद्रित है। ईएसजी टास्क फोर्स ने जीआईजेड के माध्यम से लागू ईयू-इंडिया रिसोर्स एफिशिएंसी एंड सर्कुलर इकोनॉमी इनिशिएटिव (ईयू-आई आरईसीईआई) की सहायता की है। इसमें वस्त्र अपशिष्ट का राष्ट्रीय मूल्यांकन, तमिलनाडु के लिए एक सर्कुलर इकोनॉमी रोडमैप, पानीपत के लिए एक एमएसएमई टूलकिट और टेक्सटाइल रिकवरी सुविधाओं के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया शामिल है। यूएनईपी के नेतृत्व में एक अलग कार्यक्रम सूरत और करूर क्लस्टरों में एसएमई को जीवन-चक्र मूल्यांकन और पर्यावरण-नवाचार प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है।

प्रौद्योगिकी और नवाचार भी दीर्घकालिक सक्षमकर्ता हैं। राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन अपशिष्ट-से-फाइबर प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान और वस्त्र अपशिष्ट और जैव-अवशेषों को उन्नत हरित सामग्री में बदलने में सहायता करता है। आईआईटी दिल्ली के पानीपत परिसर में, अटल सेंटर ऑफ टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबिलिटी रक्षा और एयरोस्पेस अनुप्रयोगों में उपयोग किए जाने वाले गर्मी प्रतिरोधी अरामिड फाइबर अपशिष्ट के पुनर्चक्रण सहित अनुसंधान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कर रहा है। भारत टेक्स 2026 में, मानव निर्मित सेल्यूलोसिक फाइबर के लिए वन-मुक्त विकल्प के रूप में ट्रेसेबल हेम्प फाइबर, सर्कुलर बिजनेस मॉडल और गेहूं की भूसी पर स्थिरता-केंद्रित अनुसंधान ने इस सेक्टर के आसपास उभरते नवाचार की व्यापकता पर प्रकाश डाला।

**टेक्स-इकोः विकास ढांचे के भीतर स्थिरता-** केंद्रीय बजट 2026-27 ने एक मजबूत नीतिगत संकेत प्रदान किया। माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने श्रम-प्रधान वस्त्र सेक्टर के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें टेक्स-इको फाइबर सुरक्षा, विनिर्माण विस्तार, पारंपरिक समूहों, हथकरघा, हस्तशिल्प और कौशल के साथ-साथ स्थिरता को एक अलग पर्यावरण कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि सेक्टर के विकास ढांचे के हिस्से के रूप में स्थापित करेगा। प्रस्तावित टेक्स-इको पहल चार रणनीतिक स्तंभों को एक साथ लाती हैः संसाधन पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण बुनियादी ढांचा; जल प्रबंधन और डीकार्बोनाइजेशन; स्थिरता और निर्माण क्षमता को संस्थागत बनाना; और नवाचार, डिजिटल सक्षमता एवं ज्ञान प्रणाली। टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग मेगा-हब और टेक्सटाइल रिकवरी सुविधाएं वस्त्र अपशिष्ट के संग्रह, छंटाई, ग्रेडिंग और रूटिंग में सहायता करेंगे। जल और डीकार्बोनाइजेशन उपाय जेडएलडी, नवीकरणीय ऊर्जा, कम उत्सर्जन बॉयलरों और संसाधन-कुशल प्रौद्योगिकियों का समर्थन करेंगे। आश्वासन, अनुपालन, क्षमता निर्माण और मांग सृजन के साथ-साथ बाजार की साख को मजबूत करने के लिए एक इंडिया सस्टेनेबिलिटी मार्क का प्रस्ताव है।

**ईएसजी इकोसिस्टम का निर्माण-** इन उपायों के पीछे एक व्यापक संस्थागत बदलाव है। वस्त्र मंत्रालय के भीतर एक समर्पित स्थिरता अनुभाग टिकाऊ और सर्कुलर कार्यप्रणालियों संसाधन दक्षता, पर्यावरणीय प्रभाव में कमी, हरित प्रौद्योगिकियों और जिम्मेदार उत्पादन के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करता है। सरकार न केवल नियामक, बल्कि सुविधाकर्ता, अग्रणी संस्था और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में भी कार्य करती है। ईएसजी एजेंडा पर्यावरणीय आयाम से भी परे है। श्रमिक कल्याण, औपचारिकता, हरित रोजगार और न्यायसंगत परिवर्तन डीकार्बोनाइजेशन, जल प्रबंधन, रासायनिक सुरक्षा और सर्कुलरिटी के अनुकूल है, जबकि शासन की प्राथमिकताओं में मानक, ट्रैसेबिलिटी, प्रकटीकरण, प्रमाणन और आश्वासन शामिल हैं।

**अगला अध्याय-** भारत की वस्त्र स्थायित्व यात्रा एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रही है, जिसमें अब मजबूत उपभोक्ता-पश्चात संग्रह, रीसाइक्लिंग बुनियादी ढांचे, संसाधन-कुशल विनिर्माण, हरित प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण, विश्वसनीय माप और ट्रैसेबिलिटी और पुनर्नवीनीकरण एवं पुनर्चक्रित उत्पादों के लिए मजबूत बाजारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एक प्रस्तावित स्थायित्व गठबंधन इन प्राथमिकताओं के आसपास सरकार, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, वित्तीय संस्थानों, उद्योग, एमएसएमई और शिक्षाविदों को एक साथ लाएगा। दिशा तेजी से स्पष्ट होती जा रही हैः स्थायित्व को एक कारखाने के मालिक के लिए उतना ही काम करना चाहिए जितना कि पर्यावरण के लिए, एक निर्यातक के लिए उतना ही जितना कि उपभोक्ता के लिए और एक बड़े एकीकृत पार्क के लिए उतना ही जितना कि एक छोटे उद्यम के लिए। यह संसाधन उत्पादकता में सुधार कर सकता है, मांग वाले वैश्विक बाजारों तक पहुंच में सुविधा प्रदान कर सकता है, रीसाइक्लिंग और हरित प्रौद्योगिकियों के आसपास नए व्यवसायों को बढ़ावा दे सकता है और रोजगार सृजित कर सकता है।

2030 तक अपने वस्त्र और परिधान बाजार को लगभग दोगुना करने की राह पर चल रहे देश के लिए, स्थायित्व का मामला विकास को धीमा करने से संबंधित नहीं है। यह विकास की अगली लहर को शक्ति प्रदान करने के बारे में है जो अधिक स्वच्छ, अधिक वृत्ताकार, अधिक गतिशील और अंततः अधिक प्रतिस्पर्धी होगी।

******

**(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं, व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं)**

# हिंदी सेवा का अमित दृष्टांत

**भारत की भाषायी परंपरा में हिंदी का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि उसे देश के बड़े भूभाग में समझा और बोला जाता है, बल्कि इसलिए भी है कि उसने विभिन्न प्रदेशों, समुदायों और भाषायी संस्कृतियों के बीच संवाद का माध्यम बनने की ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन अनुवाद, सोशल मीडिया और डिजिटल प्रकाशन के दौर में हिंदी के सामने अभूतपूर्व अवसर हैं। यदि हिंदी में उच्चस्तरीय वैज्ञानिक, तकनीकी, दार्शनिक और सामाजिक विज्ञान संबंधी सामग्री का पर्याप्त निर्माण होता है, तो वह ज्ञान की भाषा के रूप में अपनी भूमिका और मजबूत कर सकती है। साथ ही यही तकनीक अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के लिए भी इस्तेमाल की जानी चाहिए। शाह उन गुजरातीभाषी मनीषियों की पांत में आ गए हैं जिनमें स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह तक की हिंदी के प्रति आग्रह की एक ऐसी परंपरा दिखाई देती है, जिसमें हिंदी को राष्ट्रीय संवाद और जनजागरण की भाषा बनाने की आकांक्षा प्रमुख रही है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की हिंदी सेवा एक नहीं, अनेक दृष्टियों से ध्यान देने योग्य है। मूलतः गुजराती भाषी शाह स्वयं हिंदी में काम करते हैं, इसलिए स्वाभाविक तौर पर हिंदी में सरकारी कामकाज बढ़ा है। शाह के कारण सरकारी पत्रावलियां हिंदी में बनती हैं। शाह के मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्रालय राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं, अनुवाद-कार्य और हिंदी-सलाहकार समितियों के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। अमित शाह हिंदी को प्रशासन, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, पत्रकारिता और उच्च ज्ञान-विमर्श की भाषा बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री, आधुनिक शब्दावली और अनुवाद की मजबूत व्यवस्था की अनवरत हिमायत करते हैं।

हिंदी के प्रति अमित शाह का लगाव केवल औपचारिक राजभाषा-नीति तक सीमित नहीं दिखाई देता। वर्ष 2019 में हिंदी दिवस के अवसर पर उन्होंने हिंदी को स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना से जोड़ा था। गत वर्ष 2025 में भी शाह ने हिंदी दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हिंदी के संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर बल दिया था। पिछले एक वर्ष में केन्द्रीय गृह मंत्री के नेतृत?व में राजभाषा विभाग ने हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। जून 2025 में भारतीय भाषा अनुभाग की शुरुआत हुई। इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं के बीच संवाद बढ़ाना और उन्हें तकनीक तथा प्रशासन से जोड़ना है। इस पहल से राजभाषा विभाग के काम का दायरा भी व्यापक हुआ है। विभाग ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों यानी नराकासों के काम को प्रोत्साहित करने के लिए 'नराकास प्रोत्साहन सम्मान' की व्यवस्था भी शुरू की है। इससे उन नराकासों को आगे आने का अवसर मिलेगा, जो अपने क्षेत्र में राजभाषा के काम को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा रही हैं।




तकनीक के क्षेत्र में भी राजभाषा विभाग ने नई पहल की है। 'भारती - बहुभाषी अनुवाद सारथी' के माध्यम से हिंदी से भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद को आसान बनाने की दिशा में काम हुआ है। इसके साथ 'हिंदी शब्द-सिंधु' जैसे शब्दकोश को भी विकसित किया गया है। 'हिंदी शब्द-सिंधु' में विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हिंदी को दूसरी भारतीय भाषाओं से जोड़ना है, न कि उनसे अलग करना। इन प्रयासों से साफ है कि राजभाषा का काम अब केवल सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग तक सीमित नहीं है। यह भाषा, तकनीक और भारतीय भाषाओं के बीच नए संबंध बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। श्री शाह के हिंदी प्रेम का एक उल्लेखनीय पक्ष यह भी है कि वे हिंदी को भारतीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उनके साथ चलने वाली भाषा के रूप में देखते हैं। अमित शाह का हिंदी प्रेम हिंदी के विकास के साथ भारतीय भाषाओं के सम्मान और संरक्षण के रूप में आगे बढ़ता है। कहना न होगा कि यह दृष्टि भारतीय भाषायी एकता को मजबूत करनेवाली है। हिंदी की वास्तविक शक्ति उसकी आत्मीयता, समावेशिता और संवादधर्मिता में है। भारत में हिंदी का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब वह दूसरी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और संवाद का भाव लेकर आगे बढ़े। हिंदी का भारतीय भाषाओं से संबंध वर्चस्व का नहीं, आदान-प्रदान का होना चाहिए। भारतीय भाषाओं का इतिहास भी प्रतिस्पर्धा का इतिहास नहीं, बल्कि परस्पर आदान-प्रदान का इतिहास है। हिंदी ने दूसरी भारतीय भाषाओं से असंख्य शब्द, मुहावरे, साहित्यिक संस्कार और विचार ग्रहण किए हैं। दूसरी ओर हिंदी के माध्यम से भी अनेक भारतीय भाषाओं का साहित्य व्यापक पाठक वर्ग तक पहुँचा है। इसलिए हिंदी को संपर्क और सेतु की भाषा के रूप में विकसित किया जा सका है। शाह का यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है कि हिंदी की समृद्धि भारतीय भाषाओं की समृद्धि से जुड़ी है। भारतीय भाषाओं की विविधता का सम्मान बनाए रखना ही भारत की भाषायी वास्तविकता के अनुरूप है। अमित शाह का यह विचार आज विशेष रूप से प्रासंगिक है। श्री शाह के लिए हिंदी का समर्थन किसी एक क्षेत्रीय पहचान का विस्तार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर संचार की एक साझा भाषा को मजबूत करने का प्रयास है।

भारत की भाषायी परंपरा में हिंदी का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि उसे देश के बड़े भूभाग में समझा और बोला जाता है, बल्कि इसलिए भी है कि उसने विभिन्न प्रदेशों, समुदायों और भाषायी संस्कृतियों के बीच संवाद का माध्यम बनने की ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन अनुवाद, सोशल मीडिया और डिजिटल प्रकाशन के दौर में हिंदी के सामने अभूतपूर्व अवसर हैं। यदि हिंदी में उच्चस्तरीय वैज्ञानिक, तकनीकी, दार्शनिक और सामाजिक विज्ञान संबंधी सामग्री का पर्याप्त निर्माण होता है, तो वह ज्ञान की भाषा के रूप में अपनी भूमिका और मजबूत कर सकती है। साथ ही यही तकनीक अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के लिए भी इस्तेमाल की जानी चाहिए। शाह उन गुजरातीभाषी मनीषियों की पांत में आ गए हैं जिनमें स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह तक की हिंदी के प्रति आग्रह की एक ऐसी परंपरा दिखाई देती है, जिसमें हिंदी को राष्ट्रीय संवाद और जनजागरण की भाषा बनाने की आकांक्षा प्रमुख रही है।

हिंदी के अनेक हिंदीतरभाषियों ने अपने विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी को अपनाया। दयानंद सरस्वती ने संस्कृत के प्रकांड विद्वान होने के बावजूद अपने सामाजिक और धार्मिक सुधार के संदेश को केवल संस्कृत के विद्वत् वर्ग तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने जनसाधारण तक पहुँचने के लिए हिंदी का सहारा लिया। उनकी प्रसिद्ध कृति सत्यार्थ प्रकाश मूलतः हिंदी में लिखी गई। इसी तरह महात्मा गांधी मूलतः गुजराती भाषी थे किंतु हिंदी में अखबार निकाले और हिंदी के महत्व को एक अलग राजनीतिक और राष्ट्रीय संदर्भ प्रदान किया। दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार के लिए उन्होंने अपने पुत्र देवदास गांधी को भेजा और 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना के प्रयासों को आगे बढ़ाया। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक संवाद में हिंदी का व्यापक प्रयोग दिखाई देता है। वे देश-विदेश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों से संवाद करते हुए हिंदी का प्रयोग करते हैं और भारतीय भाषाओं के महत्व पर भी जोर देते रहे हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
नया व्यवसाय आरम्भ कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग से आपके सम्बन्ध अच्छे बनाये रखें। जॉब में स्थानान्तरण मिलने की सम्भावना बन रही है।

**वृषभ**
यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिये दिन बहुत अच्छा है। पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी।

**मिथुन**
विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान का भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा।

**कर्क**
पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है। आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिये।

**सिंह**
व्यवसाय को लेकर कड़े निर्णय ले सकते हैं। आज आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जायेंगे। सन्तान के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी।

**कन्या**
पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है। सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी।

**तुला**
अपने स्वभाव में लचीलापन बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ने की आशंका है। करियर को लेकर अत्यन्त आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे।

**वृश्चिक**
जॉब में आपको बदलाव करने से बचना चाहिये। घुटनों और पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवसाय में टीमवर्क की भावना का ध्यान रखें।

**धनु**
आज आप अत्यधिक प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे। काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक सम्बन्ध और सुदृढ़ होंगे।

**मकर**
आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारी मिलने की सम्भावना है। आज आपके चलते हुये कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है।

**कुंभ**
अपने मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमीजन से झगड़ा हो सकता है। सन्तान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी।

**मीन**
गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं। व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज में भव्य कार्यक्रम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज, कंकड़बाग, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के ठरर विंग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता



महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीता सिन्हा ने की। संचालन ठरर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. के. के. राय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. हरजीत कुमार डॉ जया दिक्षित और डॉ जूही सहित और शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ठरर गीत की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों-सेवा, समर्पण, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व-को रेखांकित किया गया।

### अज्ञात ट्रक ने शिक्षक को मारी टक्कर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन पर मोर के समीप बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल शिक्षक की पहचान बाढ़ निवासी सोहन कुमार के रूप में हुई है। वह घोसवरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय अस्ताबाद, तारतर में पदस्थापित हैं।जानकारी के अनुसार, स्कूल की छुट्टी के बाद सोहन कुमार मोटरसाइकिल से मोकामा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोर के पास फोरलेन पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल शिक्षक को तत्काल मोकामा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अनुमंडल अस्पताल बाढ़ रेफर किया गया। बाढ़ में उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि शिक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### प्रवासी मजदूर की पत्नी दो बच्चों के साथ लापता

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदा गांव में प्रवासी मजदूर हरराम कुमार की पत्नी दो बच्चों के साथ गायब हो गई है। मजदूर ने बताया कि वह बेंगलुरु में मजदूरी करने के लिए गया था। इसी दौरान वह अपनी कमाई पत्नी के बैंक अकाउंट में डाल रहा था ।उसने पत्नी के नाम से जमीन भी खरीदी थी। बेंगलुरु में जब वह काम कर रहा था, इस दौरान पत्नी और बच्चे के गायब होने की सूचना मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।जांच पड़ताल की जा रही है । फिलहाल तीनों का कोई सुराग नहीं मिला है।

### पुलिस जांच के बाद पीड़ित को अभियुक्त ने धमकाया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दाहौर गांव में पुलिस जांच के बाद अभियुक्त ने पीड़ित को जान मारने की धमकी दिया है। इस संबंध में पीड़ित सनी कुमार ने बताया कि थाने में लिखित सूचना देकर मारपीट कर परेशान करने को लेकर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई थी।पुलिस जब जांच कर वापस लौटी तो आक्रोशित अभियुक्त ने उसके घर पर चढ़कर गाली गलौज की और जान मारने की धमकी दी । पीड़ित का कहना है कि कुछ दिन पूर्व उसके पिता को मारपीट कर आरोपी ने जख्मी कर दिया था।

### सिगरेट में गांजा भरकर बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कादिरगंज पुलिस ने बाजार स्थित एक गुमटी से सिगरेट में गांजा भरकर बेच रहे एक युवक को 22 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा है। पकड़े गए युवक की पहचान शंकर कुमार, पिता राम उग्रीह प्रसाद, ग्राम खादिरपुर के रूप में हुई है। कादिरगंज थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कादिरगंज बाजार की एक गुमटी में सिगरेट में गांजा भरकर बेचा जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद छापेमारी की गई, तो गुमटी से एक सिगरेट में भरा हुआ गांजा और कुल 22 ग्राम गांजा बरामद हुआ। युवक को पकड़कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को नोटिस देकर अंतरिम चेतावनी के साथ छोड़ दिया गया है। मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

### बाढ़ पीड़ितों पर जंगली सुअर का हमला, चार घायल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के प्रखंड परिसर में शरण लिए बाढ़ पीड़ितों पर गुरुवार को अचानक जंगली सुअर ने हमला कर दिया। हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कपिल महतो, अजय महतो, अमरजीत पासवान और चंद्रमौली सिंह के रूप में हुई है।बताया जाता है कि जंगली सुअर ने अचानक लोगों पर हमला कर दिया, जिससे परिसर में अफरातफरी मच गई। हमले में घायल चारों लोगों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। घायलों को 10 से अधिक टांके लगाए गए हैं।इलाज के बाद लोगों ने हिम्मत जुटाकर जंगली सुअर को खदेड़ा और उसे प्रखंड परिसर के एक कमरे में बंद कर दिया। मोकामा प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि वन विभाग की पटना टीम को सूचना दी गई है। बताया जा रहा है कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि और बाढ़ के कारण आसपास के इलाकों से जंगली जानवर शहरी क्षेत्र की ओर पहुंच रहे हैं। इससे इन दिनों मोकामा के आसपास के इलाकों में जंगली सुअरों का आतंक बढ़ गया है।

### टेंपो से 132 बोतल शराब बरामद

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के एनएच-80 पर हाथीदह स्टेशन से आगे मरांची बॉर्डर के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक पीले रंग के टेंपो से 132 बोतल ऑफिसर्स चॉइस शराब बरामद की है। सभी बोतलें 180 एमएल की बताई जा रही हैं।पुलिस की कार्रवाई के दौरान टेंपो चालक पुलिस को देखते ही मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शराब लदे टेंपो को जब्त कर लिया है। मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आशंका है कि बरामद शराब को किसी ट्रेन से उतारकर टेंपो में रखा गया था। पुलिस फरार चालक की पहचान और शराब के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।



# बिहार के मरीजों को राज्य में ही मिलेगी आधुनिक इलाज की सुविधा : विजय चौधरी

## सवेरा कैंसर हॉस्पिटल में रोबोटिक सर्जरी विभाग शुरू

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के लोगों को कैंसर सहित अन्य रोगों के इलाज और चिकित्सीय प्रबंधन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सवेरा कैंसर हॉस्पिटल में रोबोटिक सर्जरी सेटअप की शुरूआत महत्वपूर्ण कदम है। इससे मरीजों को अत्याधुनिक तकनीक से इलाज की सुविधा राज्य में ही मिल सकेगी। उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने गुरुवार को सवेरा कैंसर हॉस्पिटल, पटना के अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी विभाग के शुभारंभ के अवसर पर अस्पताल प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए ये बातें कही। उन्होंने रोबोटिक सर्जरी सेटअप का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस



मौके पर उपमुख्यमंत्री ने मरीजों के परिजनों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि सर्जरी के लिए उपयोग में लाया जाने वाला रोबोट भारत निर्मित है। रोबोटिक सर्जन डॉ. विपिन झा ने रोबोटिक सर्जरी की तकनीक और मरीजों को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी में सर्जन को ऑपरेशन के दौरान अधिक सटीकता के साथ काम करने में मदद मिलती है। छोटे चीरे, कम रक्तस्राव, दर्द में कमी और अपेक्षाकृत जल्द रिकवरी इसके संभावित फायदे हैं। सवेरा कैंसर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी विभाग शुरू होने से बिहार के मरीजों को कैंसर के जटिल उपचार में आधुनिक तकनीक की सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को बेहतर और उन्नत चिकित्सा सेवाएं राज्य में ही उपलब्ध कराना है। इस मौके पर डॉ. राहुल चौधरी, डॉ. अमृता राकेश, डॉ. शांभवी, डॉ. प्रतीक आनंद, डॉ आकाश सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# एमएसएमई - ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक ऑफ बड़ौदा पटना क्षेत्र द्वारा स्थानीय होटल कौटिल्य पनाश में महाप्रबंधक सह अंचल प्रमुख, पटना सुब्रत कुमार स्वाई की अध्यक्षता में एमएसएमई - ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से संबंधी सैंकड़ों ग्राहकों ने प्रतिभागिता की। उप महाप्रबंधक सह क्षेत्रीय प्रमुख, पटना नलिन कुमार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग का विकास, रोजगार सृजन एवं भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान है। इस



अवसर पर बैंक के एम एस एम ई विभाग के अधिकारियों ने बैंक के उत्पाद जैसे बड़ौदा प्रौपर्टी प्राइड, सीवी, सीएमई, बड़ौदा कॉन्ट्रैक्टर स्कीम, टीआरईडीएस, डीजी उद्यम, विद्यास्थली डॉक्टर प्लस जैसी योजनाओं पर प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी। इन उत्पादों के अलावा बड़ौदा महिला स्वावलंबन योजना जो विशेषकर महिला उद्यमियों के लिए लागू की गई है की विशेषताओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) राकेश रंजन की उपस्थिति रही तथा कार्यक्रम के अंत में सहायक महाप्रबंधक सह उप क्षेत्रीय प्रमुख पटना सुरेश कुमार द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### नेपाली श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

# पुनपुन घाट पर किया पिंडदान



शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोक्षदायिनी पुनपुन नदी के तट पर आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला का विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा किया जाना है, लेकिन उससे पहले ही घाट पर पिंडदानियों के आने का सिलसिला तेज हो गया है। गुरुवार को पहला बड़ा जत्था नेपाल से पुनपुन घाट पहुंचा। मोरंग जिला के केरावाटी गांउपालिका के अमही और भौनी और बैरबन गांव से आए करीब 50 की संख्या में नेपाली पिंडदानियों ने पूरे विधि-विधान के साथ अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण किया। मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच घाट का माहौल भक्तिमय हो गया। पुनपुन पंडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने बताया कि इस बार मेला 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि गुरुवार को नेपाल से आए 50 श्रद्धालुओं ने तर्पण किया है और आने वाले दिनों में देश-विदेश से हजारों की संख्या में पिंडदानी यहां पहुंचेंगे। मान्यता है कि पुनपुन घाट पर पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसलिए गया से पहले यहां पिंडदान करने की परंपरा है। वहीं मेले को लेकर जिला प्रशासन और पंडा समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। घाट की विशेष साफ-सफाई कराई गई है, सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्थायी मेडिकल कैंप, पेयजल और प्रकाश की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी और शौचालय की भी व्यवस्था की गई है।प्रशासन का कहना है कि बाहर से आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। शुक्रवार को उद्घाटन के बाद मेले में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है। बहरहाल प्रत्येक साल पुनपुन घाट पर नेपाल के काठमांडू, पोखरा के तराई क्षेत्र के अलावा जनकपुर, वीरगंज और विराटनगर से पिंडदानी पुनपुन घाट पर पिंडदान करने आते हैं।

**आज से विधिवत शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला**

# बी. डी. कॉलेज में ऑडिशन में विद्यार्थियों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी. डी. कॉलेज, पटना में रेड एफ एम 93.5 के कार्यक्रम, कॉलेज के टशनबाज -गेम तेरा, फेम तेरा, के ऑडिशन में विद्यार्थियों ने गायन, सोलो एवं ग्रुप डांस, संगीत, इंस्ट्रूमेंटल, रैप, कविता, स्टैंड-अप, मिमिक्री, स्टोरीटेलिंग एवं ओपन माइक सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की सफलता में मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. सीमा कुमारी तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग एवं प्रोत्साहन रहा। सभी ने विद्यार्थियों को ऑडिशन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा उनकी प्रस्तुतियों का उत्साहवर्धन किया।यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को एक बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का एक यादगार अवसर साबित हुआ।

# मसौढ़ी में बसेरा अभियान 2.0 के शिविर में भगदड़







## तीन महिलाएं गिरकर जख्मी, व्यवस्था पर उठे सवाल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बसेरा अभियान 2.0 के तहत भूमिहीनों को तीन डिसमिल जमीन देने के लिए अंचल कार्यालयों में आवेदनों का महा मेला लगा है। इसी कड़ी में मसौढ़ी अंचल के शहीद संजय सिन्हा सभागार में गुरुवार को अव्यवस्था के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें तीन महिलाएं गिरकर जख्मी हो गईं। बताया जा रहा है कि इन दिनों लगातार उमड़ रही भीड़ के मुकाबले कर्मचारियों की संख्या काफी कम है। लोग लंबी कतार में खड़े होकर घंटों आवेदन जमा करने का इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार दोपहर भीड़ लाइन में न लगकर मुख्य गेट पर जमा हो गई और अंदर प्रवेश करने के लिए आपाधापी मच गई। जैसे ही गेट खोला गया, धक्का-मुक्की में कई महिलाएं गिर पड़ीं। मौके पर मौजूद अंचल गार्ड ने तुरंत स्थिति को संभाला। आवेदन जमा करने आई खरांट, निशियावां, दहिभता, उसमानचक, भगवानगंज समेत कई गांवों की महिलाओं ने व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि काउंटर और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि घंटों लाइन में खड़ा न रहना पड़े।जख्मी महिलाओं और आवेदन करने आई अन्य लाभार्थियों ने व्यवस्था पर सवाल उठाए। भगवानगंज की सविता देवी ने कहा, सुबह 10 बजे से लाइन में खड़ी हूं, दोपहर हो गई। काउंटर बढ़ाया जाए। वहीं उसमानचक की रिंकू देवी ने कहा, भीड़ बहुत है, बुजुर्ग महिलाएं घंटो खड़ी हैं अंचलाधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है और शुक्रवार से दो अतिरिक्त काउंटर खोले जाएंगे, ताकि लोगों को परेशानी न हो। लाभार्थियों ने मांग की है कि बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए।

# वॉर्ड 22 में चैंबर उड़ाही और नाला की सफाई के लिए चला अभियान

## दशहरा, दीपावली व छठ पूर्व नगर परिषद स्वच्छता मोड में आया

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को अनंत चतुर्दशी पूजा से पहले रेलवे क्रासिंग से साउथ उमाशंकर प्रसाद (वरीय अधिवक्ता, हिलसा सिविल कोर्ट) के घर के पास से साहित्यकार, पत्रकार एवं हिंदी विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन के मकान होते अर्जुन प्रसाद यादव (पूना) के हिलसा 22 वार्ड में नाला से पानी न निकलने पर नाला चैंबर के 5 स्लैब हटाये गए।जिसमें नगरपरिषद के पर्यवेक्षक व समाजवादी विचारों से ओतप्रोत श्री राहुल कुमार यादव व मुहल्ला वासी सुदामा मिस्त्री, सूरज मिस्त्री,अभय कुमार (कुमार हार्डवेयर, हिलसा), इंगलेश यादव, अरुण प्रसाद यादव, विनोद कुमार, विक्की पटेल, अविरल नयन,भूषण रजक,नीतू कुमारी, स्वाति कुमारी व संतोष विश्कर्मा, नीरज शर्मा, शम्भू कातिब, धर्मेन्द्र मोदी, सुरेंद्र (अवकाश प्राप्त लैब इंचार्ज, सरदार पटेल, कॉलेज, हिलसा) नवीन कुमार अन्य उपस्थित रहे।वार्ड सदस्या सिंधु



कुमारी ने बताया कि मैं दशहरा व दीपावली व लोकआस्था के पर्व छठ के पहले ही सफाई अभियान अपने वार्ड में विस्तृत रूप से करवा रही।सफाईकर्मी गोविंद मेहतर,महेश डोम, दीपक मेहतर,भी नई व्यबस्था में पीएफ और वेतन बढ़ोतरी जो राजद के जमाने से पारित था और नीतीश जी में संविदा हुआ। इन सफाईकर्मियों ने कोविड-19 में भी साफ सुथरा परिवेश दिया था। साहित्यकार व एस.यू. कॉलेज, हिलसा (नालंदा) में कार्यरत हिंदी के पूर्व प्राधयापक स्व. डॉ. (प्रो.) लक्ष्मी नारायण सिन्हा की कृति 'अंगारों के फूल' नगर के नाम पर यह मुहल्ला का नाम प्रस्तावित है।

# स्वच्छता सेवा संकल्प पखवाड़ा पर बच्चों ने पेंटिंग से दिया स्वच्छ मसौढ़ी का संदेश



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छता सेवा संकल्प पखवाड़ा के तहत नगर परिषद मसौढ़ी द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को सम्राट अशोक सभागार में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना और अपने शहर, मोहल्ले व आसपास में साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश देना था। बच्चों ने रंगों और शब्दों के माध्यम से स्वच्छ मसौढ़ी, सुंदर मसौढ़ी की परिकल्पना को कागज पर उतारा। इस प्रतियोगिता में शहर के पांच प्रमुख विद्यालयों के करीब 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें उत्क्रमित विद्यालय प्रखंड कॉलोनी, 10+2 प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय, अभ्यास मध्य विद्यालय, पीएम श्री गिरजा कुवंर उच्च विद्यालय, आवासीय कस्तूरबा विद्यालय टाइप-4 और उर्दू मलिकाना स्कूल के छात्र शामिल थे। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि स्वच्छता सेवा संकल्प पखवाड़ा के तहत मसौढी शहर के सभी आम आवाम से अपील की जा रही है और उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है कि अपने शहर को साफ सफाई करने में सहयोग करें, अपने आसपास गंदगी ना फैलाएं, जो भी शहर में जो डस्टबिन रखा हुआ है, गीला कचरा और सूखा कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबिन में ही कचरा को फेके, सड़कों पर गंदगी ना फैलाये,इस अवसर पर सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद, स्वच्छता पदाधिकारी अमित कुमार भगत, रवि रंजन कुमार, विवेक कुमार, सुमित कुमार सहित सभी स्वच्छता साथी और शिक्षक मौजूद थे।

# 11 दिन से लापता अमन का बेलछी में मिला शव

## बाढ़ पहुंचे सांसद पप्पू यादव ने कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरा



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अथमलगोला के सूरजपुरा गांव से 13 सितंबर से लापता अमन का 11 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने और बेलछी थाना क्षेत्र के लाखाचक गांव में 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले को लेकर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव बुधवार को बाढ़ पहुंचे। सांसद ने दोनों मामलों के पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया और प्रशासन से कार्रवाई में तेजी लाने की बात कही। सबसे पहले सांसद पप्पू यादव अथमलगोला के सूरजपुरा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने 13 सितंबर से लापता अमन के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों ने सांसद को बताया कि 11 दिन बीत जाने के बावजूद अमन का कोई पता नहीं चल पाया है। सांसद ने परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि वह इस मामले को प्रशासन के समक्ष उठाएंगे और अमन की बरामदगी के लिए पुलिस अधिकारियों से बात करेंगे। इसके बाद सांसद बेलछी थाना क्षेत्र के लाखाचक गांव पहुंचे, जहां कुछ दिन पहले 12 वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया था। सांसद ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। दोनों घटनाओं का हवाला देते हुए पप्पू यादव ने बिहार की मौजूदा कानून-व्यवस्था पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जब एक बच्चा 11 दिनों से लापता है और एक नाबालिग बच्ची की हत्या जैसी गंभीर घटना सामने आती है, तो यह व्यवस्था के सामने गंभीर सवाल खड़े करता है। सांसद ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आम लोगों को अब सरकार से उम्मीद करना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से दोनों मामलों में तेजी से कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की।

# बराह प्राथमिक विद्यालय में पोषण पखवाड़ा के तहत प्रदर्शनी का आयोजन विधायक श्याम रजक ने किया उद्घाटन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बराह, पुनपुन में गुरुवार को पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फुलवारी शरीफ की विधायक श्याम रजक पहुंचे, जहां दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया,विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित पोषण संबंधी वस्तुओं, चार्ट और मॉडलों का निरीक्षण किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर विधायक श्याम रजक ने स्कूली छात्र-छात्राओं



को कुपोषण को दूर भगाने के लिए पोषक तत्वों के प्रति उन्हें जागरूक किया उन्हें बताया की शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कौन-कौन पोषण की जरूरत होती है। इसके बाद आयोजित विद्यालय की बैठक में विद्यालय की आधारभूत समस्याओं, छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन से जुड़ी कठिनाइयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया और उनके समाधान पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पुनपुन जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, ओम सिंह, अंजनी सिंह, गुड्डू पटेल, राजू रजक, बंटी चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित रहे।

# बसेरा के शिविर में उमड़ी हजारों महिलाओं की भीड़

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की महत्वाकांक्षी योजना ह्यबसेराह्ल के तहत भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने के लिए गुरुवार को पालीगंज अंचल कार्यालय परिसर में विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में आवेदन जमा करने के लिए सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बारिश और खराब मौसम के बावजूद महिलाएं घंटों कतार में खड़ी होकर अपनी बारी का इंतजार करती रहीं। कार्यालय खुलने के समय तक अंचल कार्यालय परिसर महिलाओं की भीड़ से भर गया। बड़ी संख्या में महिलाएं आवेदन जमा करने पहुंचीं। भीड़ के मुकाबले आवेदन लेने वाले काउंटर और



कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण लंबी कतार लग गई। कई महिलाएं बारिश में भीगते हुए घंटों खड़ी रहीं। पालीगंज प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के अलावा बिक्रम, दुल्हिनबाजार और करपी प्रखंड क्षेत्रों से भी महिलाएं आवेदन जमा करने पहुंचीं। दूसरे प्रखंडों से आई महिलाओं के आवेदन संबंधित कर्मियों ने लेने से इनकार करते हुए उन्हें अपने-अपने प्रखंड में जाकर आवेदन जमा करने की सलाह दी। दूर-दराज की पंचायतों से पहुंची बुजुर्ग महिलाओं ने व्यवस्था पर नाराजगी जताई। इमामगंज, पियरपुरा, मैरी, अताउल्लाह, खरांटी, बउआ, कोदहरी, नदहरी और

## बारिश में भीगते हुए घंटों कतार में खड़ी रहीं महिलाएं, कम काउंटर से हुई परेशानी

सिंगोड़ी पंचायत से करीब 15 किलोमीटर दूर से पहुंची महिलाओं ने बताया कि वे सुबह से ही कार्यालय परिसर में मौजूद हैं। आवेदन जमा करने के लिए पर्याप्त काउंटर और कर्मचारी नहीं होने के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। महिलाओं का कहना था कि बारिश के बीच बैठने और आवेदन जमा करने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है।

### एक परिवार से कई आवेदन आने से बढ़ी भीड़ : सीओ

इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 3857 आवेदन जमा किए गए हैं। पालीगंज अंचल की सभी पंचायतों में भी शिविर का आयोजन किया गया है और वहां भी आवेदन लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार से कई लोगों द्वारा आवेदन किए जाने के साथ-साथ जमीन और मकान वाले परिवारों की ओर से भी आवेदन दिए जा रहे हैं। इससे शिविर में अपेक्षाकृत अधिक भीड़ हो रही है। सीओ ने बताया कि उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप पर्याप्त संख्या में शिविर लगाए गए हैं। यदि आवेदकों की संख्या बढ़ती है तो अतिरिक्त काउंटर बढ़ाए जाएंगे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### रसोइयों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो, धनरुआ बीआरसी पर जोरदार प्रदर्शन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसोइयों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने सहित 8 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को बिहार विद्यालय रसोइया संघ (ऐक्टू) के बैनर तले रसोइयों ने कृषि कार्यालय से मार्च निकालकर धनरुआ के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रसोइयों के बकाया मानदेय के अविलंब भुगतान, मध्याह्न भोजन योजना से एनजीओ को बाहर करने, 10 हजार मासिक मानदेय और 12 महीने मानदेय भुगतान की मांग की।सभा को संबोधित करते हुए संघ की महासचिव कॉमरेड सरोज चौबे ने इएड पर आरोप लगाया कि पहले से सूचना के बावजूद वे रसोइया बहनों की समस्या सुनने के बजाय कार्यालय से भाग गए। उन्होंने कहा कि बीईओ का रवैया तानाशाहीपूर्ण है, लेकिन रसोइया बहनों के संघर्ष के आगे उन्हें झुकना पड़ेगा। प्रमुख 8 मांगें,बकाया मानदेय का नियमित भुगतान, एमडीएम से एनजीओ को बाहर करना, सरकारी कर्मचारी का दर्जा, तब तक 10 हजार मानदेय, ड्रेस के रूप में दो जोड़ी सूती साड़ी,उम्र से पहले सेवानिवृत्ति बंद कर सेवानिवृत्ति लाभ, एक और ईपीएफ का लाभ,12 महीने का मानदेय, दुर्घटना बीमा का लाभमौके पर रिंकी देवी, सुनीता देवी, शारदा देवी, भाकपा-माले प्रखंड सचिव अकलू पासवान, वीरेंद्र प्रसाद, खेग्रामस नेता जितेंद्र राम, सिद्धेश्वर दास, फअ नेता शशि रंजन सहित बड़ी संख्या में रसोइया कर्मी मौजूद थीं।



### हत्या के प्रयास मामले में बालक निरुद्ध

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हत्या के प्रयास के मामले में नामजद श्याम बिहारी सिंह के 17 वर्षीय पुत्र (एक निरुद्ध बालक) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, संबंधित मामले की केस संख्या 501/26 है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालक को दरियापुर प्रेम से पकड़ा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### चैम्बर ऑफ कॉमर्स, जमुई के पदाधिकारियों ने अनुमंडल पदाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुई चैम्बर ऑफ कॉमर्स, जमुई के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्णवाल व सचिव निवेश कुमार केशरी के द्वारा बाजारों में लगने वाले जाम की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा । शहर के कचहरी चौक, महाराजगंज, महिसौड़ी, हॉस्पिटल रोड, बोधवन तालाब आदि जगहों पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है ऐसे में बाजारों में चार पहिए वाहन एवम टोटो रिक्शा के प्रवेश को वनवे करने एवम यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा गस्ती व पुलिस बल तैनात करने की बात कही । जमुई चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने पर्व त्योहारों के अवसर पर खरीदारी करने वाले लोगों की अत्याधिक भीड़ बाजारों में होती है ऐसे में अगर वाहनों के प्रवेश को नहीं रोका गया तो व्यवसायियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और आगे भी पड़ेगा जिससे व्यापार भी प्रभावित होती है। उनलोगों ने पुलिस प्रशासन की तैनाती से पर्व त्योहारों में मनचले लड़कों द्वारा लहेरियाकट बाइक चलाने वाले पर भी अंकुश लग सकेगा। शहर में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा में भव्य आयोजन किया जाता है जो पंचमंदिर, लाल बाबा हॉस्पिटल रोड एवम स्टेडियम शामिल है। विधि व्यवस्था दुरुस्त होने से पर्व त्योहारों में भयमुक्त होकर लोग खरीदारी कर पर्व का आनन्द उठा सकेंगे । इन सभी बातों को माननीय अनुमंडल पदाधिकारी सौरव कुमार ने गंभीरता से लिया और विधि व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही।



### युवक की बेरहमी से पिटाई, 50 हजार की रंगदारी की मांग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र में एक युवक के अपहरण और बेरहमी से मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित से दो मोबाइल, 3000 रुपये लूट लिए गए और 50 हजार की रंगदारी मांगी गई। इस संबंध में पीड़ित अखिलेश कुमार (22 वर्ष), पिता स्व उमेश बिंद ग्राम- बलवापर सिम्हारी बुजुर्ग,थाना-धनरुआ ने पुलिस को बताया कि 22 सितंबर को सुबह नीतीश यादव पिता मनोज यादव उम्र 20 वर्ष, ग्राम-बलवापर और विश्वकर्मा कुमार पिता अशोक पासवान चकरमल,पंकज कुमार पिता सत्येन्द्र प्रसाद बलवापर, विधा कुमार पिता अनुज कुमार छितरौली ने फोन कर उसे पभेडी मोड़ पर बुलाया। वहां से उसे जबरन दूसरे स्थान पर ले जाया गया। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, दो मोबाइल और 3000 रुपये छीन लिए और 50,000 रुपये की मांग करने लगे। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के आवेदन पर धनरुआ थाना में कांड संख्या 665/26, के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले के अनुसंधानकर्ता एसआई अजय कुमार ने बताया की पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। और पुरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### दो चोर चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र से चोरी गई बाइक मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को दो चोरी की बाइक के साथ हिलसा से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2026 की रात सेवदह बहोरीचक निवासी शैलेश कुमार पिता स्व कामेश्वर प्रसाद की बाइक उनके दरवाजे से अज्ञात चोरों ने चुरा ली थी। इस संबंध में धनरुआ थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में (1) विक्रम कुमार, पिता दयानंद प्रसाद,चकसाजी, हिलसा और (2) अनीश कुमार उर्फ दरोगा, पिता सतेंद्र प्रसाद, साकिन नवीन नगर, हिलसा शामिल हैं। पुलिस ने विक्रम कुमार को हिलसा से और अनीश कुमार को उसके घर नवीन नगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो चोरी की मोटरसाइकिल जिसमें एक ब्लू रंग का अपाची और एक सफेद रंग का अपाची बाइक बरामद की है, जिसमें एक बाइक धनरुआ थाना क्षेत्र से चोरी गई बताई जा रही है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत चकिया में आयोजित हुआ 'नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान'




**मोतिहारी/चकिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत पिपरा विधानसभा अंतर्गत चकिया में आज 'नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मोतिहारी के सांसद राधामोहन सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवाओं एवं आमजनों को संबोधित करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। सांसद श्री सिंह ने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा देकर ही हम एक सशक्त समाज और विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और सामाजिक सेवा जैसे सकारात्मक क्षेत्रों से जुड़ें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए परिवार, समाज और जनप्रतिनिधियों को मिलकर जागरूकता का वातावरण तैयार करना होगा। श्री सिंह ने कहा कि नशामुक्त भारत केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने आसपास के युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना चाहिए और यदि कोई युवा इसकी गिरफ्त में आ गया है, तो उसे तिरस्कार नहीं बल्कि सहयोग, संवेदना और उचित मार्गदर्शन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे में हमारा संकल्प होना चाहिए कि भारत का युवा स्वस्थ, शिक्षित, कुशल, आत्मनिर्भर और नशामुक्त बने। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों एवं युवाओं ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पिपरा विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, संयोजक रोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने के लिए जमुई कांड का होगा स्पीडी ट्रायल



**जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुई कांड को लेकर समाहरणालय के सभा कक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। डीएम श्री नवीन ने इस दरम्यान लिखनहारों को संबोधित करते हुए कहा कि जमुई में बीते दिनों छात्र-छात्रा के साथ किया गया बदसलूकी अत्यंत अशोभनीय और पीड़ादायक है। उन्होंने घटना को विस्तार से परिभाषित करते हुए कहा कि इससे जमुई के साथ बिहार की छवि धूमिल हुई है। राज्य प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड से जुड़े पांच तथा इससे संबन्धित वीडियो बनाकर वायरल करने वाले तीन कुल आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है। नामित जनों को शीघ्र सजा दिलाए जाने के लिए अंकित मामले का स्पीडी ट्रायल कराया जाएगा। जमुई डीडीसी शिप्रा विजय कुमार चौधरी को घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है वहीं एसडीपीओ दीप्ति मोनाली को इस केस का अनुसंधानकर्ता का दायित्व दिया गया है। उन्होंने विधि सम्मत कार्रवाई जारी रहने की जानकारी देते हुए कहा कि कुछ लोग रील के साथ अन्य तरीकों को अपनाकर घटना की जांच की गति को मंद करना चाह रहे हैं। डीएम ने लोगों को इस तरह की हरकतों से बाज आने का संदेश देते हुए कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अफवाह से दूरी बनाए रखने के साथ सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट प्रेषित करने से से बचने की अपील की। वहीं एसपी विश्वजीत दयाल ने कहा कि सोशल मीडिया पर गिद्ध दृष्टि रखी जा रही है। पोस्ट करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई भी हो रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो लोग सोशल मीडिया पर रील बनाकर या एआई फोटो जेनरेट कर अपलोड करेंगे उनपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता की निजता का ख्याल करते हुए इससे जुड़ा पोस्ट न करें। स्वतंत्र , निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से घटना का अनुसंधान किया जा रहा है। एसपी ने जिलावासियों से अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाए जाने में यथोचित सहयोग दिए जाने का आग्रह किया। साइबर डीएसपी अभिषेक कुमार , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी आदि जन इस अवसर पर उपस्थित थे।

## सिकरिया फार्मेसी कॉलेज द्वारा फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के द्वितीय दिवस पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिकरिया फार्मेसी कॉलेज द्वारा आयोजित फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के द्वितीय दिवस का आयोजन आज 'स्वस्थ भारत : एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस से मुकाबला' मिशन के अंतर्गत उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस विषय पर नुक्कड़ नाटक रहा, जिसका आयोजन देवराहा बाबा मठ परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ सुशांत (डेंटल सर्जन), वार्ड पार्षद धीरज जायसवाल, संस्था सचिव एवं भाजपा युवा नेता यमुना सिकरिया तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रीति कुमारी दुबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आमजन को एंटीबायोटिक दवाओं के सही एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक किया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं एवं दवा प्रतिरोध का कारण बन सकता है। मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ सुशांत ने अपने संबोधन में कहा कि अनावश्यक रूप से एंटीबायोटिक्स का उपयोग करना खतरनाक हो सकता है।

# बी. डी. कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी. डी. कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर आज 24 सितम्बर 2026 को प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के द्वारा महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में ठरर दिवस का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का केंद्रीय संदेश 'Not Me But You' (मैं नहीं, आप) था, जो ठरर की सेवा एवं समर्पण की मूल भावना को अभिव्यक्त करता है। प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशील बनने तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं ठरर स्वयंसेवकों ने सेवा-भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद के साथ हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रोफेसर शत्रुधन शरण सिंह, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लाडली कुमारी, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी एवं डॉ० विजय शंकर विक्रम सहित महाविद्यालय परिवार ने सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं भारी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर ल्ल२२ के स्वयंसेवियों ने रंगोली भी बनाई साथ ही प्राचार्य तथा राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण रोपण भी किया गया।

# ए.एन. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस समारोह आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के सत्येन्द्र नारायण सिन्हा सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने मुख्य अतिथि माननीय लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन का स्वागत किया। प्राचार्या ने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि ए.एन. कॉलेज एनएसएस के माध्यम से समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एड्स जागरूकता, वृक्षारोपण तथा महिला सशक्तीकरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अपने उद्बोधन में माननीय लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्यों एवं सामाजिक महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं को राष्ट्रसेवा और सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित होती है। उन्होंने ए.एन. कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का भी प्रभावी ढंग से निर्वहन कर रहा है। कार्यक्रम में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक श्री सुमित कुमार, आईएएस भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. शीरीन मसूर एवं डॉ. अमृता चक्रवर्ती सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकगण तथा छात्र बड़ी संख्या उपस्थित थे।

# गांव-गांव सदस्यता अभियान से संगठन मजबूत करने पर जोर



**सिकंदरा/जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। सासाराम विधायक सह समाज कल्याण समिति की सदस्य स्नेहलता कुशवाहा के एक कार्यक्रम के दौरान सिकंदरा पहुंचने पर कुशवाहा भवन परिसर में पार्टी कार्यकताओं एवं कुशवाहा समाज के लोगों ने उनका फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह का नेतृत्व आरएलएम के प्रखंड अध्यक्ष जयराम महतो ने किया। इस दौरान विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने कार्यकताओं से संगठन को पंचायत और गांव स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका जरूरी है। इसके लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन के विस्तार में जुटने की बात कही। कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से ही पार्टी की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर आरएलएम के प्रदेश सचिव राजेंद्र महतो, सुरेंद्र महतो, बैजनाथ महतो, दसों महतो, चंद्रभूषण महतो, अशोक महतो, शांति महतो समेत बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधान परिषद के तीन सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। निर्वाचन कार्य के सुचारू संचालन के लिए पूर्व में गठित 15 कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के पदाधिकारियों को निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध एवं गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की जाएं। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान निर्वाचन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, दायित्वों एवं तैयारियों की कोषांगवार समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# एम. एस. कॉलेज में एन.एस.एस. स्थापना दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति एवं महिला सशक्तीकरण जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के तत्वावधान में एन.एस.एस. स्थापना दिवस के अवसर पर 24 सितंबर 2026 को विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार, रचनात्मक अभिव्यक्ति, सामुदायिक सहभागिता तथा राष्ट्र एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना था। इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 'आपदा प्रबंधन और युवा स्वयंसेवकों की भूमिका' विषय पर किया गया। विद्यार्थियों ने अपने निबंधों के माध्यम से आपदा के समय युवाओं एवं स्वयंसेवकों की भूमिका, राहत एवं बचाव कार्य तथा सामुदायिक जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के लिए 'पर्यावरण संरक्षण' एवं 'नशामुक्त भारत' विषय निर्धारित किए गए। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'पर्यावरण संरक्षण', 'नशामुक्त भारत' तथा 'महिला सशक्तीकरण : समानता की ओर कदम' जैसे विषयों पर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेशों को प्रभावशाली एवं रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती ने विकसित भारत के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एन.एस.एस. युवाओं को केवल सामाजिक सेवा से जोड़ने का माध्यम नहीं है, बल्कि उनमें नेतृत्व, संवेदनशीलता, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रनिर्माण की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच भी है।

# मनोरंजन कुमार सिंह धूमल ने बरवां सुखारी बाबा मंदिर व गोबरही शिव शक्तिधाम का किया दौरा

**शिव शक्ति धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की पहल शुरू, विधायकों की टीम का हुआ भव्य स्वागत**



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधानसभा क्षेत्र संख्या-113 के विधायक एवं पर्यटन विभाग के सभापति मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह के नेतृत्व में बुधवार को पटना से पहुंची विधायकों की टीम का छपरा-सिवान एनएच-531 स्थित माने ढाला के समीप फूल-मालाओं एवं ढोल-ताशे के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद टीम बरवां शिव मंदिर पहुंची, जहां जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद विधायकों का काफिला गोबरही शिव शक्तिधाम पहुंचा। यहां टीम के सदस्यों ने दर्शन-पूजन करने के साथ ही शक्तिधाम परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्यटन विभाग के सभापति मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल ने गोबरही शक्तिधाम को पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल कराने तथा इसके विकास की दिशा में आवश्यक पहल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोबरही शक्तिधाम धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। इसे पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल कराने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल का समुचित विकास हो सके। टीम में सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र संख्या-167 के विधायक रामानंद मंडल, खगड़िया विधानसभा क्षेत्र संख्या-149 के विधायक बाबलू कुमार तथा महिषी विधानसभा क्षेत्र संख्या-77 के विधायक गौतम कृष्ण शामिल थे। इसके अलावा अवर सचिव बिनोद यादव, सहायक प्रशाखा प्रभारी बिमल आनंद, प्रतिवेदक हेमंत कुमार सहित सुनील सिंह, दयानंद सिंह, गुड्डू सिंह एवं मनोज सिंह मौजूद थे। गोबरही में बच्चा सिंह के आवास पर अतिथियों के लिए भोज का आयोजन किया गया, जिसकी व्यवस्था अजय सिंह ने की।

## पुनपुन घाट स्टेशन पर 12 ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पितृपक्ष मेला में पिंडदान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने पुनपुन घाट हाल्ट पर कई ट्रेनों के अस्थायी ठहराव की घोषणा की है। प्रत्येक ट्रेन का ठहराव दो मिनट का होगा। पुनपुन घाट हाल्ट पर इन 12 ट्रेनों का ठहराव में 13243/13244 पटना-भभुआ रोड-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस,13347/13348 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस, 13349/13350 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस,18623/18624 इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस,18625/18626 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस,. 15137/15138 राजगीर-बनारस बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस,. 63329/63330 पाटलिपुत्र-गया मेमू., 03254/03253 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल. 03255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल,. 63389/63390 पटना-नवादा मेमू. 63391/63392 इस्लामपुर-पटना मेमू. 63393 पटना-गया मेमू आदी है।

# पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता 3.0 एवं विधिक सेवा योजनाओं पर विशेष चर्चा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, के सचिव श्री नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता 3.0' अभियान को प्रभावी बनाने तथा अधिकाधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से निष्पादित कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सचिव नितिन त्रिपाठी ने पैनल अधिवक्ताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य, उद्देश्य, निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था तथा विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं एवं अभियानों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पैनल अधिवक्ता केवल न्यायालय में पैरवी करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक विधिक सहायता एवं न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से मध्यस्थता की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्यस्थता विवादों के त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। छोटे-छोटे विवादों को आपसी सहमति से समाप्त कर पक्षकारों के बीच संबंधों को बनाए रखने में मध्यस्थता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं से 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता 3.0' अभियान के तहत अधिक से अधिक उपयुक्त मामलों की पहचान कर उन्हें मध्यस्थता के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। बैठक में पैनल अधिवक्ताओं के कार्य निष्पादन एवं प्रदर्शन की समीक्षा भी की गई। अधिवक्ताओं से उनके कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं, व्यावहारिक कठिनाइयों तथा विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य केवल पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि 'न्याय सबके लिए' की संवैधानिक भावना को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करना है। इसके लिए पैनल अधिवक्ताओं, पैरालीगल वॉलंटियर्स तथा विधिक सेवा प्राधिकार के अन्य हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। बैठक के अंत में सभी पैनल अधिवक्ताओं से अपेक्षा की गई कि वे विधिक सेवा प्राधिकार की योजनाओं एवं अभियानों की जानकारी अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं तथा पात्र व्यक्तियों को समय पर निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# जमुई कांड और एनएच 139 के मुद्दे पर सीएम से मिले एमएलए

## डॉ.प्रकाशचंद्र ने की स्पीडी ट्रायल की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। देश को उद्वेलित कर देने वाली जमुई में छात्रा के साथ हुई छेड़खानी की घटना में स्पीड ट्रायल और सड़क दुर्घटनाओं के लिए बदनाम हो गए एनएच 139 के निर्माण की प्रक्रिया को और तेज करने की मांग को लेकर ओबरा के विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। दोनों मुद्दों पर उन्होंने अपना पक्ष रखा। मुख्यमंत्री आवास पर यह मुलाकात हुई। इस दौरान औरंगाबाद जिले सहित अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं, कानून-व्यवस्था और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों को उनके समक्ष मजबूती से रखा। बताया कि जमुई कांड के दोषियों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर सजा सुनिश्चित करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने इस विषय को गंभीरता से सुना और दोषियों के विरुद्ध त्वरित न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित कराने का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एनएच-139 का मुद्दा प्रमुखता से रखा। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनके हस्तलिखित आवेदन को तत्काल सक्षम अधिकारी को सौंपते हुए निर्देश दिया कि होने वाली संबंधित बैठक में इसे प्रस्तुत किया जाए। एनएच 139 के डीपीआर के विषय को आगे बढ़ाया जाए। विधायक ने मुख्यमंत्री से औरंगाबाद जिले के विकास, आधारभूत संरचना तथा अन्य जनहित के विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित रहे औरंगाबाद जैसे जिले के विकास पर सरकार का विशेष ध्यान रहेगा। साथ ही अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर रुख बनाए रखने की बात कही। इस संदर्भ में डॉ. प्रकाशचंद्र ने मीडिया से कहा कि राजनीति का उद्देश्य स्पष्ट है। जनता की आवाज़ को सत्ता के सर्वोच्च तक पहुँचाना और विकास के सवालों को परिणाम तक ले जाना।

## नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज नगर पंचायत की ओर से गुरुवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने किया। अभियान के दौरान सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को लेकर चालान भी काटा गया। नगर पंचायत की टीम ने कार्यालय परिसर से अभियान शुरू कर बस स्टैंड, महाराजगंज, ब्लॉक रोड, टिकट काउंटर, मुख्य बाजार होते हुए सब्जी मंडी तक कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे दुकान लगाकर अथवा अन्य तरीके से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। दुकानदारों और स्थानीय लोगों को सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी गई। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित होता है और जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने दुकानदारों से निर्धारित सीमा के अंदर ही दुकान लगाने तथा नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करने की अपील की। अभियान में अभिषेक कुमार, कार्यपालक सहायक रोहित रंजन, आलोक कुमार, सुनील कुमार, अशोक कुमार थाना से एस आई बबनजीत कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी एवं नगर पंचायत के अन्य कर्मी शामिल रहे। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# एक माह चलेगा शिविर, मिलेगी हर जानकारी

## पीएम सूर्य घर योजना के तहत फ्री-बिजली उपलब्ध




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर विशेष जागरूकता लगाया गया है। यह शिविर 17 सितंबर को आरंभ हुआ है और आगामी 17 अक्टूबर तक रहेगा। कार्यालय अवधि के दौरान लोग यहां जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) के तत्वावधान में आयोजित इस कैंप में लोगों को रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने, ऑनलाइन आवेदन करने के तरीके, आवश्यक दस्तावेज और केंद्र व राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। यहां कनीय अभियंता मनोज कुमार व योजना को कार्यरूप देने से जुड़े शार्पजेन के एमडी रौशन कुमार सिंहा ने बताया कि लोगों को सरकार की आस योजना का लाभ लेना चाहिए। इससे घर हो या दुकान फ्री-बिजली आपूर्ति संभव है। बताया गया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संयुक्त सब्सिडी उपलब्ध है। केंद्र सरकार के साथ-साथ बिहार सरकार भी मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना के तहत अतिरिक्त अनुदान दे रही है। दोनों को मिलाकर उपभोक्ता को एक किलोवाट पर 40 हजार, दो किलोवाट पर 80 हजार और 3 किलोवाट पर अधिकतम 98 हजार रुपये तक की कुल सब्सिडी का लाभ मिलेगा। शार्पजेन के एमडी रोशन सिंहा ने बताया कि बिजली बिल शून्य करने के लिए सोलर सिस्टम लगाये। घर और दुकान के लिए अलग-अलग व्यवस्था है। इस योजना के तहत आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत हासिल कर सकेगा। सौर ऊर्जा भारत को निर्भर बनाने और पर्यावरण को बेहतर बनाने के साथ स्वच्छता के का भी बड़ा साधन है।

# पुनपुन घाट पर आज से शुरू होगा पिंडदान, स्वागत को तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। पितृपक्ष को लेकर औरंगाबाद जिले के सिरिस स्थित प्रसिद्ध पुनपुन घाट पर पिंडदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज से विभिन्न क्षेत्रों से पिंडदानी यहां पहुंचना शुरू करेंगे। पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुनपुन नदी के तट पर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान करेंगे। इसे लेकर घाट और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुनपुन घाट का पितृपक्ष के दौरान विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता के अनुसार यहां पिंडदान और तर्पण करने से पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। पितृपक्ष के दौरान दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान, तर्पण और अन्य कर्मकांड संपन्न करते हैं। इसके लिए पुरोहितों और पंडितों की मौजूदगी भी रहेगी, जो श्रद्धालुओं को धार्मिक विधि-विधान के अनुसार कर्मकांड कराने में सहयोग करेंगे। पिंडदानियों के पहुंचने को लेकर पुनपुन घाट की साफ-सफाई कराई गई है। घाट के आसपास जमा गंदगी को हटाने के साथ श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले रास्तों को व्यवस्थित किया गया है। घाट पर पेयजल, प्रकाश और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया है। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक तैयारी की गई। पितृपक्ष के दौरान पुनपुन घाट पर बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। कई परिवार अपने पूर्वजों के निमित्त पहले से ही पिंडदान की तैयारी कर चुके हैं। श्रद्धालु यहां पहुंचकर पुरोहितों की देखरेख में पिंडदान एवं तर्पण की प्रक्रिया पूरी करेंगे। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नदी के किनारे श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित करने, भीड़ को व्यवस्थित रखने और किसी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन एवं स्थानीय स्तर पर तैयारी की गई है। घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं से भी सावधानी बरतने और प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। पितृपक्ष शुरू होने के साथ ही पुनपुन घाट पर धार्मिक गतिविधियां बढ़ जाएंगी। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। पिंडदानियों के आगमन को लेकर स्थानीय लोगों और पुरोहितों में भी उत्साह है। आने वाले दिनों में घाट पर श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

# एचपीवी टीकाकरण की सफलता में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम

## कुटुंबा रेफरल अस्पताल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

## एनीमिया, परिवार नियोजन व एनसीडी कार्यक्रम की भी दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। रेफरल अस्पताल कुटुंबा परिसर में बुधवार को आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान रहा। प्रशिक्षकों ने किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व, लक्षित आयु वर्ग, वैक्सीन की खुराक और समुदाय में फैली भ्रांतियों को दूर करने के तरीके बताए। राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना से पहुंचे मुख्य प्रशिक्षक दीपक कुमार ने कहा कि अभियान की सफलता में आशा कार्यकर्ताओं की जमीनी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर पात्र किशोरियों और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। शिविर में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं व किशोरियों में खून की कमी की पहचान और रोकथाम, परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी तथा एनसीडी कार्यक्रम के तहत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर की प्रारंभिक जांच की प्रक्रिया समझाई गई। इसके अलावा भव्या एम-आशा पोर्टल पर लाभार्थियों के डेटा इंद्राज, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने आशा कार्यकर्ताओं से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की।

### एक नजर

## बिहार चिकित्सा व जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रखंड अध्यक्ष बने रामाशीष

**मदनपुर**। मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित प्रशिक्षण भवन में गुरुवार को बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रखंड स्तरीय कमेटी का चुनाव हुआ। संघ के प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से प्रधान सहायक रामाशीष कुमार को चुनाव किया गया। प्रस्ताव बृजनंदन सिंह ने लाया जिसका समर्थन सत्येन्द्र कुमार ने किया। इसी तरह उपाध्यक्ष अंकिता कुमारी, अनुज्ञा कुमारी, मंत्री अनिल कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री मो. इम्तेयाज आलम, आरती कुमारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, कार्यालय मंत्री सत्येंद्र कुमार, सहायक कोषाध्यक्ष आर्यन राज, जिला प्रतिनिधि विकेश कुमार सिंह व नीलम कुमारी एवं अनु कुमारी चुने गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में पंकज कुमार लेखापाल, ओमप्रकाश गुप्ता बीसीएम,फ़ैज़ अकरम जान, लोकेश वर्मा, मार्लिन मिंज, सुनीता कुमारी, वीणा कुमारी, वर्षा मुखर्जी, रंजु कुमारी, प्रीति कुमारी शामिल हैं। नव चयनित संघ नेताओं ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे।

## शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड की पौथू थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर 27 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि बीती रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम ईटार में छापेमारी की। यहां से 12 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद की गई। मौके से ईटार निवासी प्रदीप कुमार, पिता स्व. गोपीचंद चौहान तथा रोहन कुमार, पिता स्व. रविन्द्र चौहान को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पुलिस ने ग्राम अंछा में भी छापेमारी कर 15 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब और शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मुन्ना कुमार गुप्ता बने रफीगंज जदयू के नगर उपाध्यक्ष




**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के कलाली मोड़ स्थित अनविका फाइनेंशियल सर्विसेज के कार्यालय में जदयू के जिला महासचिव विकास कुमार यादव के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने केक काटकर विकास कुमार यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कलाली मोड़ निवासी बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के पुत्र मुन्ना कुमार गुप्ता ने दर्जनों समर्थकों के साथ जनता दल (यू) की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने उन्हें जदयू का नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया। नगर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मुन्ना कुमार गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विनय सिंह, उमेश पासवान, भोला चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, विजय विश्वकर्मा, अशोक मेहता सहित कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## चरकावां में चला स्वच्छता अभियान

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड की चरकावां ग्राम पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में गुरुवार को मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री विष्णु नगरी चरकावां युवा क्लब के माध्यम से किया गया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ छात्रों को स्वच्छता, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक सत्यम शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल घर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि गली-मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध बेहतर स्वास्थ्य से है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र प्रसाद ने स्वच्छता के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्वच्छता अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

# वार्ड सदस्यों के हस्तक्षेप के बाद चौराही पंचायत भवन में दोबारा हुई ग्रामसभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगबाद)**। प्रखंड के टाल ग्राम पंचायत में ग्रामीणों और वार्ड सदस्यों की शिकायत के बाद गुरुवार को चौराही पंचायत भवन परिसर में दोबारा ग्रामसभा आयोजित की गई। इससे पहले 23 सितंबर को ग्रामीणों और कुछ वार्ड सदस्यों को बिना सूचना दिए मुखिया, पंचायत सचिव एवं आवास सहायक द्वारा एक कमरे में ग्रामसभा किए जाने की बात सामने आई थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद दर्जनों ग्रामीण और वार्ड सदस्य प्रखंड कार्यालय पहुंचे तथा बीडीओ से शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने पुनः ग्रामसभा आयोजित करने के लिए पत्र जारी किया। इसके बाद गुरुवार को पंचायत भवन परिसर में ग्रामसभा बुलाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण



शामिल हुए और अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे। ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना-प्लस 2024 के तहत सर्वेक्षित परिवारों की प्राथमिकता सूची ग्रामीणों के बीच पढ़कर सुनाई गई। पंचायत सचिव मो. असलम ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे के आधार पर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्राथमिकता सूची तैयार की गई है। ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया नीलम कुमारी ने की, जबकि संचालन पंचायत सचिव मो. असलम ने किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य धनंजय सिंह मुन्ना, आवास सहायक सुमन कुमारी, रोजगार सेवक तारकेश्वर, कार्यपालक सहायक चंदन कुमार, विकास मित्र दिलीप कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक राकेश रौशन, वार्ड सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दाउदनगर महाविद्यालय में एनएसएस पंजीकरण व दीक्षा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर दाउदनगर महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकरण एवं दीक्षा शिविर का आयोजन प्रेमचंद सभागार में किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों से अवगत कराना तथा उन्हें समाज एवं राष्ट्रहित में सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता तथा सामुदायिक विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। नए स्वयंसेवकों को एनएसएस की भावना, अनुशासन एवं सेवा-भावना के साथ कार्य करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) एमएस इस्लाम ने कहा कि दाउदनगर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई सराहनीय कार्य कर रही है। यहाँ के स्वयंसेवक विश्वविद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा से महाविद्यालय की पहचान एवं प्रतिष्ठा को बढ़ाया है।

कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं इसकी भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। टीम लीडर अमित कुमार ने एन एस एस की गतिविधियों को एक लघु चलचित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन लव कुश एवं धन्यवाद ज्ञापन अंकिता कुमारी ने किया।

## कवि दिनकर की इतिहास दृष्टि पर गोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर महाविद्यालय में 'कवि दिनकर की इतिहासदृष्टि' विषय पर गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कार्यक्रम प्रेमचंद सभागार में किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) एमएस इस्लाम ने की। उन्होंने दिनकर के साहित्यिक एवं वैचारिक योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों से उनके साहित्य का अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि दिनकर जी की रचनाएं भारतीय सामाजिक प्रतिबिंब का चित्रण करता है जो आज भी प्रासंगिक है। सहायक प्राध्यापक डॉ. रविन्द्र कुमार ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' के साहित्य, इतिहास-बोध, राष्ट्रचेतना तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# संत रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत विशेष शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगबाद)**। संत रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर संत रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को अनुसूचित जाति बहुल टोलों में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अहियापुर गांव स्थित हनुमान मंदिर के शेड में शिविर आयोजित हुआ।

शिविर का शुभारंभ संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहियापुर पंचायत के मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ने की। उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से गांवों की अंतिम बसावट तक पहुंचकर वंचित लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ



दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं के लिए अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे। हालांकि, कई काउंटरों पर कर्मियों के मौजूद नहीं रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद शिविर में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राशन कार्ड के लिए 15,जन्म मृत्यु के लिए 4,जमीन बन्दोबस्ती के लिए 4,पेंशन, नाली गली, सहित बिजली के लिए एक एक आवेदन पत्र प्राप्त हुए। शिविर के पर्यवेक्षक के रूप में बीईओ रंजीत कुमार को नियुक्त किया गया था। उनके पहुंचने के बाद ऑन द स्पॉट निष्पादन करते हुए एक लाभुक को मृत्यु प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कर्मियों की अनुपस्थिति की शिकायत पर बीइओ ने मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को देने की बात कही। शिविर में कार्यपालक सहायक उपेंद्र गुप्ता, पंचायत सचिव अमित कुमार, विकास मित्र कुसुम कुमारी, किसान सलाहकार धर्मेंद्र कुमार, टोला सेवक महेंद्र राजवंशी, भगवान सिंह, सोनू कुमार, सतेंद्र राम सहित अन्य कर्मियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# एएसआई से एसआई में प्रोन्नति पाने वाले पुलिस पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना में पदस्थापित एएसआई से एसआई पद पर प्रोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को गुरुवार को जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सम्मानित होने वालों में एसआई बबनजीत कुमार, राम अवधेश सिंह, बाल गोविंद मिश्रा, जयप्रकाश बाजपेयी, मृत्युंजय कुमार, राजीव कुमार, संजय पासवान, केशनाथ सिंह, राजेश रंजन, मैनेजर शाह एवं विशाल कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी,



बीपीआरओ अमर पासवान, सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने प्रोन्नति प्राप्त पुलिस पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी के साथ पुलिस सेवा में और बेहतर कार्य करने की उम्मीद है।

# रफीगंज स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग, विधायक ने दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के कलाली मोड़ के पास गुरुवार को स्थानीय लोगों ने विधायक प्रमोद कुमार सिंह से रफीगंज रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग की। लोगों ने 12321/12322 हावड़ा-मुंबई मेल, 14261/14262 एकात्मता एक्सप्रेस तथा 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। इस दौरान सुनील कुमार वर्मा, मुन्ना कुमार गुप्ता, रोहित कुमार, धर्मवीर गुप्ता, दीपक सिंह, संतोष सिंह, एजाज आलम समेत अन्य लोग मौजूद रहे। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने लोगों




को आश्वासन दिया कि रफीगंज रेलवे स्टेशन पर इन ट्रेनों के ठहराव को लेकर जल्द पहल की जाएगी और सभी ट्रेनों का ठहराव कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जदयू महासचिव विकास यादव का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। वहीं मुन्ना कुमार गुप्ता को विधायक प्रमोद कुमार सिंह एवं अन्य नेताओं ने जदयू की सदस्यता दिलाई और माला व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। विकास यादव ने विधायक को अंगवस्त्र, माला एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया।

मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, विनोद कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, रामलायक सिंह, सिंटू सिंह, उमेश पासवान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# तकनीकी समाधान के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद में देश के प्रतिष्ठित नवाचार एवं समस्या-समाधान आधारित कार्यक्रम स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2026 के आंतरिक चयन चरण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ. प्रशांत मणि ने विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के तकनीकी समाधान विकसित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों में रचनात्मक सोच, टीम वर्क तथा समस्या-समाधान की क्षमता का विकास करते हैं, जो विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस आंतरिक चयन चरण में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मुंगेर के रास्ते भागलपुर जाना हुआ आसान, नए रूट पर दौड़ेंगी गाड़ियां

## विक्रमशीला सेतु बंद होने से पहले राहत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** भागलपुर का विक्रमशिला सेतु एक अक्टूबर से निर्माण कार्य के लिए बंद होने जा रहा है। इससे पहले मुंगेर-मिर्ज़ाचौकी फोरलेन परियोजना का टू-लेन चालू होने से भागलपुर जाने वालों को वैकल्पिक रास्ता मिलने जा रहा है। 25 सितंबर से मुंगेर के तेलिया तालाब से एक टू-लेन पर वाहनों का आवागमन शुरू होगा। इससे मुंगेर से भागलपुर की करीब 58 किलोमीटर दूरी लगभग एक घंटे में तय करने का रास्ता आसान होगा। इस मार्ग के चालू होने से पटना, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के जिलों से भागलपुर आने-जाने वाले वाहनों को नया विकल्प मिलेगा। हालांकि, शुरुआत में वाहन फोरलेन की पूरी सीधी लाइन पर नहीं चलेंगे। तेलिया तालाब से सर्विस लेन के जरिए वाहनों को फोरलेन पर प्रवेश कराया जाएगा। पटना और उत्तर बिहार से नवगछिया के रास्ते भागलपुर जाने वाले वाहन अब श्रीकृष्ण सेतु पार कर तेलिया तालाब पहुंचेंगे। इसके बाद नए मार्ग से भागलपुर की ओर जाएंगे। ऐसे में श्रीकृष्ण सेतु और मुंगेर-तेलिया तालाब मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ने की संभावना है।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार से मुंगेर-भागलपुर के बीच एक लेन पर परिचालन शुरू हो जाएगा। फोर लेन के दोनों लेन पर मुंगेर-भागलपुर के बीच नवंबर के पहले सप्ताह में आवागमन बहाल होने की उम्मीद है। तेलिया तालाब में बने रहे ओवरब्रिज का निर्माण तेजी से चल रहा है।

### श्रीकृष्ण सेतु बनेगा वैकल्पिक रास्ता

विक्रमशिला सेतु बंद होने की स्थिति में पटना, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर सहित उत्तर बिहार के अन्य जिलों से भागलपुर जाने वाले वाहनों को मुंगेर होकर नया विकल्प मिलेगा। मुंगेर श्रीकृष्ण सेतु पार करने के बाद वाहन तेलिया तालाब पहुंचेंगे। यहां से सर्विस लेन के जरिए मुंगेर-मिर्ज़ाचौकी फोरलेन पर प्रवेश कर भागलपुर की ओर बढ़ सकेंगे। मुंगेर से भागलपुर की दूरी करीब 58 किलोमीटर है। नया मार्ग पूरी तरह संचालित होने पर करीब एक घंटे में सफर पूरा करने की राह आसान होगी। विक्रमशिला सेतु के बंद रहने के दौरान इस मार्ग की उपयोगिता और बढ़ जाएगी। पटना से नवगछिया होते हुए भागलपुर जाने वाले वाहनों के लिए भी मुंगेर होकर जाने का विकल्प रहेगा।

बेगूसराय और उत्तर बिहार की ओर से आने वाले वाहन श्रीकृष्ण सेतु पार कर तेलिया तालाब पहुंचेंगे और वहां से फोरलेन पर आगे बढ़ेंगे।

### कोसी-सीमांचल के जिलों को भी मिलेगा फायदा

नए मार्ग का लाभ केवल मुंगेर और भागलपुर तक सीमित नहीं रहेगा। खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा सहित कोसी-सीमाचंल क्षेत्र के जिलों भागलपुर जाने वाले छोटे वाहनों को भी वैकल्पिक रास्ता मिलेगा। मोकामा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए फिलहाल सफियाबाद होते हुए तेलिया तालाब पहुंचने की व्यवस्था रहेगी। इसके बाद सर्विस लेन से फोरलेन पर प्रवेश कर भागलपुर की दिशा में जाना होगा।

### फोरलेन लाइन के लिए करना होगा इंतजार

25 सितंबर से आवागमन शुरू होने के बावजूद वाहनों को अभी फोरलेन की पूरी तैयार सीधी लाइन नहीं मिलेगी। निर्माण कार्य की स्थिति के अनुसार कई स्थानों पर सर्विस लेन और कनेक्टिंग हिस्सों से वाहनों को गुजारा जाएगा। मुंगेर से भागलपुर के बीच कई जगह डायवर्जन भी रहेगा। यानी रास्ता खुलेगा, लेकिन सफर अभी निर्माण के बीच से होकर गुजरेगा। विक्रमशिला सेतु बंद होने से पहले शुरू हो रहा यह टू-लेन मुंगेर और भागलपुर के बीच संपर्क का नया विकल्प बनेगा। पहले फ़ेज में मुंगेर से भागलपुर के लिए फोर लेन पर परिचालन शुरू नवंबर तक होगा।

# रेलवे कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना, 10 साल की नौकरी पर मिलेगी पक्की पेंशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मंत्रालय ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम के नियम जारी किए। ये नियम नेशनल पेंशन सिस्टम वाले रेलवे कर्मचारियों पर लागू हैं। 10 साल की सेवा पूरी होने पर कम से कम 10 हजार रुपए पेंशन मिलेगी। 25 साल की सेवा पूरी करने पर कर्मचारी को पूरी पेंशन मिल सकती है। 20 साल की सेवा पर वीआरएस लेने की भी छूट है। रेलवे बोर्ड ने ये नियम 16 सितंबर को अधिसूचित किए। ये गैजेट में छपने की तारीख से लागू हो गए हैं। नियम उन कर्मचारियों पर लागू हैं जो 1 जनवरी 2004 या उसके बाद नियुक्त हुए। इनमें से जो यूपीएस चुनेंगे, उन्हीं पर ये नियम लागू होंगे। 1 अप्रैल 2025 को जो कर्मचारी एनपीएस में थे, उन्हें तीन महीने में आवेदन करना था। सरकार चाहे तो यह समय सीमा बढ़ा सकती है। 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद जॉइन करने वाले कर्मचारी जॉइनिंग पर विकल्प चुन सकते हैं। इसके लिए 30 दिन में आवेदन देना होगा। तय समय में विकल्प नहीं चुना तो कर्मचारी एनपीएस में ही रहेगा।यूपीएस में 10 साल की सेवा पर न्यूनतम पेंशन तय की गई है। यह रकम कम से कम 10 हजार रुपए है। 25 साल की सेवा पूरी होने पर पूरी पेंशन का प्रावधान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह रकम औसत बेसिक पे का 50 प्रतिशत होगी। यह औसत रिटायरमेंट से पहले के 12 महीनों का लिया जाएगा। मान लीजिए औसत बेसिक पे 40 हजार रुपए है। तब पेंशन 20 हजार रुपए बनेगी। यह सिर्फ समझाने के लिए उदाहरण है। 10 से 25 साल के बीच पेंशन कैसे तय होगी, यह विस्तृत अधिसूचना से साफ होगा। कम सेवा वाले कर्मचारियों के लिए न्यूनतम पेंशन का प्रावधान राहत की बात हो सकती है। यूपीएस में कर्मचारी और सरकार दोनों पैसा जमा करते हैं। कर्मचारी अपनी मासिक सैलरी का 10 प्रतिशत जमा करेगा। सरकार भी हर महीने सैलरी का 10 प्रतिशत कर्मचारी के निजी खाते में डालेगी। गणना में बेसिक पे और मंजूर महंगाई भत्ता जुड़ेगा। मेडिकल अफसर के मामले में नॉन-प्रैक्टिसिंग भत्ता भी गिना जाएगा। सरकार समय समय पर यह प्रतिशत बदल भी सकती है। यह रकम कर्मचारी के निजी खाते में जमा होती रहेगी। वेतन बांटने वाले अधिकारी को हर महीने 20 तारीख तक बिल भेजना होगा। 25 तारीख तक ट्रांसफर आईडी बनानी होगी। महीने के आखिरी कार्यदिवस तक रकम ट्रस्टी बैंक में पहुंचनी चाहिए। रेलवे कर्मचारी 20 साल की नियमित सेवा के बाद वीआरएस ले सकते हैं। इसके लिए नियुक्ति अधिकारी को तीन महीने पहले लिखित नोटिस देना होगा। 25 साल पूरे होने से पहले वीआरएस लेने पर आनुपातिक गारंटी पेआउट मिलेगा। 25 साल की योग्य सेवा के बाद वीआरएस लेने पर पूरा पेआउट मिलेगा। हालांकि वीआरएस लेते ही पेंशन तुरंत शुरू नहीं होगी। इस्तीफा देने पर आमतौर पर गारंटी वाला पेआउट खत्म हो जाता है। ऐसे में कर्मचारी के निजी खाते की रकम एकमुश्त दी जाएगी। यूपीएस चुनने वाले कर्मचारी को एक बार एनपीएस में लौटने की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा हर हाल में नहीं मिलेगी। रिटायरमेंट से पहले के आखिरी 12 महीनों में स्विच नहीं हो सकेगा। वीआरएस की तय तारीख से तीन महीने पहले भी रोक रहेगी। विभागीय या न्यायिक कार्रवाई लंबित हो तो भी यह विकल्प नहीं मिलेगा। नौकरी से हटाए गए कर्मचारी भी इसके हकदार नहीं होंगे।

# बार एसोसिएशन में सभी नौ पदों के लिए नामांकन खत्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर।** जगदीशपुर बार एसोसिएशन का नामांकन 21 सितंबर से लेकर 23 सितंबर तक समापन हो गया वहीं 24 सितंबर को स्क्रूटनी होना है और इस चुनाव की तारीख 30 सितंबर को है और उसी दिन मतगणना भी होनी है यह चुनाव सभी नौ पदों पर हो रहा है और सभी नौ पदों पर उम्मीदवार अपना अपना भाग्य आजमा रहे हैं इसके अलावा अधिवक्ताओं को अपनी ओर खींच रहे हैं लेकिन अधिवक्ता भी कह रहे हैं कि हमारे



बार एसोसिएशन का जो संपूर्ण विकास करें हमारी और जो ध्यान दें वही हमारे बार के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष या अन्य पद पर सुशोभित हो सकता है। आपको बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अधिवक्ता अनिल कुमार चौबे के अलावा अधिवक्ता जयकांत दुबे ने नामांकन किया है वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए राकेश पाठक, मारकंडेय सिंह, सुरेंद्र सिंह उर्फ राम जी सिंह सहित अन्य लोगों ने नामांकन किया है वहीं संयुक्त सचिव के लिए मनोज सिंह ने नामांकन किया है, उसके अलावा महासचिव पद के लिए विंध्याचल पाठक, महासचिव पद के लिए अश्विनी कुमार सिंह सहित कई लोगों ने नामांकन किया द्य वही निर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव के दिन सभी अधिवक्ता अपना अपना परिचय पत्र लेकर ही आएंगे क्योंकि चुनाव निष्पक्ष होगा

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें : डॉ. सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को भाजपा और केंद्र सरकार के प्रभाव में चलाया जा रहा है और इससे संविधान, लोकतंत्र तथा मताधिकार प्रभावित हो रहा है। यह बयान ऐसे समय आया है जब एक रिपोर्ट में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी द्वारा 10 महीने में



विभिन्न फैसलों पर 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज किए जाने की बात सामने आई है। चुनाव आयोग ने हालांकि इन रिपोर्टों पर कहा है कि सदस्यों के बीच विचारों में अंतर सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है और एसआईआर समेत आयोग के फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं। डॉ. पासवान ने आरोप लगाया कि बिहार में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण के जरिए लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया गया। उन्होंने कहा कि राजद समेत विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया तथा तेजस्वी प्रसाद यादव और राहुल गांधी ने मतदाता अधिकार यात्रा निकाली। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए भाजपा को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। डॉ. पासवान ने मांग की कि ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में हुए चुनावों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए और प्रभावित राज्यों में पुराने मतदाता सूची के आधार पर पुनः चुनाव कराया जाए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से मामले में स्वतः संज्ञान लेकर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की अपील की। विपक्षी दलों ने हाल में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े और एसआईआर पर कार्रवाई की मांग की है, जबकि भाजपा और चुनाव आयोग ने आरोपों को खारिज किया है

# शिविर में 65 पशुओं की जांच

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सदर प्रखंड के चौरिया में इफको द्वारा पशु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर प्रखंड के पशु चिकित्सक डॉ अतिस कुमार, पारा पशु चिकित्सक जयप्रकाश कुमार, एसएफए राज पाठक, राहुल कुमार, विक्रम कुमार, पंचायत प्रधान अनिल कुमार सिंह सहित पंचायत के किसान उपस्थित रहे। पशु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर कार्यक्रम में पशु चिकित्सक द्वारा पशुओ की जांच कर संबंधित बिमारियो की दवा, टीकाकरण और इंजेक्शन दिया गया।

# दिनकर जयंती समारोह में काव्य संग्रह 'रक्षाबंधन नेह के धागे' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर हिन्दी साहित्य के ऐसे दैदीप्यमान रचनाकार थे, जिनकी साहित्यिक प्रतिभा अद्वितीय थी। उनकी रचनाओं में राष्ट्रप्रेम, ओज, वीरता और सामाजिक चेतना का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। दिनकर हिन्दी साहित्य के सच्चे अर्थों में दिनकर थे, जिनकी रचनात्मक प्रतिभा और साहित्यिक योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उक्त बातें समकालीन जवाबदेही पत्रिका के वरीय संपादक डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र ने स्थानीय श्रीकृष्ण स्मारक भवन में प्रो. एस.पी. राय एवं श्रीकृष्ण स्मारक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 118वीं जयंती समारोह के अवसर पर



अध्यक्षीय संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि दिनकर ओज और वीर रस के महान कवि थे। समारोह के मुख्य अतिथि महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने दिनकर को नमन करते हुए कहा कि जीवन में अमिट प्रसिद्धि पाने के दो प्रमुख रास्ते हैं। वरीय साहित्यकार श्री राम राय के कुशल संयोजन एवं युवा साहित्य प्रेमी अविनाश कुमार के संचालन में आयोजित समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र, मुख्य अतिथि सिद्धेश्वर विद्यार्थी, वरिष्ठ कवि लव कुमार सिंह, राम भजन सिंह, धनंजय जयपुरी, अरविन्द अकेला, श्री राम राय, सुषमा सिंह, कौशल किशोर एवं अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रो. एस.पी. राय प्रकाशन द्वारा प्रकाशित एवं वरीय रचनाकार श्री राम राय द्वारा संपादित काव्य संग्रह 'रक्षाबंधन नेह के धागे' का लोकार्पण भी किया गया। समारोह के दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ कवि लव कुश प्रसाद सिंह, श्री राम राय, अरविन्द अकेला, धनंजय जयपुरी, सुषमा सिंह, सुरेश विद्यार्थी, अनुज बेचैन, अनिल कुमार मिश्र, ओमप्रकाश पांडेय एवं आदेश श्रीवास्तव समेत करीब एक दर्जन कवियों एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। हास्य-व्यंग्य से भरपूर प्रस्तुतियों पर सभागार में श्रोताओं ने जमकर ठहाके लगाए। कार्यक्रम के दौरान आगंतुक अतिथियों एवं कवियों को माला, पुस्तक एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में नीलमणि शर्मा, करण जी, डॉ. नागेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शराब तस्करों व असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर जिले में अपराध नियंत्रण, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा शराब तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने बुधवार देर रात सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनकी गहन जांच की। वाहनों की डिक्की, सीटों के नीचे तथा अन्य हिस्सों की तलाशी ली गई। इसके साथ ही वाहन चालकों और संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गई तथा आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई। बिना वैध कागजात वाले वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस अधीक्षक का मानना है कि नियमित वाहन जांच और रात्रि गश्ती से अपराधियों में भय का माहौल बनेगा तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में इस तरह का जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था भंग करने वाले तथा अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, चोरों, शराब तस्करों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में दवाओं एवं ...

सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राज्य स्तरीय कमेटी प्रत्येक मांग की अलग-अलग नियमित जांच के बजाय नमूना आधार पर प्रखंड और जिला स्तर पर की गई समीक्षा की गुणवत्ता, एकरूपता, शुद्धता और जवाबदेही का आकलन करेगी। इसकी बैठक प्रत्येक महीने 15 से 20 तारीख के बीच आयोजित की जाएगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि दवाओं की मांग की समीक्षा केवल कागजी प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए। संबंधित कमेटियों को वास्तविक आंकड़ों, उपलब्ध स्टॉक और जमीनी जरूरतों के आधार पर ही मांग तय करनी होगी। अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के लिए अंतिम सत्यापित मांग तय करते समय 90 दिनों के बफर स्टॉक का भी ध्यान रखा जाएगा। प्रखंड और जिला स्तरीय कमेटियों को गलत, जरूरत से अधिक, अधूरी या बिना उचित कारण के भेजी गई मांग के लिए सामूहिक रूप से जवाबदेह बनाया गया है। सभी स्तरों पर सत्यापित इंडेंट के साथ आवश्यक प्रमाणन भी देना होगा ताकि दवाओं और चिकित्सा सामग्रियों की खरीद वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप हो सके।

### कृषि फीडरों के...

संयंत्र से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने पीएम-कुसुम योजना के तहत कृषि फीडरों के सोलराइजेशन की प्रगति की जानकारी ली और इसे तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को पर्याप्त एवं भरोसेमंद बिजली उपलब्ध कराने के साथ-साथ सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने राजकीय नलकूपों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रबंधन को लेकर स्थायी समाधान की दिशा में कार्य योजना बनाकर कर कार्य करना है। गंगा नदी, कोसी नदी एवं गंडक नदी को व्यवस्थित करना है। इसके दोनों तरफ तटबंधों का मजबूतीकरण करते हुये उस पर फोरलेन सड़क का निर्माण करना है। गंगा,, कोसी एवं गंडक नदी क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों को स्थायी राहत प्रदान करने के साथ-साथ इस क्षेत्र को समृद्ध क्षेत्र बनाना है। कोसी क्षेत्र के शुरूआती 100 किलोमीटर जो विशेष डेंजर जोन है, उस पर डबल शीट पायलिंग करने की आवश्यकता है। नदियों का गाद निकालने से जल संग्रहण एवं प्रवाह क्षमता भी संयमित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी संबंधित विभाग परियोजनाओं की नियमित निगरानी, आपसी समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें ताकि राज्य में जल संसाधन, सड़क कनेक्टिविटी और ऊर्जा क्षेत्र की आधारभूत संरचना को और मजबूत किया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल उपस्थित थे।

### अखबार बिहार के विकास...

जनता और सरकार के बीच बेहतर सेतु के रूप में अपनी भूमिका निभा पा रहे हैं। उन्होंने मंत्री के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बिहार में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित समाचार पत्र राज्य के विकास में अपनी हरसंभव भूमिका निभाने के लिए प्रयासरत हैं। इस अवसर पर दर्जनों हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू समचार पत्रों के प्रकाशक-संपादक तथा वरीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भागलपुर में धूमधाम से मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस समारोह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग (एनएसएस) द्वारा आज राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय विश्वविद्यालय की विज्ञान डीन डॉ रंजना दुबे, छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो अर्चना साह, सिंडिकेट सदस्य डॉ मृत्युंजय सिंह गंगा एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ राहुल कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी श्रीमती पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल भाव राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। इस अवसर पर नईदिल्ली के कर्तव्य पथ पर राष्ट्रपति महोदया को सलामी देकर लौटे इस विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक शानू मिश्रा को मुख्य अतिथियों ने प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों के निरंतर प्रयासों से विश्वविद्यालय की एनएसएस गतिविधियों को बिहार एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। प्रो. अनिरुद्ध कुमार, प्राचार्य बीएन कॉलेज सह सचिव पीबीटीटी कॉलेज ने कहा कि तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की एनएसएस गतिविधियों का भविष्य उज्ज्वल है। पूर्व कार्यक्रम समन्वयक सह प्राचार्य टीएनबी महाविद्यालय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ईमानदारी, सुचिता, मानवता एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाली पाठशाला है।

# महिला आरोग्य समिति की बैठक में परिवार कल्याण पर चर्चा

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महिला आरोग्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर महिलाओं के साथ चर्चा की गई। बैठक में सहयोगी संस्था पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि मृणाल कुमार एवं आशा कार्यकर्ता सुनीता देवी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान परिवार कल्याण के महत्व, परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों तथा स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार के लिए जागरूकता की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

# मारपीट में पिता व पुत्री घायल, मुर्गी को लेकर विवाद

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सलैया थाना क्षेत्र के चेई में एक मुर्गी के बच्चे को लेकर उत्पन्न विवाद में बुधवार की रात लाठी डंडों से जमकर मारपीट हुई जिसमें दो महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर किया गया है। घायलों में चेई निवासी अम्बिका पासवान के पुत्र पंजाबी पासवान, पंजाबी पासवान की पत्नी तेतरी देवी, कासमा थाना क्षेत्र के विशम्भरपुर निवासी राकी कुमार की पत्नी उषा कुमारी, फ़ेसर थाना के आलमपुर गांव निवासी अमरिश कुमार की पत्नी शोभा कुमारी शामिल हैं।

बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला भू–अर्जन शाखा)

परियोजना– औद्योगिक क्षेत्र (बियाडा) के स्थापना।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना संख्या | अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का रकवा (एकड़) | विस्थापित होने वाले परिवारों की सं0 | आवासीय विस्थापन की दशा में देय राशि | अर्जनाधीन क्षेत्र में व्यवसायों की संख्या | अर्जनाधीन क्षेत्र में भूमिहीनों / बेरोजगारों की संख्या | अर्जनाधीन क्षेत्र में अलाभप्रद समूहों तथा अनुसूचित जाति या विकलांग व्यक्तियों की संख्या | अर्जनाधीन क्षेत्र में विस्थापित होने वाले भूमिहीनों, कृषक, मजदूरों की संख्या | विस्थापित होने वाले परिवार की अधिग्रहित की जानेवाली भूमि एवं अंचल सम्पतियों की विशिष्टता | सार्वजनिक उपयोगिता एवं सरकारी इमारतों की संख्या | अर्जनाधीन क्षेत्र में सार्वजनिक आधारभूत सुविधाओं का विवरण जो प्रभावित हो रहे है–जिनके होने की संभावना है, जहाँ की प्रभावित परिवारों की पुनर्व्यवस्थापन कार्य अन्तर्वलित है। | अर्जित की जानेवाली किसी सामान्य सम्पत्ति संसाधनों के विवरण | विस्थापन की दशा में भूमिहीनों के लिए भूमि/गृह निर्माण इकाईयों का प्रावधान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | कुटुम्बा | महसू | 515 | 98.7363 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2 | कुटुम्बा | जौड़ा | 575 | 69.265 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3 | कुटुम्बा | ईरियप | 514 | 57.84 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4 | कुटुम्बा | करमडीह | 576 | 29.65176 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 5 | कुटुम्बा | निरंजनपुर | 494 | 99.76 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 6 | कुटुम्बा | कझापा | 495 | 5.4300 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 7 | कुटुम्बा | सहदेई परसावाँ | 430 | 73.7900 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| | | कुल रकवा– | | 434.473060 | | | | | | | | | | | |

मंतव्य–चूँकि इस परियोजना अन्तर्गत अर्जनाधीन क्षेत्रों में भू–अर्जन के कारण किसी व्यक्ति अथवा परिवार का विस्थापन नहीं हो रहा है। इस परियोजना में अर्जनाधीन भूमि के अन्तर्गत कोई भी सार्वजनिक संरचना यथा, सामुदायिक भवन/सरकारी विद्यालय/पंचायत सरकार भवन/पंचायत भवन आदि अवस्थित नहीं है। अधिसूचना प्रकाशन के उपरान्त निर्धारित 60 (साठ) दिनों की अवधि में किसी भी हितबद्ध रैयत द्वारा पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के बिन्दु पर आपत्ति दाखिल नहीं किया गया है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम–2013 की द्वितीय अनुसूची में वर्णित पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन हकदारी के तत्व अनुमान्य नहीं है।

PR- 012457 (Revenue) 2026-27

समाहर्त्ता
औरंगाबाद

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

# एलएनएमयू कैंपस में गूंजे छात्रहित के नारे

## 17 सूत्री मांगों पर विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ हुई वार्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं, छात्रहित के मुद्दों तथा 17 सूत्री मांगों को लेकर मिथिला स्टूडेंट यूनियन द्वारा गुरुवार को आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष गौतम झा ने किया। बहुउद्देश्यीय भवन से शुरू हुआ प्रदर्शन विभिन्न नारों के साथ एल एनएम यू परिसर पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं एम एसयू के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रहित में ठोस एवं समयबद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय परिसर छात्रहित से जुड़े नारों से गूंजता रहा। प्रदर्शनकारियों ने छात्र संघ चुनाव, इंटर्नशिप, विश्वविद्यालय में पारदर्शिता एवं जवाबदेही, शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार, आधारभूत सुविधाओं सहित 17 सूत्री मांगों को प्रमुखता से उठाया।



प्रदर्शन के उपरांत एम एसयू के प्रतिनिधिमंडल एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच मांगों को लेकर वार्ता हुई। वार्ता में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्र संघ चुनाव 25 से 28 नवंबर के बीच कराने की बात कही गई। वहीं, छात्रों के लिए इंटर्नशिप को बिल्कुल निःशुल्क किए जाने की बात भी सामने आई। एम एसयू ने स्पष्ट किया कि इन विषयों पर केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन को लिए गए निर्णयों को धरातल पर लागू करना होगा। एमएसयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्या भूषण ने कहा कि संगठन का मुख्य एजेंडा भ्रष्टाचार मुक्त विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्रों को किसी भी प्रकार की अनियमितता, अनावश्यक शुल्क, बिचौलियापन अथवा भ्रष्टाचार का सामना न करना पड़े, इसके लिए पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रों से जुड़े मामलों में स्पष्ट प्रक्रिया, समयबद्ध समाधान और शिकायतों के निपटारे की प्रभावी व्यवस्था विश्वविद्यालय की प्राथमिकता होनी चाहिए। संगठन का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की व्यवस्था को बेहतर बनाना और छात्रों को उनका अधिकार दिलाना है। 17 सूत्री मांगों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ हुई वार्ता को आगे की प्रक्रिया की शुरुआत बताते हुए उन्होंने कहा कि अब मांगों के क्रियान्वयन पर नजर रखी जाएगी।

वार्ता एवं प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्या भूषण, अमन सक्सेना, नवीन साहनी, आनंद पासवान एवं मुस्कान मेहता मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने छात्र संघ चुनाव, इंटर्नशिप, शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र सुविधाओं, विश्वविद्यालय में पारदर्शिता एवं प्रशासनिक जवाबदेही सहित 17 सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा की। इस आंदोलन में प्रिया, वर्षा, स्नेहा, सोनी, रजनीश प्रियेदर्शी, आशीष देव, अमन, अमृता, प्रशांत, रजनीश, गोपाल, आदर्श, शिवम, प्रशांत, विक्की, शुभम, मनीषा, अमित, धीरज, नितीश, घनश्याम, पिंटू, प्रतिक, संतोष, रौनक, सत्यम, सूरज, हिमांशु, विश्वनाथ, सिराज, रत्न, मिहिर, नवीन, अमित, जुगनू, रमेश, आनंद, आलोक, शिवम, शाहिल समेत हजारों छात्र-छात्रा शामिल थे।

# दरभंगा में पीएनजी गैस सुविधा का शुभारंभ

## संजय सरावगी और सांसद गोपाल ठाकुर ने की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अध्यक्ष एवं दरभंगा विधायक संजय सरावगी ने गुरुवार को दरभंगा में ऊर्जा गंगा योजना के तहत पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर पीएनजी पहुंचाने की सुविधा का शुभारंभ किया। उन्होंने सांसद गोपाल जी ठाकुर एवं बिहार विधान परिषद सदस्य हरि सहनी के साथ फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया तथा पीएनजी गैस से लाभान्वित परिवारों से मुलाकात कर उनके अनुभव भी जाने। अपने संबोधन में संजय सरावगी ने कहा कि दरभंगा के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। पाइपलाइन के माध्यम से सीधे रसोई तक गैस पहुंचने से अब लोगों को सिलेंडर की चिंता और उसे बदलने की परेशानी से राहत मिलेगी। यह सुविधा परिवारों के दैनिक जीवन को अधिक सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऊर्जा सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के बाद अब पीएनजी की सुविधा रसोई व्यवस्था को और सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति होने से उपभोक्ताओं को नियमित और सुविधाजनक गैस उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किसी भी शहर के विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। दरभंगा में पीएनजी नेटवर्क का विस्तार आम नागरिकों के जीवन में सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ शहर के विकास की गति को भी मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य केवल सुविधाओं का विस्तार करना नहीं, बल्कि आम लोगों के जीवन को अधिक सुगम बनाना भी है। कार्यक्रम के दौरान संजय सरावगी ने पीएनजी सुविधा का लाभ ले रहे परिवारों से बातचीत की और उनसे गैस आपूर्ति एवं उपयोग के अनुभव की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परियोजना के विस्तार और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में भी जानकारी ली। इस अवसर पर बीपीसीएल दरभंगा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट के प्रमुख नीलेश नागवड़े, वार्ड पार्षद विकास कुमार, भाजपा जिला पश्चिमी दरभंगा के कोषाध्यक्ष बबलू पंजियार, बीपीसीएल के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना संघर्षों की जीत : विद्यार्थी परिषद

**जश्न का माहौल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी मिलने पर इउठ्ठ कार्यकर्ताओं ने डंडारी प्रखंड के मोहब्बा गांव में विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया, आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि यह बेगूसराय की शैक्षणिक क्रांति का नया सवेरा है। विद्यार्थी परिषद के वर्षों के संघर्ष का परिणाम है कि सरकार ने 15 करोड़ की प्रारंभिक राशि के साथ विश्वविद्यालय को हरी झंडी दी है। यह जीत हर छात्र और नागरिक की जीत है। जिला एबीवीपी संयोजक वसंत कुमार और पूर्व नगर मंत्री संजीव कुमार ने कहा कि औद्योगिक व सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बेगूसराय को स्वतंत्र विश्वविद्यालय की सख्त जरूरत थी। युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता था। अनुशासित आंदोलन से यह मांग पूरी हुई है। नगर सह मंत्री अनीश कुमार सिंह, मंगलेश मयंक और कला मंच संयोजक सुजीत कुमार ने कहा कि इससे शैक्षणिक अंधकार खत्म होगा और दिनकर के विचारों को वैश्विक मंच मिलेगा। मौके पर डायमंड सिंह, केशव सिंह बादल, मन्नत कुमार, शिवम सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना विद्यार्थी परिषद की जीत : आलोक

**बरौनी।** दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर अभाविप बरौनी इकाई ने कॉलेज में मिठाई बांटकर जश्न मनाया। बेगूसराय विभाग संयोजक सह छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि यह एवीभीपी के कई वर्षों के संघर्ष का परिणाम है। सैकड़ों पूर्व व वर्तमान कार्यकर्ताओं ने इसके लिए लड़ाई लड़ी, आज कैबिनेट ने 15 करोड़ की राशि स्वीकृत कर शुरुआत की मंजूरी दी है। पूरे जिले और प्रांत में खुशी मनाई जा रही है। छात्रा राजनंदनी कुमारी और प्रीति कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय बनने से छात्राओं को सैकड़ों किमी दूर चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, घ्क्के बाद घ्द्धकभी जिले में हो सकेगी।प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक विकास झा ने कहा कि स्थापना का कार्य जल्द धरातल पर दिखे। मौके पर स्वराज कुमार, प्रिंस कुमार, अंकित कुमार, अनुभव कुमार, अनिकेत राज, कोमल कुमारी, श्रद्धा कुमारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पोषण माह की गतिविधियों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिला पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में पोषण माह 2026 के सफल आयोजन एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, जीविका, पंचायती राज विभाग तथा उपभोक्ता एवं खाद्य संरक्षण विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पोषण माह के दौरान जन-जागरूकता हेतु विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों तथा उन गतिविधियों की डैशबोर्ड पर प्रविष्टि की स्थिति की समीक्षा की गई।




जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पोषण संबंधी जागरूकता गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने तथा आयोजित गतिविधियों की समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत प्रविष्टि पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आईसीडीएस विभाग की ओर से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा पोषण ट्रैकर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, व्यय की प्रगति तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। वहीं पोषण माह के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा पोषण माह के दौरान संचालित सभी गतिविधियों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस चांदनी सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

# दिनकर जयंती पर डीएम ने सुनाई रश्मिरथी की पंक्तियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** कला-संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुभारंभ जिलाधिकारी रिची पांडेय ने किया। आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र के छात्र-छात्राओं ने दिनकर की रचनाओं की संगीतमय प्रस्तुति दी, जिसे पुष्कर कुमार, रुपेश कुमार, मंजय कुमार और राजचंद्र ठाकुर ने तैयार कराया था। इसके बाद छपरा की एसोसिएशन फॉर सोशल एंड हारमोनि के कलाकारों ने मो. जहांगीर खान के निर्देशन में 'कुरुक्षेत्र' पर नाट्य मंचन किया। काव्य सत्र में विनीत चौहान, प्रताप फौजदार, नीलोत्पल मृणाल, डॉ. तिषया श्री, अशांत भोला, दीनानाथ सुमित्र, डॉ. सच्चिदानंद पाठक, डॉ. रमा मौसम, डॉ. रंजू ज्योति और स्वाति गोदर ने कविता पाठ किया। इस अवसर पर डीएम रिची पांडेय ने रश्मिरथी की प्रसिद्ध पंक्तियां - ''दो न्याय अगर तो आधा दो, पर इसमें भी यदि बाधा हो, तो दे दो केवल पाँच ग्राम...'' का भावपूर्ण पाठ किया, जिससे माहौल भावुक हो गया। मौके पर उप महापौर अनीता राय, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, वरीय उप समाहर्ता पूजा कुमारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। अंत में जिला कला-संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हर्षोल्लास के साथ मना राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** एम.आर.एम. कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत, लक्ष्य गीत एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार झा ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि 'राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक चेतना जागृत करने का माध्यम है। इस तरह के कार्यक्रमों से सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व की भावना विकसित होती है।' राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए




कहा कि एन.एस.एस. का आदर्श वाक्य 'मैं नहीं, आप' हमें स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के लिए जीना सिखाता है। इसका प्रतीक चिह्न रथ का चक्र हमें निरंतर गतिशील रहने और समाज के कल्याण के लिए आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने एन.एस.एस. के लक्ष्य, उद्देश्य एवं प्रतीक चिन्ह के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इस अवसर पर एक सप्ताह तक साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. शगुफ्ता खानम, डॉ. सुकृति एवं डॉ. नीलम सेन ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की एवं अपना निर्णय दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका राज लक्ष्मी ने किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित कुमार झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ. शाबली मित्रा, डॉ. चित्रा, डॉ. अर्चना, सुफिया फातमी, डॉ. अल्पना कुमारी, डॉ. ममता कुमारी, डॉ. अंजली, डॉ. बबिता कुमारी, डॉ. सुकृति, डॉ. सरिता, डॉ. शगुफ्ता खानम एवं विपुल वर्मा सहित सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### फसल क्षति पर मुआवजा दे सरकार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार ने गंगा बाढ़ से हुई फसल क्षति पर प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा और पशुओं के लिए मुफ्त चारा देने की मांग की है। मोर्चा ने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ मुआवजा देने की बात कर रही है, वहीं दूसरी तरफ आवेदन के लिए सिर्फ 22 से 29 सितंबर तक यानी एक सप्ताह का समय दिया है, ताकि सूचना किसानों तक पहुंचे ही नहीं। मोर्चा ने आवेदन की तिथि कम से कम एक सप्ताह बढ़ाने की मांग की। किसान नेताओं अशोक प्रसाद सिंह, संतोष ईश्वर, मनोज कुमार, रामचरित्र महतो और गणेश चौधरी ने संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि बाढ़ प्रभावित पंचायतों में मुआवजा वितरण के लिए पंचायतों को बेचने की बोली लगाई जा रही है, जिसमें ज्यादा प्रभावित गांव की कीमत ज्यादा लगाई जा रही है, शाम्हो की सबसे ज्यादा है। इस पर रोक लगाने की मांग की गई है।उन्होंने कहा कि चमथा से मुंगेर घाट तक लाखों एकड़ फसल बर्बाद होने से किसानों की कमर टूट गई है।

### अपहृत नाबालिग तमिलनाडु से बरामद

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपहरण के एक पुराने कांड में अपहृत नाबालिग को तमिलनाडु से सकुशल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार भगवानपुर थाना कांड संख्या- 25/23 के मामले में अपहृत किशोरी को लक्ष्मी नगर, तिरुपुर (तमिलनाडु) से बरामद कर थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद किशोरी को न्यायालय में प्रस्तुत करने एवं मेडिकल जांच सहित अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### मूसलाधार बारिश में भी गूंजा गौ सम्मान का संकल्प

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के हर हर महादेव चौक के समीप गौ सम्मान आह्वान अभियान के नंद बाबा पूज्य श्री गोपालानन्द सरस्वती महाराज के बेगूसराय प्रवास पर मध्य मिथिला संभाग स्तरीय सुगोष्ठी आयोजित हुई। उनके साथ बिहार राज्य प्रभारी साध्वी माता भी मौजूद रहीं। बुधवार को 12 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश भी गौभक्तों के हौसले को नहीं रोक सकी।सुगोष्ठी में मटिहानी, बारो-बरौनी सहित विभिन्न प्रखंडों से गौसेवक, गौपुत्र और मातृशक्ति पहुंचे। संबोधित करते हुए पूज्य नंद बाबा ने कहा, 'गौमाता किसी एक संगठन की नहीं, सबकी माता हैं। इसलिए संगठन, जाति और क्षेत्र की सीमाओं से ऊपर उठकर ईमानदारी से जुटें।' उन्होंने अभियान को गांव-गांव, पंचायत-पंचायत तक पहुंचाने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को पटना में बड़े स्तर पर गौभक्त जुटेंगे। गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्ज़ा दिलाने और गौवंश हत्या के खिलाफ कठोर कानून की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जिसे राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा।दुर्गापूजा के दौरान पंडालों में भी अभियान का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया गया। अंत में सभी ने गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए जनजागरण का संकल्प लिया।

### हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के भर्डिया गांव निवासी साजन कुमार हत्याकांड में पुलिस ने एक और प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार भगवानपुर थाना कांड संख्या- 261/26 के प्राथमिक अभियुक्त गौरव कुमार उर्फ गोरखा, 22 वर्ष, पिता हरेराम सहनी, छोटी बगरस वार्ड नंबर 2, थाना भगवानपुर को लखीसराय जिले के कवैया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने बताया कि अभियुक्त से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र के भर्डिया निवासी साजन कुमार की बघैला बहियार में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक की मां आंगनबाड़ी सेविका सविता देवी के फर्द बयान पर कांड दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में पहले ही पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# संत पॉल स्कूल में दिनकर जयंती पर गूंजे राष्ट्रभावना के स्वर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती श्रद्धा और राष्ट्रभावना के साथ मनाई गई। विशेष प्रार्थना सभा में छात्रों ने दिनकर के साहित्य और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा ली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या तनु सौरभ, समन्वयक राम कुमार मिश्रा व वरीय शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच संचालन शिक्षक शशि भूषण ने किया।प्राचार्या तनु सौरभ ने कहा कि दिनकर का साहित्य ओज, वीरता और राष्ट्रीय चेतना का




सशक्त स्वर है। उन्होंने छात्रों से 'रश्मिरथी', 'कुरुक्षेत्र' और 'उर्वशी' पढ़ने का आह्वान किया। प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि दिनकर बिहार की मिट्टी के गौरव हैं और विद्यालय का उद्देश्य छात्रों में साहित्यिक चेतना व राष्ट्रप्रेम विकसित करना है।

# नशे की हालत में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** बखरी पुलिस ने नशे की हालत में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान अलौली थाना क्षेत्र के हरिपुर वार्ड संख्या-5 निवासी लालबहादुर मिश्रा के पुत्र रवि रंजन मिश्रा तथा जयलख शकरपुरा निवासी सुनील कुमार चौधरी के पुत्र छोटू चौधरी के रूप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बखरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि दोनों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया था। जांच के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### साक्ष्य के अभाव में दो अभियुक्त रिहा

**बखरी ( बेगूसराय )।** बखरी थाना कांड संख्या 310/10, धारा 392 आईपीसी से संबंधित मामले में गुरुवार को बखरी एसीजेएम मनोज कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में राज्य बनाम मोहम्मद ओवैस एवं अन्य वाद की सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त मोहम्मद ओवैस और सुल्तान महतो को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। अभियुक्त सुल्तान महतो की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार एवं मोहम्मद ओवैस की ओर से मुजीबुर रहमान अंसारी ने अदालत में पैरवी की। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष को पर्याप्त समय मिलने के बावजूद अभियुक्तों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जाने के बाद अदालत ने दोनों को रिहा करने का आदेश दिया।

# संत रविदास जयंती पर विकास शिविर का आयोजन

## कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** बखरी प्रखंड क्षेत्र के राटन गांव में गुरुवार को संत रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर संत रविदास विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राम शंकर प्रसाद, राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार, राटन की विकास मित्र इंदु देवी के अलावा विकास मित्र संघ के नगर अध्यक्ष विपिन कुमार राम, पंकज कुमार, सुरेश राम, शंकर मोची, रंजीत कुमार, पूनम कुमारी, माला कुमारी, प्रतिभा कुमारी, ममता कुमारी, मीरा देवी, शोभा देवी, नीतू कुमारी देवी, नीलम कुमारी, गुड्डी कुमारी सहित अन्य विकास मित्र उपस्थित थे। मौके पर विकास मित्र संघ के नगर अध्यक्ष विपिन कुमार राम ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभुकों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में आशा देवी, प्रियंका कुमारी, मीना देवी, शकुंतला देवी, सुदामा देवी, राम विनय राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी एकजुटता का रणधीर झा ने किया आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं सोशल मीडिया प्रभारी, ओड़िसा किसान कांग्रेस रणधीर झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों से एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार जैसे जाने कितने लोगों का मोदी इस्तेमाल करते हैं। झा ने कहा कि सेवा के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है, लेकिन इन 25 वर्षों में कई बड़े अफसर और लालकृष्ण आडवाणी जैसे बड़े नेता भी मोदी के यूज एंड थ्रो का शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी को हटाना होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी अब मोदी समर्थक लोग ही सामने आने लगे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए झा ने कहा कि उस समय विपक्ष के पास भी एक अवसर आया था, जिसका उसने सीमित इस्तेमाल किया। उनके अनुसार भाजपा को 240 सीटें मिलीं और उनका दावा है कि 100 से अधिक सीटों पर बेईमानी हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी सीट भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होता तो भाजपा 100 से 140 सीटों के बीच रुक जाती। झा ने कहा कि वर्तमान समय में विपक्ष के लिए इससे भी अधिक अनुकूल माहौल बन गया है। छात्र और युवा पूरे देश में आंदोलित हैं तथा जनता भी हिंदू-मुसलमान के मुद्दे से आगे निकलकर अपनी वास्तविक समस्याओं को महसूस करने लगी है। उन्होंने विपक्षी दलों से आपसी विवाद को कुछ समय के लिए स्थगित कर एकजुट होकर काम करने की अपील की।

# सीएसपी संचालक को गोली मार तीन लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फेसर थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह अपराधियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी संचालक को गोली मारकर करीब तीन लाख रुपये लूट लिये। घटना बद्री बिगहा और पिरौटा गांव के बीच की है। गोली लगने से पिरौटा गांव निवासी कामेश्वर प्रसाद के 32 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार कुरम्हा गांव में बैंक ऑफ बड़ौदा का सीएसपी संचालित करते हैं। गुरुवार की सुबह वह अपने घर से बाइक से सीएसपी खोलने के लिए कुरम्हा जा रहे थे। इसी दौरान बद्री बिगहा और पिरौटा गांव के बीच बाइक सवार अपराधियों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रोक दी। बताया जाता है कि दो अपराधियों ने उनके साथ मारपीट करते हुए रुपये छीनने का प्रयास किया। इसी बीच एक अन्य अपराधी भी मौके पर पहुंच गया। अपराधियों ने सीएसपी संचालक के पास रखे रुपये लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर एक अपराधी ने प्रदीप कुमार की जांघ में गोली मार दी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद अपराधियों ने उनके पास रखे करीब तीन लाख रुपये लूट बाइक से फरार हो गये। पैक्स अध्यक्ष राजू यादव के अनुसार अपराधी सीएसपी संचालक का लैपटॉप और अन्य सामान भी अपने साथ ले गये हैं। गोली लगने के बाद प्रदीप कुमार ने किसी तरह आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। अपराधियों के भागने की दिशा और उनके हुलिये के संबंध में भी जानकारी जुटाई गई। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर गोलीबारी की घटना का गहन निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने घटनास्थल पर मौजूद संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को कांड का त्वरित उद्भेदन करने तथा घटना में शामिल अपराधकर्मियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।



घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी

# ट्रेन से 16 लाख का गांजा बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ऑपरेशन नार्कोस के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नबीनगर रेलवे स्टेशन पर करीब 16 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया है। आरपीएफ नबीनगर पोस्ट और आरपीएफ सीआईबी गया की संयुक्त टीम ने विशाखापत्तनम से बनारस जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के एस-2 कोच से लावारिस हालत में गांजा बरामद किया। बरामद गांजे का कुल वजन 31.892 किलोग्राम है जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख 94 हजार 600 रुपये बताई गई है। आरपीएफ के अनुसार 24 सितंबर की सुबह सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 18523 अप विशाखापत्तनम - बनारस एक्सप्रेस से मादक पदार्थ की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में आरपीएफ नबीनगर एवं सीआईबी गया की टीम ने ट्रेन के नबीनगर स्टेशन पहुंचने पर प्लेटफार्म संख्या-2 पर करीब 5:56 बजे कार्रवाई की। टीम ने ट्रेन के एस-2 कोच की जांच की। इस दौरान कोच में हल्के हरा एवं नीला रंग का ट्रॉली बैग, भूरे-पीले रंग का थैला तथा रंगीन झोला लावारिस हालत में मिला। तलाशी के दौरान इन सामानों में सेलो टेप से लिपटे गांजा जैसे पदार्थ के पैकेट पाए गए। ट्रेन के खुलने का समय होने के कारण सभी सामान को प्लेटफार्म पर उतार लिया गया। इसके बाद मामले की सूचना संबंधित राजकीय रेल थाना सोननगर एवं राजपत्रित अधिकारी को दी गई। सूचना पर नबीनगर के अंचलाधिकारी परीक्षित कुमार आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। उनकी मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान चारों लावारिस बैग एवं झोले से 21 पैकेट गांजा बरामद हुआ। इसका कुल वजन 31.892 किलोग्राम पाया गया। आरपीएफ ने जब्ती सूची तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना सोननगर को सुपूर्द कर दिया। आरपीएफ की शिकायत के आधार पर राजकीय रेल थाना सोननगर में कांड संख्या 48/26, दर्ज किया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20(बी)(ऋ)(सी) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अब जांच टीम यह पता लगाने में जुटी है कि लावारिस हालत में बरामद गांजा किसका था और इसे कहां से लाया जा रहा था।



# पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 36 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर बुधवार की देर रात जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अन्य अवैध सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। अभियान के फलस्वरूप जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 19 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो में एक, हत्या के प्रयास में पांच, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 22 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 306.10 लीटर देसी शराब, दो बाइक, एक ऑटो एवं एक स्कूटी जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 990 वाहनों से 92500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 24 वारंटों एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा 200 लीटर महुआ घोल को विनष्ट किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए पुलिस की सक्रियता के साथ विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

# भीखूभाई दलसानिया को पुनः प्रदेश महामंत्री संगठन बनाए जाने पर संजय सरावगी ने दी बधाई

## संगठन को और मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे भीखूभाई दलसानिया : सुशील कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा भीखूभाई दलसानिया को पुनः बिहार प्रदेश महामंत्री (संगठन) का दायित्व सौंपे जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। संजय सरावगी ने कहा कि भीखूभाई दलसानिया का लंबा संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय जुड़ाव और संगठन के प्रति समर्पण बिहार भाजपा की ताकत रहा है। उन्होंने कहा कि दलसानिया ने अपने कार्यकाल में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भीखूभाई दलसानिया का कुशल मार्गदर्शन और व्यापक संगठनात्मक अनुभव निश्चित रूप से बिहार भाजपा को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। उनके पुनः महामंत्री (संगठन) का दायित्व संभालने से संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का संचार होगा। श्री सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि दलसानिया के निरंतर मार्गदर्शन में बिहार भाजपा संगठनात्मक रूप से और सशक्त होगा तथा जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए समाज के सभी वर्गों तक पहुंचेगा। उन्होंने उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।



संजय सरावगी



भीखूभाई दलसानिया



सुशील कुमार सिंह

# बैटरी लदी पिकअप में लगी भीषण आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून से डिहरी जाने वाले जवाहर सेतु पर गुरुवार की सुबह बैटरी लदी एक पिकअप गाड़ी में अचानक भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रहे ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में पिकअप धू-धूकर जलने लगी। वाहन में आग लगते ही पुल पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बारून पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद पिकअप में लगी आग पर काबू पाया। हालांकि आग की चपेट में आने से पिकअप पूरी तरह जल गई। हादसे के बाद जवाहर सेतु पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। आग बुझाने और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाने के दौरान कुछ समय के लिए यातायात रोकना पड़ा। इसके कारण एनएच-19 पर पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारून थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। फायर ब्रिगेड की सहायता से वाहन में लगी आग को बुझाया गया। इसके बाद दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया गया। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# कमल किशोर बने ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रवक्ता

## मीडिया प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी की भी जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने वरिष्ठ संपादक-पत्रकार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कमल किशोर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी बनाया गया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलने के बाद शुभचिंतकों, पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की ओर से जारी जानकारी के अनुसार कमल किशोर को संगठन में तीन महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में वे संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे जबकि राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर संगठन के विचारों एवं कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा मीडिया प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी के रूप में संगठन की मीडिया गतिविधियों को मजबूती देने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस, औरंगाबाद के महासचिव अजय कुमार वर्मा ने कमल किशोर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कमल किशोर की निर्भीक लेखनी, स्पष्ट विचारों और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें अलग पहचान दिलाई है। संगठन में मिली नई जिम्मेदारी से समाजहित के कार्यों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। बधाई देने वालों में लोक अभियोजक सह वरीय अधिवक्ता अजय कुमार संतोष, पूर्व प्राचार्या डॉ. नीलम रानी, डॉ अनिल सिन्हा, डॉ शीला वर्मा, महेन्द्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, अजय कुमार श्रीवास्तव, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, सूर्यकांत, अमित, गणेश प्रसाद लाल, जदयू नेता विश्वनाथ सिंह, ई. ब्रजेश श्रीवास्तव, डॉ वैभव श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक सिन्हा आदि शामिल हैं।

# गड़बड़ी या अनियमितता की शिकायत मिलने पर करें त्वरित कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा वीसी में शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रधान सचिव द्वारा जिले के विकास कार्यों एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया गया। हर विभाग का प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ताकि सभी योजनाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी की जा सकें। विभिन्न विभागों, कार्यालयों एवं क्षेत्रीय संस्थानों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता की शिकायत मिलने पर उसका त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सभी सरकारी योजनाओं, जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं कार्यालयों का सही एवं सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने हेतु कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। वीसी के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा इन सभी निर्देशों का अक्षरसः पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# जन शिकायतों को लेकर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की निर्धारित सूची के अनुसार विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान परिवादियों की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा संबंधित विभागों एवं लोक प्राधिकारों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के नियमानुसार निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सुनवाई में रमाशंकर द्विवेदी के दाखिल-खारिज से संबंधित लिपिक के विरुद्ध कार्रवाई, सुरंती देवी के जेल में बंद पति की मृत्यु के उपरांत आर्थिक मुआवजा, राकेश कुमार सिंह के दाखिल-खारिज की बजाप्ता नकल, मनोज शर्मा एवं कपिलदेव मेहता के अतिक्रमण हटाने, ओमप्रकाश पांडे के परिमार्जन के माध्यम से खाता संख्या में सुधार, रामचंद्र सिंह यादव के कच्चे रास्ते पर नाली एवं पीसीसी ढलाई, पूजा खातून के आवास योजना के तहत मजदूरी राशि के भुगतान तथा विद्यानंद सिंह के परिमार्जन से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले की तथ्याधारित एवं निष्पक्ष जांच करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि आम नागरिकों को त्वरित प्रशासनिक राहत मिल सके तथा लोक शिकायत निवारण व्यवस्था के प्रति जनसामान्य का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।



# नशीला पदार्थ खाने से अधेड़ की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के उपहारा थाना अंतर्गत हमीदनगर गांव में गुरुवार को एक अधेड़ व्यक्ति की नशीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हमीदनगर गांव निवासी 50 वर्षीय बलिराम मिस्त्री के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आकाश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि बलिराम मिस्त्री ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। उन्होंने बताया कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ज़िले में नए औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार प्रक्रिया में आई तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में औरंगाबाद जिले से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा सम्मिलित हुए। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को राज्य में औद्योगिक विकास हेतु भूमि अर्जन एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। औरंगाबाद में बियाडा अंतर्गत कुल अधिग्रहित रकबाः 436.50306 एकड़ भूमि, कुटुम्बा अंचल के सात मौजों में फैली हुई है। आयुक्त, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन-सह-प्रमंडलीय आयुक्त (मगध प्रमंडल, गया) के आदेशानुसार आर एंड आर योजना की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। आर एंड आर योजना की स्वीकृति उपरांत धारा 18 का प्रकाशन किया जा चुका है। धारा 18 के प्रकाशन के तुरंत बाद धारा 19(1) के प्रकाशन की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। मुख्य सचिव ने बैठक में निर्देश दिया कि भूमि अर्जन एवं अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं को नियत समय सीमा के भीतर पूरा कर औरंगाबाद में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग जल्द से जल्द प्रशस्त किया जाए।

# संवेदनशील क्षेत्रों में बरतें विशेष सतर्कता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरूवार को राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ विधि-व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में विभिन्न जिलों में विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर प्रशासनिक एवं पुलिस स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली गई। औरंगाबाद जिले से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा ने बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मुख्य सचिव द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पर्व-त्योहारों के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से आगामी पर्व-त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।



# अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के विरुद्ध अभियान प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुगम एवं नियंत्रित बनाए रखने तथा आमजनों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग के विरुद्ध विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। शहर में मुख्य मार्गों एवं फुटपाथी विक्रेताओं एवं ठेला चालकों द्वारा दुकान लगाने तथा अनियमित रूप से वाहनों की पार्किंग किए जाने के कारण यातायात बाधित होने एवं जाम की स्थिति उत्पन्न होने को देखते हुए प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत शहर के दो प्रमुख मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत पुरानी जीटी रोड में रमेश चौक से सब्जी मंडी होते हुए अदरी नदी तक तथा महाराजगंज रोड में रमेश चौक से रामाबांध बस स्टैंड तक मुख्य सड़क एवं फुटपाथ पर किसी भी प्रकार की दुकान, ठेला अथवा अस्थायी विक्रय स्थल लगाने पर रोक रहेगी। आदेश का उल्लंघन कर पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित स्थलों पर अवैध वाहन पार्किंग की निगरानी की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला प्रशासन द्वारा फुटपाथी विक्रेताओं एवं ठेला चालकों से अपील की गई है कि वे मुख्य मार्गों एवं फुटपाथ को स्वतः अतिक्रमणमुक्त रखें तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। फुटपाथी विक्रेताओं को सर्विस लेन में व्यवस्थित करने की कार्रवाई भी की जाएगी ताकि उनकी आजीविका प्रभावित किए बिना मुख्य सड़क पर आवागमन निर्बाध रखा जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे मुख्य मार्गों पर अनियमित वाहन पार्किंग न करें तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में प्रशासन का सहयोग करें।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

